दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित




गोरखपुर जिले में चार नई नगर पंचायतें बनेंगी, पांच नगर पंचायतों का होगा विस्तार

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार




वर्ष: 02 | अंक: 274 | गाजियाबाद, 21 गुरुवार, जुलाई 2022 | गाजियाबाद से प्रकाशित | मूल्य 1 रूपए | पृष्ठ- 18

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

गेट्स ने अपने ट्वीट के माध्यम से टीकों की 200 करोड़ खुराक दिए जाने की भारत की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी

# भारत के कोविड टीकाकरण अभियान की गति और पैमाना वृहद है -पीएम मोदी

● मोदी ने यह टिप्पणी माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स की ओर से किए गए एक ट्वीट के जवाब में की। गेट्स ने अपने ट्वीट के माध्यम से टीकों की 200 करोड़ खुराक दिए जाने की भारत की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी थी।



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान की गति और पैमाना वृहद है।साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने विज्ञान के प्रति उल्लेखनीय विश्वास जताया और समयबद्ध तरीके से टीकों की खुराक ली। मोदी ने यह टिप्पणी माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स की ओर से किए गए एक ट्वीट के जवाब में की।

गेट्स ने अपने ट्वीट के माध्यम से टीकों की 200 करोड़ खुराक दिए जाने की भारत की उपलब्धि पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी थी। गेट्स ने कहा, टीकों की 200 करोड़खुराक देकर एक अन्य मील का पत्थर हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाइयां। कोविड-19 के प्रभाव को समाप्त करने के लिए भारतीय टीका निमार्ताओं और भारत सरकार के साथ जारी साझेदारी के लिए हम आभारी हैं।इसके जवाब में मोदी ने कहा कि इस महामारी के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान की गति औरउसका पैमाना वृहद है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और नर्सों के अलावा कई लोगों के सामूहिक प्रयास से ही यह सफलता हासिल की जा सकी। उन्होंने कहा, साथ ही साथ भारत के लोगों ने विज्ञान के प्रति उल्लेखनीय विश्वास प्रदर्शित किया और समयबद्ध तरीके से उन्होंने टीकों की खुराक ली।

# रानिल विक्रमसिंघे होंगे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति, 134 सांसदों ने पक्ष में किया वोट

रानिल विक्रमसिंघे अभी कार्यवाहक राष्ट्रपति की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं वे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति होंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रायटर्स के मुताबिक, राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि देश काफी मुसीबत की स्थिति में हैं।उन्होंने कहा कि आगे और बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि श्रीलंका में अब तक के सबसे भीषण आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी के बाद लोग सड़कों पर उतर आए और राजनीतिक उथल पुथल तथा देश में फैले अराजकता के माहौल के बीच गोटबाया राजपक्षे ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राष्ट्रपति चुनाव गुप्त



मतदान के जरिए कराया गया।

कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, डलास अल्हाप्पेरुमा और वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को सांसदों ने राष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवारों के रूप में प्रस्तावित किया था। किसी भी उम्मीदवार को चुनाव जीतने के लिए देश की 225 सदस्यीय संसद में 113 से अधिक मत हासिल करने की जरूरत थी।1978 के बाद पहली बार गुप्त मतदानएसएलपीपी के अध्यक्ष जी एल पीरिस ने मंगलवार को कहा था कि सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) पार्टी के अधिकतर सदस्य इससे अलग हुए गुट के नेता अल्हाप्पेरुमा को राष्ट्रपति पद के लिए और प्रमुख विपक्षी नेता सजित प्रेमदासा को प्रधानमंत्री पद के लिए चुने जाने के पक्ष में हैं। रानिल विक्रमसिंघे का मुकाबला अल्हाप्पेरुमा और जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके से था। अल्हाप्पेरुमा सिंहली बौद्ध राष्ट्रवादी हैं

# मोहम्मद जुबैर को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने यूपी में दर्ज केस दिल्ली ट्रांसफर किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में कई एफआईआर का सामना कर रहे मोहम्मद जुबैर को आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने जुबैर को यूपी में दर्ज सभी एफआईआर में अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने यूपी के सभी केस दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को ट्रांसफर कर दिए हैं। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, सूर्य कांत और ए एस बोपन्ना की बेंच ने यह भी कहा कि जुबैर के पिछले ट्वीट्स को लेकर दर्ज किसी नई एफआईआर में उनकी गिरफ्तारी नहीं होगी।

वेबसाइट ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक जुबैर को गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर और चंदौली में दर्ज मामलों में राहत मिली है। कोर्ट ने 20 हजार के निजी मुचलके पर जमानत का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेल बांड दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में भरा जाए। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जुबैर को आज ही शाम 6 बजे से पहले रिहा कर दिया जाए।बहस के दौरान क्या बोली यूपी सरकार की वकीलसुनवाई के दौरान यूपी सरकार की वकील गरिमा प्रसाद ने एफआईआर रद्द करने की जुबैर की मांग का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा, जुबैर पत्रकार नहीं है। खुद को फैक्ट चेकर बताता है। जान-बूझकर नफरत फैलाने वाली सामग्री ट्वीट करता है। उसे जहरीले ट्वीट के लिए पैसे मिलते थे। उसने खुद माना है कि 2 करोड़ रुपए तक मिले हैं।

# विभागों में तबादलों पर मचे हंगामे के बीच सीएम योगी की मंत्रियों को सख्त नसीहत, कहा- स्टाफ पर आंख मूंद कर ना करें भरोसा

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तबादलों पर मचे हंगामें के बीच अब एक्शन शुरू हो गया है। पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने तबादलों के विवाद में ओएसडी अनिल पांडेय को हटाया था। उसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के विभाग अध्यक्ष मनोज गुप्ता, प्रमुख अभियंता नियोजन राकेश सक्सेना और वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर शैलेंद्र यादव निलंबित कर दिया था। अब उन्होंने मंत्रियों को भी सख्त नसीहत दी है। सीएम योगी ने कहा, मंत्री अपने ऑफिस के किसी भी निजी और अन्य



स्टाफ पर आंख मूंद कर भरोसा नहीं करें। मंत्री अपने ऑफिस और घर के सभी स्टाफ पर सख्त नजर रखें। उन्होंने ध्यान रखने की जरूरत है कि ऑफिस

> उत्तर प्रदेश में तबादलों पर मचे हंगामें के बीच अधिकारियों पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्शन लिया है। इसके बाद अब सीएम ने मंत्रियों को भी सख्त नसीहत दी है।

के स्टाफ क्या कर रहे हैं। मंगलवार को इस ट्रांसफर विवाद के बीच लखनऊ स्थित लोक भवन में एक बैठक के दौरान सीएम योगी ने ये बातें कही है। जल्दबाजी में नहीं करें ऐस सीएम ने बैठक के दौरान नसीहत देने के बाद कहा, सभी मंत्रियों को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करने की जरूरत है। सरकार में किसी भी तरह के भ्रष्टचार और अनियमितता की किसी भी एक घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्रियों से सीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी फाइलों पर जल्दबाजी में दस्तखत नहीं करें। किसी भी फैसले को लेने से पहले मेरिट को आधार माना जाना चाहिए।बता दें कि यूपी कई विभागों में बीते दिनों ट्रांसफर हुए हैं। इसके बाद ट्रांसफर में कई जगहों पर गड़बड़ियों की शिकायत मिली थी। जिसके बाद सरकार की जमकर आलोचना हुई। अब सीएम योगी ने इस ट्रांसफर विवाद पर अपना सख्त रुख दिखाया है।

## एकनाथ शिंदे कैंप ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विद्रोही समूह ने चुनाव आयोग से संपर्क कर अपने गुट की पहचान ह्यशिवसेनाह्ल के रूप में करने की मांग की है. शिवसेना के 19 में से 12 सांसदों ने शिंदे खेमे के प्रति अपने समर्थन की बात कहने के कुछ घंटे बाद यह कदम उठाया और मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा कि उनके समूह के नेता राहुल शेवले और चीफ व्हिप भावना गवली होंगीनाम न छापने की शर्त पर शिंदे खेमे के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा, ह्यशिंदे सर ने मंगलवार शाम दिल्ली में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने समूह की ओर से पत्र सौंपा। पत्र कहता है कि कैसे हमारे पास शिवसेना के विधायकों और सांसदों का बहुमत है, हमारे पास एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी है, इसलिए हमें आधिकारिक शिवसेना के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

# राहुल की अगुवाई में विपक्षी दलों ने महंगाई को लेकर संसद परिसर में धरना दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने महंगाई और कई जरूरी खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाए जाने के विरोध में बुधवार को संसद भवन परिसर में धरना दिया।



इन सांसदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इन लोगों ने एक बैनर भी ले रखा था जिस पर गैस सिलेंडर की तस्वीर थी और लिखा था 'दाम बढ़ने से आम नागरिकों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, वे कैसे जीवन यापन करेंगे' कुछ सांसदों ने अपने हाथों में तख्तियां भी ले रखीं थीं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अलावा राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, तेलंगाना राष्ट्र समिति के नमा नागेश्वर राव एवं के. केशव राव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के हसनैन मसूदी, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर और कई अन्य विपक्षी सांसद इस धरने में शामिल हुए।

## लखनऊ और कानपुर में जमकर हुई बारिश, अब राज्य के सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई है। इस बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। बीते कई दिनों से यहां लोग गर्मी से जहां लोग गर्मी से परेशान थे। बारिश को लेकर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही अलर्ट किया था। लखनऊ में बुधवार को जोरदार बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। वहीं भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली तो वहीं दूसरी ओर शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। इस जलभराव के कारण शहर में जगह-जगह गाड़ियों का जाम भी लग गया।

# यूपी के मंत्री दिनेश खटीक के इस्तीफे पर मायावती बोलीं- 'दलित मंत्री की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण'

● मायावती ने यूपी के मंत्री दिनेश खटीक के इस्तीफे के बाद कहा कि दलितों की उपेक्षा निंदनीय है। उन्होंने यूपी सरकार को दलितों की सुरक्षा करने और सम्मान देने की सलाह दी।

एजेंसी

**लखनऊ।** यूपी के योगी सरकार के एक मंत्री के इस्तीफे ने जैसे राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। जल शक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने इस्तीफा देते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं जिसकी न केवल सत्ता के गलियारे में बल्कि विपक्ष में भी चर्चा हो रही है।

विपक्ष ने इस मुद्दे पर बीजेपी को घेरना शुरू कर दिया है। पूर्व सीएम और



बसपा प्रमुख मायावती ने बीजेपी को दलितों की उपेक्षा करने वाला करार दिया है। बता दें कि दिनेश खटीक दलित समाज से आते हैं

दलितों की उपेक्षा निंदनीय - मायावतीमायावती ने ट्विटर के जरिए इस मुद्दे पर अपनी राय जाहिर की और दलित मंत्री की उपेक्षा के आरोप लगाए। उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश बीजेपी मंत्रिमंडल के भीतर भी दलित मंत्री की उपेक्षा अति-निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण। ऐसी खबरें राष्ट्रीय चचाओं में। सरकार अपनी जातिवादी मानसिकता व दलितों के प्रति उपेक्षा, तिरस्कार, शोषण व अन्याय को त्याग कर उनकी सुरक्षा व सम्मान का ध्यान रखने का दायित्व जरूर निभाए।'

### दिनेश खटीक का इस्तीफा, विपक्ष के लिए मौका

योगी आदित्यनाथ सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने वाले विपक्ष को दिनेश खटीक के इस्तीफे ने विरोध का एक और अवसर उपलब्ध करा दिया है। मायावती से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रालोद ने भी बीजेपी को दलित विरोधी बताया है। अखिलेश यादव ने तो तंज मारते हुए कहा कि 'बुलडोजर कभी उल्टा भी चलता है।' वहीं, रालोद ने कहा कि जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक का इस्तीफा सरकार की दलित विरोधी मानसकिता को दशार्ता है। बता दें कि दिनेश खटीक ने इस्तीफा देते हुए आरोप लगाए हैं कि दलित मंत्री होने के नाते उनके विभाग में उनकी सुनवाई नहीं होती है। उन्होंने सरकारी परियोजना और तबादले में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम चिट्ठी में लिखा, 'जब विभाग में दलित समाज के राज्यमंत्री का कोई अस्तित्व नहीं है तो फिर ऐसी स्थिति में राज्यमंत्री के रूप में मेरा कार्य करना दलित समाज के लिए बेकार है। इन्हीं सब बातों से आहत होकर मैं त्यागपत्र दे रहा हूं।

# 18 टीन घी 60 बोरी ग्लूकोज व 3 ड्रम तेल व 650 लीटर कटटीयो में अबैध तेल बरामद लिए सेम्पल

संयुक्त स्वाट टीम ने कार्यवाही में पकड़ा बड़ा जखीरा, हुई सेम्पलिंग, एक गिरफ्तार

पहल टुडे / मिथुन गुप्ता एटा



एटा। बुधबार, सुबह लगभग 10:00 बजे- एटा मुख्यालय के कोतवाली देहात स्थित विरामपुर पर खाद्य विभाग ने स्वाट विभाग की संयुक्त कार्यवाही में तीस क्विन्टल ग्लूकोज, तीन ड्रम तेल, व 650 लीटर कटटीयो में तेल अठारह घी से भरे टीन के साथ भारी मात्रा में छोटे बड़े ड्रम व बाल्टी पकड़ी गई है। वही यहां इस कार्यवाही में स्वाट टीम ने मालिक को गिरफ्तार कर मौके से धर दबोचा है। समाचार लिखे जाने तक एटा जिला खाद्य विभाग अधिकारी डॉक्टर स्वेता सैनी अपनी टीम में शामिल गजेंद्र सिंह व माल्ती के साथ मौके से सैंपलिंग की कार्यवाही को कराने के लिए भरे हुए सेम्पल को परीक्षण हेतु भेजने की तैयारी कर रही थी! आपको अवगत करा दे कि देहात कोतवाली के चौथे मील स्थित विरामपुर ककरावली पर मुखिबिर की सूचना पर स्वाट टीम को एक नकली घी, दूध की बनाने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर स्वाट टीम ने अविलंब खाद्य विभाग को सूचना से अवगत कराया जिस पर खाद्य विभाग ने मौके पर पहुचते ही संयुक्त कार्यवाही शुरू की जिसमें खाद्य विभाग ने जितेंद्र गोस्वामी पुत्र राजा राम निवासी विरामपुर कोतवाली देहात एटा के यहां तीन ठिकानों पर छापा मारा, जिसमें पुलिस को देख जितेंद्र गोस्वामी ने भाग खड़े होने का प्रयास किया! खाद्य विभाग ने जैसे ही कार्यवाही करना शुरू किया तो परिजनों ने तत्काल प्रमाण पत्रों को दिखाना शुरू कर दिया। दीघर हो कि जितेंद्र गोस्वामी को फसाई (ं२२ं) द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र में दिनांक 26 अगस्त 2017 की तारीख विधमान है जिससे यह भी स्पष्ट सा होता है कि यह काले कारोबार में काफी लंबे समय से लिप्त रहा होगा! यही नहीं खाद्य विभाग द्वारा जारी किए गए इस प्रमाण पत्र की अवधि में इस माह में समाप्ति की ओर है वही प्रमाण पत्र पर यह स्पष्ट अंकित है कि समयावधि खत्म होने से 30 दिन पूर्व ही पुनः उसकी फीस जमा करते हुए लाइसेंस को बचाया जा सकता है।

## सभी राज्यों की सहमति के बाद खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाने का फैसला- सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि गैर-भाजपा शासित राज्यों समेत सभी राज्यों से मंजूरी मिलने के बाद आटा समेत अन्य वस्तुओं पर पांच प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया गया है। दूध, दही और आटा जैसे दैनिक इस्तेमाल के उत्पादों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने को लेकर आलोचनाओं के बीच सीतारमण ने यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य पंजाब, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल ने पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने पर सहमति जताई थी। सीतारमण ने टविटर पर लिखा है कि जीएसटी व्यवस्था से पहले राज्य खाद्यान्न पर बिक्री कर या वैट लगाते थे।

# '100 करोड़ रुपये दो और मंत्री बनो'

विधायक को महाराष्ट्र कैबिनेट में जगह दिलाने का दावा करने वाले 4 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के पुणे में बीजेपी विधायक को मंत्री पद दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत मुंबई क्राइम ब्रांच ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल इन आरोपियों ने पुणे से बीजेपी के विधायक राहुल कुल के पीए से संपर्क कर राहुल को महाराष्ट्र कैबिनेट में जगह दिलाने के नाम पर 100 करोड़ रुपयों की मांग की थी। बीते दिनों महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन हुआ है। नई बनी सरकार में अभी मंत्रिमंडल का गठन होना बाकी है। इस मंत्रिमंडल में कौन होगा फिलहाल इस पर सभी का ध्यान टिका हुआ है। यही वजह है कि इन दिनों पार्टी विधायक नंदनवन (एकनाथ शिंदे का बंगला) और सागर (देवेंद्र



फडणवीस का बंगले) के चक्कर लगा रहे हैं। मंत्रीपद के नाम पर विधायक के साथ हुई धोखाधड़ी की कोशिशमुंबई क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया की इसी बात का फायदा उठाने की कोशिश करते हुए चार आरोपियों ने तीन विधायकों से कैबिनेट में मंत्री पद दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने की कोशिश की। इतना ही नही आरोपियों ने विधायकों को विश्वास में लेने के लिए पहले फोन किया और कहा कि वो दिल्ली से आए हैं और मंत्री साहब ने उनके बायोडाटा के बारे में पूछा है।इस मामले में विधायक राहुल के पीए ओमकार थोरात ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा की 17 जुलाई की रात विधायक आकाशवाणी विधायक निवास पर थे तभी करीबन 12 बजकर 12 मिनट पर उनको एक फोन आया और फोन करने वाले ने खुद का नाम रियाज भाई बताया।

# पल्सर मोटर साईकिल चोरी करने वाला एक शातिर चोर को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक महोदय भगवानपुर के नेतृत्व में टीमो का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तलाश माल मुल्जिमान की पतारसी सुरागरसी करते हुए घटनास्थल तथा आने जाने वाले रास्तो से सी.सी.टी.वी. फुटेज संकलित कर विश्लेषण किया गया जिससे पुलिस टीम को कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप मुखबिर की सूचना पर अभि0 को चोरी की गई मोटर साईकिल पल्सर रंग लाल काला रजि0 न0 वङ17ऊ-1119 के साथ गागलहेड़ी तिराहे से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभि0 को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

**भीषण गर्मी में कावड़ सेवा शिविरों में शिव भक्तों के लिए ठीक से बिजली ना आने को लेकर भाजपा पद अधिकारी/ कर्मचारियों में रोष**

दैनिक पहल टुडे / फाईज अली सैफी



गाज़ियाबाद। सुधर जाएं विद्युत विभाग के अधिकारी वरना उन्हें सुधारने के लिए हमें खड़ा होना पड़ेगा और हम खड़े हो गए तो जिम्मेदार अधिकारियों को नतीजा भुगतना पड़ेगा, यह कहना हैं भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंहल का। जिन्होंने कहा हिंदू आस्था का प्रतीक शिव भक्तों का सबसे बड़ा मेला चल रहा हैं। हरिद्वार से जल लेकर अपने गंतव्य की ओर चलने वाला भोला विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा चलाए जा रहे कॉवड सेवा शिविरों में कुछ देर आराम करने के लिए रुकता हैं। लेकिन, अफसोस दिन छिपते ही सारा शहर अंधकार में डूब जाता हैं। भीषण गर्मी होने के बावजूद विद्युत अधिकारियों द्वारा बिजली गुल कर देने के कारण शिवभक्त परेशान हैं, सेवा शिविरों में कूलर, पंखे में आराम करना तो दूर अंधेरे में बरसात के कारण निकले वाले कीड़े-मकोड़े का डर भी हर समय बना रहता हैं। सिंहल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री बार-बार कह रहे हैं शिव भक्त भोलो को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, लेकिन उसके बावजूद भी विद्युत विभाग के अधिकारियों के कान पर कोई जूं नहीं रेंग रही हैं। ज्ञानेंद्र सिंघल ने कहा किसी भी बड़े कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व समस्त सरकारी विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जाती हैं, पिछले एक महीने से प्रशासनिक अधिकारी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सकुशल समापन कराने के लिए कांवड़ सेवा शिविर संचालकों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन, लगता हैं इन तैयारी, बैठकों से अनजान बिजली विभाग गहरी नींद में सोया हुआ हैं, पता नहीं इस कावड़ यात्रा रूपी महा आयोजन से पूर्व बिजली विभाग के अधिकारियों ने निर्बाध विद्युत सप्लाई के लिए क्या तैयारी की हैं। ज्ञानेंद्र सिंघल ने कहा कल शाम दिन छिपते हीं बिजली विभाग द्वारा बिजली गुल कर देने पर उन्होंने विद्युत कंट्रोल बोर्ड लखनऊ 1912 पर शिकायत की थी, शिकायत करने के मात्र 10 मिनट उपरांत ही विद्युत आपूर्ति चालू हो गई, इससे लगता हैं विद्युत विभाग के अधिकारी जानबूझकर लाइट गुल करके बदतमीजी भरा रवैया अपना रहे हैं। सिंहल ने कहा विद्युत अधिकारी शिव भक्तों के जन सैलाब के संयम की परीक्षा ना ले, शिव भक्तों का यह संयम अगर आक्रोश में बदल गया तो विद्युत विभाग के अधिकारियों को लेने के देने पड़ जाएंगे। आपको बता दें कि कस्बा मुरादनगर में बिजली की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं, हर रोज कहीं ना कहीं फाल्ट बताए जाते हैं और कई-कई घंटे तक बिजली गुल रखी जाती हैं। इतना ही नहीं, हल्की-फुल्की बूंदाबांदी होते ही विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को जुखाम हो जाता हैं और सारी लाइने बंद हो जाती हैं। शिकायत करने पर विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अधिकतर टालम-टोली करते हैं, जब लोगों में आक्रोश बढ़ जाता हैं, तब जाकर बिजली सप्लाई की जाती हैं।

फास्ट ट्रैक

## खराब पड़े हैंडपंप कैसे मुझे जनता की प्यास

हसनपुर(मुबारिजपुर) । ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में पिछले कई महिनो से खराब पड़े हेड पंपो से आमजन पानी पीने को परेशान प्रशासन द्वारा प्यास बुझाने के लिये लगवाये गये इंडिया मार्का हैंड पंप ज्यादातर खराब पड़े हैं। इसके अलावा पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अलग-अलग मोहल्लों में लगाए गए हैड पम्प खराब पड़े हैं। जिससे हैड पम्पों से गांव की हालात खराब है पेयजल व्यवस्था चरमराकर रह गयी है।पंचायत प्रशासन द्वारा गांव की पेयजल आपूर्ति को अलग-अलग मोहल्लों में व्यतीत किया गया व्यवस्था धरी की धरी रह गई है। लेकिन लापरवाही के चलते गांव के चारों कोनों पर खराब हैंड पंप बंद पड़े हैं। लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा टैप वाटर सप्लाई दी जा रही है वो भी पूरी तरह से दूषित पानी उगल रही है। पीने के पानी मे दुर्गंध आ रही है। आरोप है कि वर्षों से सुनवाई की अनदेखी की जा रही हैं।

## पुलिस ने धर-दबोचा एक तस्कर, नशीला पाउडर बरामद



गाज़ियाबाद। एसएसपी मुनिराज के आदेश अनुसार शातिर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना लोनी पुलिस ने अपनी सक्रियता के चलते एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ़्तार किया हैं। पुलिस को इसके पास से 130 ग्राम नशीला पाउडर (अल्प्राजोलम) बरामद हुआ हैं। वहीं, पुलिस को पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम का के पुत्र लाल सिंह निवासी थाना लोनी गाज़ियाबाद बताया हैं। थाना लोनी प्रभारी निरीक्षक अजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी हैं, जोकि नशीले पदार्थ (अल्प्राजोलम) पाउडर की तस्करी किए करता हैं तथा उसे बेचकर अवैध रूप से धन अर्जित किया करता हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इसको जेल भेज दिया हैं।

## महिला आयोग की सदस्य ने मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में राज्य महिला आयोग की सदस्या राजकीय मेडिकल कालेज में निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार मिला। मरीजों को बाहर से दवाएं लिखी जा रही थीं, आपरेशन के नाम पर पांच हजार रुपये लेने की शिकायत मिलने के बाद उनका गुस्सा बढ़ गया। नाराजगी जताते हुए मरीज को दिलासा दिया कि, रुपये वापस कराकर ही जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए कहा कि, लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अव्यवस्थाओं का मिला अंबारराजकीय मेडिकल कालेज में लगातार डॉक्टरों से लेकर पूरे स्टाफ पर आपरेशन के नाम रुपये लेने के अलावा मरीजों को बाहर से दवाएं लिखने के आरोप लगते रहे हैं। मेडिकल कालेज के हालात के बारे में जानने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता बंसल ने आज राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। सबसे पहले महिला वार्ड में पहुंची तो, एक मरीज ने शिकायत की, नार्मल डिलीवरी होने पर भी स्टाफ ने पांच हजार रुपये ले लिये, ये सुनकर सुनीता बंसल का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मरीज से कहा कि, तुमहारे रुपये वापस कराने के बाद ही जाएंगे, तभी एक मरीज को बाहर से दवा लेने जाते देख लिया, उसके पास से दवा की पर्ची भी मिल गई, जिसको लेकर सुनीता बंसल ने अधिकारियों की फटकार लगाई, एक्स-रे रूम के बाहर बैठे मरीजों से बात की तो, उन्होने कहा कि, कई घंटे से एक्स-रे कराने के लिए बैठे हैं। लगातार शिकायते मिलने पर उनका गुस्सा बढ़ गया।

# प्रत्येक घर तिरंगा लगाए जाने के संबंध में डीएम ने धर्मगुरुओ के साथ की बैठक

पहल टुडे - श्याम जी तिवारी



महोबा (ब्यूरो) : जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा लगाए जाने के संबंध में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा लगाए जाने के कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा लगाए जाने के लिए जनपद के धर्मगुरुओं से अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर एवं सहमति से तिरंगा झंडा लगाए जाने के संबंध में अवगत कराया। बैठक में उन्होंने बताया कि सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक गणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों एवं विभिन्न नागरिक संगठनों के सहयोग से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा लगाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा लगाए जाने के कार्यक्रम के साथ तिरंगा झंडा गीत प्रसारित होगा। इसके साथ ही क्षेत्र में व शहर में धर्म गुरुओं के साथ तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़े झंडे को लेकर जागरूकता मार्च का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झंडे को सम्मान पूर्वक घरों में लगाया जाना है तथा कोई भी झंडा जमीन पर गिरे नहीं तथा सूर्यास्त से पहले झंडे को सम्मान पूर्वक उतार कर पुनः अगले दिन लगाया जाएगा उन्होंने निर्देश दिए कि हर घर तिरंगा अभियान के दिनों में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेहतर साफ सफाई कि व्यवस्था व चुना छिड़काव कि व्यवस्था करवाई जाये। उन्होंने कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों, समस्त सरकारी भवनों तथा दुकानों, राशन की दुकानों में भी तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। उन्होंने कहा की ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के सभी घरों, दुकानों, कार्यालय, शिक्षण संस्थाओं आदि स्थानों पर तिरंगा लगाए जाने के संबंध में व्यवस्था करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ हरिचरन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आर.एस.वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार, परियोजना निदेशक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक अदद नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन, पुलिस उपाधीक्षक रुडकी महोदय के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में वर्तमान समय में चल रहे कांवड मेला के दृष्टिगत थाना स्थानीय पुलिस द्वारा कलियर क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलाकर धनौरी रोड सरकारी शौचालय के पास पिरान कलियर से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पिरान कलियर पर अभियुक्त सरफराज उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 328/2022, धारा 4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# कुकुरमुत्ते की तरह बढ़ रहे अस्पताल और क्लीनिक




**डिग्री किसी की चला रहा कोई और अधिकतर अस्पताल मानक विहीन**

दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई

बिलग्राम हरदोई।। बिलग्राम नगर व क्षेत्र में दिन प्रतिदिन कुकुरमुत्ते की तरह फल फूल रहे नर्सिंग होम जिम्मेदार मौन, बिना मानक के नर्सिंग होमों पर कब होगी कार्रवाई ये शायद किसी को नहीं पता है बताया जाता है कि नगर में संचालित अधिकतर हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन भी नही हुए उसके बाद भी धड़ल्ले से संचालित हो रहे हो जिम्मेदार जानकर अनजान बने हुए है। ऐसे फर्जी हॉस्पिटलों में मरीजों का इलाज के नाम पर खूब शोषण होता है सूत्र बताते हैं आशाओं की मिलीभगत से इन अस्पतालों में खूब मरीजों को भेजा जात है और मोटा कमीशन कमाया जाता है। यही नहीं इन हॉस्पिटलों में कई बार लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। अभी हाल ही में सांडी मार्ग पर नए नवेले खुले हॉस्पिटल में ऐसे कई डॉक्टर आपको देखने मिल जाएंगे जो गलत इलाज से लोगों की जान ले चुके हैं यहां तक बताया गया है कि वो फर्जी डाक्टर 11 महीना जेल काटने के बाद फिर नया अड्डा तलाश लिया है और यहां भी इलाज कर रहा है।

# एक अंजान लाश की खबर अंजान फोन कॉल से मिलते ही मदद को आगे आये सीमांचल के लोकप्रिय नेता पूर्व विधायक सह जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम

दैनिक पहल टुडे




किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन) अचानक एक अंजान व्यक्ति ने सीमांचल के लोकप्रिय नेता पूर्व विधायक सह जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम को फोन कर सूचना दी कि मोजीब नाम के व्यक्ति की लाश दिल्ली के लाजपत नगर पुलिस को मिली है। मोजीब दिल्ली में रिक्शा चलाकर गुजारा करते थे उनका मां बाप कोई भी हयात से नहीं है। ठाकुरगंज के अल्ताफ नाम के व्यक्ति ने ये जानकारी मास्टर मुजाहिद आलम को फोन कर के दी थी, अल्ताफ पूर्व विधायक मुजाहिद आलम को सिर्फ जानते ही थे दोनों की कभी मुलाकात नहीं हुई है। लावारिस लाश की जानकारी मिलते ही तुरंत संज्ञान में लेते हुए पूर्व विधायक सह जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष मुजाहिद आलम ने समाज सेवी दानिश अनवर को प्रोसेस में लगाया। अभी दिल्ली एम्स में लाश का पोस्टमार्टम किया जा रहा है जहां अल्ताफ साहब एवं अन्य साथी भी उपस्थित हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृतक मोजीब की लाश को उनके पैतृक गांव पोठिया के पहाड़कट्टा के लिए रवाना किया जाएगा। दिल्ली से पहाड़कट्टा लाने के लिए एम्बुलेंस का खर्च पूर्व विधायक सह जेडीयू प्रदेश उपाध्यक्ष मुजाहिद आलम, पोठिया के पनासी पंचायत के मुखिया सह जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव नवेद आलम उर्फ रॉकी एवं मौधो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कारी मशकुर अहमद वहन करेंगे।

# पुलिस ने पकड़ा चालक, कैंटर सहित लोहे के बक्से बरामद

**अमानत में खयानत कर कैंटर और लोहे के बक्से बेचने की फिराक में था चालक**

दैनिक पहल टुडे / फाईज अली सैफी



गाज़ियाबाद। थाना लिंक रोड पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले एक शातिर अभियुक्त को उस समय गिरफ़्तार कर लिया जब उसके मन में खोट आ गया और वह कैंटर और लोहे के बक्सों को बेचने की फिराक में था। पुलिस को पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम अनंतराम उर्फ सुनील पुत्र जयराम उर्फ श्यामलाल निवासी हरदोई बताया हैं। आपको बता दें कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी अनंतराम ने बताया कि वह कैंटर गाड़ी पर चालक हैं। आरोपी ने बताया कि वह 14 जुलाई को कैंटर गाड़ी में लादे सामान, जोकि 75 टीन के डिब्बे थे, उसको लिंक रोड से साहिबाबाद होते हुए सेक्टर-128 नोएडा गौतमबुधनगर ले जानी थी। इसी बीच रास्ते में आरोपी के मन में लालच आ गया और वह कैंटर गाड़ी और डिब्बों को बेचने की फिराक में लग गया। जिसके दौरान पुलिस ने मुकदमें के अनुसार आरोपी की गिरफ़्तारी कर ली। थाना लिंक रोड प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त गण ने शातिर आना तरीके से अमानत में खयानत करने का कृत्य किया हैं। जिसके संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था और आरोपी की तलाश की जा रही थी। फिलहाल, आरोपी को गिरफ़्तार करते हुए इसके पास से कैंटर और सामान भी बरामद कर लिया हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इसको जेल भेज दिया हैं।

## ग्रामीण आंदोलन करने को तैयार

रहरा(मुबारिजपुर) । पंचायत प्रशासन की लापरवाही की वजह से गांव में काफी दिनों से हैड पम्प खराब पड़े हैं। पेयजल की भारी किल्लत है। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# कांवड मेले के दौरान पुलिस ने 03 अभि0गण को चोरी की योजना बनाते व चोरी के उपकरण सहित किया गिरफ्तार

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा



जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा हरिद्वार शहर में चलाये जा रहे अभियान कांवड मेले के मध्यनजर यात्रियों/ श्रद्धालुओं की जेब काटकर चोरी किये जाने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों/ जेबकतरों आदि की चैकिंग करते हुये प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के निर्देशन में कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस द्वारा घाटों, मन्दिर एवं हरकी पैडी क्षेत्र में प्रतिदिवस चैकिंग की जा रही है। पुलिस टीम मंशादेवी मन्दिर द्वारा दौराने संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुये व चोरी के टोली के सदस्य होना व के कब्जे से अवैध एक- एक अद्द कटर बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। अभि0गण द्वारा बताया कि हम मूल खानाबदोश है चलते फिरते रहते हैं तथा चोरी करने के माहिर हैं। पेट पालने के लिए कथा, सीजन, स्नान एवं मेले, के दौरान मन्दिर एवं भीडभाड में लोगों के बीच में शामिल होकर उनकी जेब काटते हैं तथा मौका मिलने पर उनके पर्स आदि चोरी करते हैं, हम आज भी मंशादेवी मन्दिर के पास में जेब काटने की योजना बना रहे थे, तथा हम ती एक साथ ही वहां जेब काटने के इरादे से आये थे।

**प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वरीय पदाधिकारियों ने भी क्षेत्र भ्रम कर योजनाओं का किया निरीक्षण,निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर होगी समीक्षा**

# किशनगंज के बेलवा पंचायत में क्षेत्र भ्रमण कर क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का डीएम ने किया निरीक्षण,योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने का दिया निर्देश

दैनिक पहल टुडे




किशनगंज, प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने स्वयं बेलवा पंचायत में भ्रमण कर विभिन्न क्रियान्वित योजनाओं का जायजा लिया।साथ ही, जिलाधिकारी किशनगंज के निदेशानुसार अपर समाहर्त्ता, उप विकास आयुक्त,वरीय उप समाहर्त्ता समेत जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने क्षेत्र भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया और विहित प्रपत्र में निरीक्षण प्रतिवेदन डीएम को समर्पित किया है।

मालूम हो कि किशनगंज डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री बेलवा पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्वप्रथम निरीक्षण हेतु पहुंचे और अस्पताल में संचालित ओपीडी,चिकित्सको की उपस्थिति, दवा आपूर्ति आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परिसर में निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बेलवा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11 का निरीक्षण कर सेविका और सहायिका से बच्चो की उपस्थिति ,पोषाहार वितरण आदि की जानकारी लिया। तत्पश्चात उच्च विद्यालय,बेलवा का गहन निरीक्षण किया।विद्यालय में पठन पाठन की व्यवस्था,कक्षा संचालन,बेंच डेस्क उपलब्धता,कक्षा में पर्याप्त रोशनी, एमडीएम की गुणवत्ता को देखा।विद्यालय में बच्चो की सुविधाओ में कमी को देखकर जिलाधिकारी महोदय ने नाराजगी प्रकट कर प्रधानाध्यापक को विकास मद से व्यय कर बेंच डेस्क पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।शिक्षण कार्य को लेकर गंभीर दिखे। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय,छगलिया का भी निरीक्षण किया,मौके पर पठन पाठन संतोषप्रद रहा इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मनरेगा योजनाओं, पीएम ग्रामीण आवास योजनाओं, पीडीएस, पैक्स केंद्र का भी निरीक्षण किया। वार्ड नं 8 स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानकर के स्टॉक की नियमित जांच के बिंदु पर पणन पदाधिकारी(एमओ) को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद की कालाबाजारी के बिंदु पर पैक्स और पीडीएस दुकान पर सघन जांच किया गया। वार्ड नं 7 के पैक्स अध्यक्ष से निरीक्षण के क्रम में डीएम ने जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार, जिला के सभी प्रखंड में पंचायत में पूर्व प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया।निदेर्शानुसार निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है।तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई अपेक्षित है।

फास्ट ट्रैक

## नगर के विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम0 ए0 द्वितीय वर्ष हिंदी की मौखिक परिक्षा 29 को

कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वर्ष 2022 की एम0ए0 हिंदी की व्यक्तिगत परिक्षा आगामी 29 जौलाई को होंगी। जनपद शामली के एस 0ए0 दिव्तीय वर्ष हिंदी व्यक्तिगत के छात्र छात्राओं की मौखिक परीक्षा आगामी 29 जौलाई दिन शुक्रवार को विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कैराना में सम्पन्न होंगी। महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डाक्टर रमेश यादव ने बताया कि सभी छात्र छात्राएं अपने अपने प्रवेश पत्र एवं एम0ए0 प्रथम वर्ष की अंकतालिका साथ लेकर अवश्य उपस्थित हों। परिक्षा में प्रतिभाग करने वाले परिक्षार्थी मास्क लगाकर प्रवेश करें। परिक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र छात्राएं स्वयं उत्तरदाई होंगे।

## भोले की कांवड़ चोरी होने पर हंगामा, दूसरी कांवड़ देकर किया गया रवाना

कैराना। पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर स्थित रॉयल ब्रेक प्वाइंट पर अपनी कांवड़ रखकर आराम कर रहे भोले की कांवड़ चोरी हो गई, जिसके बाद हंगामा हो गया। मौके पहुँची पुलिस ने शिवभक्त को दूसरी कांवड़ उपलब्ध कराई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। कांवड़ चोरी का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। बुधवार को पानीपत मुख्य खटीमा मार्ग पर स्थित रॉयल ब्रेक प्वाइंट पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक कांवड़िए की कांवड़ ही चोरी कर ली गई। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुँची और घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद आनन-फानन में प्रशसन ने दूसरी कांवड़ का प्रबंध कराकर मामले को शांत किया, जिसके बाद भोला आपने गणतव्य की ओर रवाना हो गया। कोतवाली प्रभारी निरिक्षक अनिल कपरवान ने बताया कि कांवड़ चोरी का मामला सीसीटीवी कैमरे कैद हो गया था। पंजीठ निवासी युवक उठाकर ले गया था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया है।

## भीषण गर्मी से बिगड़ी कांवड़िए की हालत,भर्ती

कैराना। धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौट रहे कांवड़िए की भीषण गर्मी के चलते हालत बिगड़ गई। तुरन्त उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। बुधवार को धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे हरियाणा के चरखी दादरी निवासी राजेश शर्मा जैसे ही कैराना पहुँचे तो अचानक भीषण गर्मी के चलते उसकी हालत बिगड़ गई। पहले कांवड़ शिविर सेवा में शिवभक्त को प्राथमिक उपचार दिया गया और बाद में उसी सीएचसी कैराना पर भर्ती कराया गया, जहाँ उसका उपचार किया जा रहा है। साथी सज्जन शर्मा ने बताया कि उल्टी- दस्त होने के कारण भोले की हालत बिगड़ी है। देर रात्रि भी झझर निवासी अमित नामक कांवड़िया उल्टी-दस्त होने के कारण निढाल हो गया था, जिसे पुलिस के सहयोग से सीएचसी पर भर्ती कराया गया था।

## अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी व मोबाइल चुराया

कैराना। दीवार फांदकर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखी हजारों की नकदी व मोबाइल चुराया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग क नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी इस्लाम पुत्र जिंदा ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह परिवार सहित मकान की छत पर सो रहा था कि इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर दीवार फांदकर मकान में घुस गए और अलमारी में रखी 29 हजार रुपये की नकदी एक मोबाइल व आर्टीफिशियल झुमकी सहित अन्य सामान चुरा ले गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अग्रिम ।कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वार्ड - 57 के युवाओं ने हर दिल अजीज व लोकप्रिय नेता पार्षद फज्लुर्रहमान को दिया अपना समर्थन



दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर ,वार्ड - 57 मेहंदी सराय में बिलाल मिर्जा के घर अमजद प्रधान द्वारा की गयी मीटिंग में गली नंबर 5, 6, व 7 के तमाम जिम्मेदार युवाओ ने पार्षद फज्लुर्रहमान को दिया अपना समर्थन। पार्षद फज्लुर्रहमान ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा की आप सब का पूरा मान सम्मान रखा जाएगा। मीटिंग को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सपा नेता हाजी फैजानुर्रहमान ने युवाओ के समर्थन के लिए धन्यवाद कहा, और उनके जोश को सराहा। वरिष्ठ नेता अब्दुल खालिक और साकिब अली ने भी सभा में अपनी बात रखते हुए सभी साथियो का शुक्रिया अदा किया। अमजद प्रधान, शाहिद भाई व बिलाल मिर्जा ने पार्षद पज्लुर्रहमान द्वारा किये गए विकास कार्यों की सरहाना की। रागिब भाई ,अनीस अहमद, बदर बेग, अब्दुल मालिक, इजहार राणा और साजिद भाई मुख्य रूप से मौजूद रहे। शमीम, नौशाद, मानु, गुड्डू, सुब्हान आदि तमामतर लोग उपस्थित रहे।

# नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने नगर निगम जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

- वेंडिंग जोन के लिए अधिकारी पूरी कार्ययोजना प्रस्तुत करें:नगरायुक्त
- जनसुनवाई में सड़क व नाला निर्माण की शिकायतों की रही भरमार



दैनिक पहल टुडे / अशोक शर्मा

सहारनपुर, नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने कर निर्धारण अधिकारी व परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देश दिए है कि महानगर का पूरा सर्वे कर वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि शहर में वेंडिंग जोन कहां-कहां है और कहां बनाये जाने हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार छोटे-छोटे वेंडिंग जोन भी बनाएं। उन्होंने वेंडिंग जोन के सम्बंध में पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।शुगर मिल रोड के कुछ वेंडरों द्वारा आज फिर नगर निगम में जन सुनवाई के दौरान वेंडिंग जोन बनाकर स्थान आवंटन करने की मांग की। इसी संदर्भ में नगरायुक्त ने कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव तथा परियोजना अधिकारी डूडा रजनी सिंह पुंडीर को वेंडिंग जोन पर पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नदीम कॉलोनी की रिहाना ने भी 62 फुटा रोड पर बनाये जा रहे वेंडिंग जोने में ठिया आवंटित करने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि अभी किसी को स्थल आवंटित नहीं किया गया है, जब आवंटन होगा तो समायोजित किया जायेगा। इसके अलावा जनसुनवाई के दौरान सड़क, नाला-नाली निर्माण के अलावा सफाई, पानी निकासी सहित 26 शिकायतें सुनी गयी। वार्ड 26, 41, 9, 25, 6, 46 व 63 सहित अधिकांश शिकायते निर्माण से सम्बंधित रही जिनके सम्बंध में अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ग्यारह शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया ।वार्ड 26 मानकमऊ के चरणसिंह आदि ने मानकमऊ दक्षिण में देव स्थान तक जाने वाले मार्ग को पक्का बनवाने की मांग की। जबकि वार्ड 9 के रामकुमार ने सांवलपुर नवादा श्मशान घाट लकड़ी स्टोर व चारदीवारी आदि निर्माण की मांग की। दोनों मामलों में अवर अभियंताओं को स्थल निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मल्हीपुर रोड आर्यन सिटी निवासी सोमपाल ने नाली की निकासी तथा सड़क बनवाने तथा नवादा रोड फतेहपुर जट की महिलाओं ने पानी निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की।

# रातों को जाग-जागकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर रहे हैं,एसएसपी सहारनपुर

- ना सोयेंगे और ना ही सोने देंगे,कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न करायेंगे
- भारी पुलिस बल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा ने थाना कुतुबशेर से शाहजहांपुर पुलिस चौकी तक किया पेदल मार्च
- एसपी–सिटी,एसपीदेहात, क्षेत्राधिकारी प्रथम,क्षेत्राधिकारी नकुड सहित थाना कुतुबशेर एवम थाना सरसावा प्रभारी भी रहे मोजूद

दैनिक पहल टुडे / अशोक सैनी



सहारनपुर, जनपद के सभी थाना एवम चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पेदल गस्त कर जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने मे सहयोग की अपील करेःडॉ, विपिन टाडा

जैसे जैसे शिवरात्रि महापर्व नजदीक आता जा रहाहै,वैसे-वैसे हरिद्वार से कांवड़ लाने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है ।ऐसे में पुलिस अमला भी अपनी-अपनी डियूटी को बखूबी अंजाम दे रहा है ।और यही नही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर इस कांवड़ यात्रा को लेकर काफी गम्भीर नजर आ रहे हैं,कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न हो यही उनकी मंशा है ।आज छह दिन व्यतित हो चुके है,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा के कांवड़ मार्गों के लगातार निरीक्षण को ।दिन हो या रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लगातार निरीक्षण के साथ-साथ भारी पुलिस बल के साथ कांवड़ मार्गों पर पेदल गस्त कर कांवड़ डियूटी में तेनात पुलिस के जवानो को सख्ती के साथ दिशा निर्देश भी दे रहे हैं ।कल रात भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ थाना कुतुबशेर से चौकी शाहजहांपुर थाना सरसावा तक पेदल मार्च किया इस मोके पर उनके साथ एसपी-सिटी राजेश कुमार सिंह,एसपी-देहात सूरज राय,क्षेत्राधिकारी प्रथम अजेन्द्र यादव,क्षेत्राधिकारी नकुड अरविंद सिंह पुंडिर,थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित,थाना सरसावा प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह सहित भारी पुलिस बल मोजूद रहा ।निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा कांवड़ डियूटी में तेनात पुलिस अधिकारियों एवम कर्मचारियों को सख्ती के साथ निर्देशित किया,कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,उन्होंने साथ ही साथ पुलिस के जवानों को यह भी निर्देश दिए,कि कांवड़ यात्रा में शामिल लोगों से अपना व्यवहार सही रखें एवम उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी करते रहे ।कल रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ,विपिन टाडा थाना कुतुबशेर से शाहजहांपुर पुलिस चौकी तक पेदल मार्च पर रहे तथा रात लगभग 2,30 बजे तक वे कांवड़ मार्ग सरसावा का निरीक्षण करते रहे ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद सहारनपुर की जनता से अपील की है,कि कांवड़ यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें ।उन्होंने साथ ही साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवम चौकी प्रभारियों को सख्ती के साथ निर्देशित किया,कि वह अपने अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पेदल गस्त कर जनता से अपील करे,कि कांवड़ के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें।

## मकान का लेंटर गिरा किसी के लिए रहमत तो किसी के लिए जहमत बन रही बारिश

दैनिक पहल टुडे / अशोक शर्मा

सहारनपुर पुंवारका ब्लॉक के गांव सकलापुरी में बारिश ने एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया। गरीब ग्रामीण सलीम जो कि मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है का दो मंजिला मकान भरभरा कर नीचे आ गिरा और गनीमत रही परिवार मकान गिरने से पहले ही भनक लगने पर बाहर निकल भाग खड़ा हुआ। लेंटर गिरने से पीड़ित का सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान गिरने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण मदद को दौड़ पड़े और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया ।सूचना मिलते ही थाना देहात कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा ले पीड़ित को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सलीम अहमद के दो बेटे व तीन बेटियां हैं जो सभी घर दैनिक कार्यों में व्यस्त थे उसी समय किसी को असामान्य सी आवाज सुनाइ दी जिससे खतरे का आभास हुआ और देखते ही देखते मकान का लेंटर भरभरा कर नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि सलीम का परिवार सुरक्षित बच गया। अब सवाल यह है कि अब बरसात का सीजन है और परिवार मकान गिरते ही खुले आसमान के नीचे आ गया है। ग्रामीणों के अनुसार सलीम का परिवार गरीब परिवार है जो एक ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा कर रहा था जो आज पूरी तरह सड़क पर आ गया है। ऐसे में सलीम के परिवार के सामने सरकारी मदद ही एक सहारा है। ताकि सलीम परिवार को सामान्य रूप से चला सके।



## सावधान:पानी पतासे खाने से हो सकता है केंसर और हो सकती हैं भयंकर बीमारियां

दैनिक पहल टुडे /सुरेंद्र विश्वकर्मा




सहारनपुर ,बड़ागांव क्षेत्र से आपके लिए बेहद बुरी खबर है अगर आप भी मुंह खोल कर पानी पूरी( पानी पतासे ) का शौक फरमाते है पानी पतासे आपको बीमार कर सकते है कि आप सहन नहीं कर पवोगे , जब आपको इसके नुकसान का पता लगेगतो आप भी इसे नही खा पावोगे , कई जगह तो इसे साफ सफाई का हवाला देते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है आपने केंसर का नाम तो सुना ही होगा है आपने पानी पूरी( पानी पतासे )नाम तो सुना ही होगा क्या आपने कभी जाना है कि इन दोनो का कैनकाशन कितना है सकते मे आ जावोगे आप जब पता चलेगा बार बार पानी पतासे खाकर कैसे आप दे रहे है भयंकर बीमारियों को निमंत्रण ।पानी पूरी (पानी पतासा)का लीवर पर खतरनाक असरः जहा इसके नाम से ही आपके मुंह में पानी आ जाता है वही ये आपके लिवर को खत्म करने का काम करती है ऐसा इसलिए होता है कि पानी पूरी वाले बासी चीजे व आर्टिफिशियल रंग मिला कर हरा टेस्टी चटकारे दार पानी आपको मिला कर परोसते है और ये पानी आपकी आंतो के लिए बहुत ही हानिकारक है अगर आप बल्ड प्रेशर के मरीज हो तो न खाए पानी पूरी इसके पानी में बहुत ही ज्यादा नमक का इस्तेमाल किया जाता है इससे आपके शरीर को नुकसान हो सकता है साथ ही पूरी को घटिया रिफाइंड खाद्य तेलों मे तला भुना जाता है और ये केंसर जैसी अन्य कई बीमारियों को खुला निमंत्रण देते हैं आपको प्रोसी जाने वाली पानी पूरी के ठेलो पर बनाई जाने वाली परकिर्या ही ऐसी है कि इसमें गन्दगी कि भरमार रहती है जब ठेले वाला पूरा हाथ पानी में डालता है तो सोचिए कितनी गन्दगी इस पानी मे मिली रहती है इस पानी से आपकी आंतो में इन्फेक्शन व कैंनसर होने की संभावना रहती हैंपानी बनाने का तरीका सबसे खतरनाक : धनिया , पुदीना , चटनी ,अमचूर के स्थान पर पानी में केमिकल व आर्टिफिशियल रग और बासी चीजों का इस्तेमाल किया जाना ,इतना सारा पानी बनाने के लिए और इतने कम दामों मे कोई भी असली चीजों का इस्तेमाल नही कर सकता हैं ये बाजारू कलर आपके शरीर मे जमा होते रहते है और कैंसर की वजह बन जाते है

# खुशहाल परिवार दिवस आज, परिवार नियोजन को लेकर करेंगे जागरूक

**कार्यक्रम में परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए किया जाएगा प्रेरित**

पहल टुडे /साजिद खान

शामली । मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समुदाय स्तर पर परिवार नियोजन को बढ़ावा देने, इसके प्रति जागरूकता लाने और इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में 21 जुलाई (गुरुवार) को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाएगा, जिसमें दंपति को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया खुशहाल परिवार दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन की जागरूकता तथा स्वीकार्यता बढ़ाना है। परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को जिले की समस्त इकाइयों पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाएगा। सीएमओ ने बताया गुरुवार को होने वाले खुशहाल परिवार दिवस में दंपति भागीदारी बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। इसमें शामिल होने के लिए तीन समूहों को प्रोत्साहित किया जाना है। पहले समूह में हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) वाली महिलाएं होंगी। दूसरे लक्षित समूह में नव विवाहित दंपति और तीसरे समूह में ऐसे योग्य दंपति को शामिल किया है, जिनका परिवार पूरा हो गया है। इस विशेष दिन प्रत्येक चिकित्सा इकाई में नए और ऐसे दंपति जिन्हें परिवार नियोजन अपनाना चाहिए, उनको प्रेरित करने के लिए उनकी मुलाकात परिवार नियोजन के स्थायी साधन अपनाने वाले संतुष्ट दंपति से कराकर उनके अनुभव साझा कराए जाएंगे। इसके साथ ही ऐसी महिलाएं जिनका प्रसव एक वर्ष से कम समय में हुआ है और उनकी प्रसव की स्थिति उच्च जोखम गर्भावस्था की रही है, ऐसे जोड़ों को खुशहाल परिवार दिवस पर बुलाकर उन्हें पोषण और परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाएगा। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया - बच्चों के जन्म में तीन साल का अंतर मां और बच्चे को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने के साथ ही मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाता है।

### प्लास्टिक के कट्टे में बंद मिला लड़की का शव

# चचेरे भाई ने ही कर दी 5 वर्षीय बहन की हत्या

**घर में छिपाये रखा 5 वर्षीय लड़की का गर्दन कटा शव। हत्याकांड में प्रयुक्त आला ए कत्ल बरामद।**

पहल टुडे /साजिद खान



कांधला। कांधला थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में उसके चचेरे भाई ने देर शाम अपने ही ताऊ की 5 वर्षीय बहन का गला रेत कर हत्या कर दी। जिससे गांव में सनसनी फैल गई।

ग्रामीणो ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी कांधला पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस गांव खेड़ा कुर्तान पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 5 वर्षीय लड़की शाम के समय घर के बाहर खेल रही थी ।जब वह काफी समय तक घर पर नहीं पहुंच सकी तो पिता को बेटी की चिंता सतानै लगी जब उसने अपनी बेटी के बारे में जानकारी की तों पता चला कि उसका भतीजा ही उसको अपने साथ बराबर में अपने मकान में ले गया था जब उससे पता किया तो उसने बताने से इंकार कर दिया ।शक हो ने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो वह चुप हो गया तभी उसके घर की तलाशी ली गई तो देखा कि एक प्लास्टिक के कट्टे में उसकी 5 वर्षीय लड़की का गर्दन कटा शव बंद था वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक एडिशनल एसपी ओपी सिंह सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्याम वीर मोके पर पहुंचे तथा घटनाक्रम के सम्बन्ध जानकारी की। जहां मृतक लड़की के पिता ने बताया कि उसकी 5 वर्षीय लड़की देर शाम घर के बाहर खेल रही थी जब वह घर नहीं लोटी तो उसे चिंता सतानै लगी ।जब उसने अपने भतीजे से पूछा तो वह घबरा गया और घटना के बारे में जानकारी दी। उसके बाद लड़की के पिता ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी 5 वर्षीय लड़की का गर्दन कटा शव उसके भतीजे के घर में मिला है ।वहीं इस दर्दनाक मौत से परिजनों सहित पूरे गांव में सनसनी फैल गई ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मृतक लड़की के पिता खुर्शीद ने घटना के सम्बन्ध में कोतवाली पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।वहीं एडिशनल एसपी ओपी सिंह ने बताया कि मामले के सम्बन्ध में त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफतार कर लिया जायेगा।

कांधला पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अधीक्षक नगर के कड़े निर्देश पर थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह की शराब माफिया पर बड़ी कार्यवाही

दैनिक पहल टुडे / अजय त्यागी नागल



सहारनपुर ,क थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम का कच्ची शराब माफिया पर चला जोरदार चाबुकवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अधीक्षक नगर के कड़े निर्देश पर थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने आज एक शराब माफिया पर बड़ी कार्यवाही करते हुए कच्ची शराब की भट्टी चलाने वाले शराब माफिया को दो लीटर कच्ची शराब,20 लीटर लहन एवम शराब बनाने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है ।आपको बता दें,कि थाना प्रभारी सूबे सिंह को सूचना मिली,कि सुनहैटी खडखडी-बाबू राम इंटर कालेज के पीछे एक शराब की भट्टी के माध्यम से लोगों में भारी मात्रा में कच्ची शराब बेची जा रही है ।सूबे सिंह ने तत्काल एक टीम का गठन कर टीम को छापेमारी हेतू सूचना वाले स्थान पर भेजा,जहां पर पुलिस टीम को वाकई कच्ची शराब की भट्टी चलते हुए मिली ।पुलिस टीम ने इस कच्ची शराब की भट्टी पर छापेमारी करते हुए एक शराब माफिया पंकज पुत्र प्रीतम गुर्जर निवासी सुन्हैटी खडखडी को कच्ची शराब की भट्टी चलाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया ।थाने के सब इंस्पेक्टर लोकेश कुमार एवम उनके हमराही दल को मोके से दो लीटर कच्ची शराब,20 लीटर लहन एवम शराब बनाने के उपकरणों एक लोहे का ड्रम,एक तसला,1केन प्लास्टिक की,दो कूप एवम एक प्लास्टिक का पाइप बरामद किया,जबकि भट्टी को मोके पर ही नष्ट कर दिया गया ।शराब माफिया का चालान कर जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### अनुसूचित जाति जनजाति सोलर प्लांट योजना अंतर्गत हेतु 20 अगस्त तक करें आवेदन

पीलीभीत। सहायक प्रबन्धक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र पीलीभीत द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु अनुसूचित जाति-जनजाति स्वप्लान योजनान्तर्गत हेतु चार माह का सामूहिक प्रशिक्षण जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र पीलीभीत के माध्यम से चलाया जाना है। प्रशिक्षण हेतु निर्धारित टेंडों इलैक्ट्रिशियन एवं दर्जी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षार्थियों के चयन के सम्बन्ध में 33 प्रतिशत महिलाओं एवं 04 प्रतिशत दिव्यांगजनों का चयन किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल एवं उनकी आयु 18 से 45 के मध्य होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थी आधार कार्ड, पासबुक, दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, एक फोटो, जाति प्रमाण व मोवाइल नम्बर आदि होना चाहिए। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक युवक एवं युवतियां ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदक जनपद का स्थाई निवासी हो। आवेदक का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की अन्तिम तिथि 20 अगस्त 2022 है।

### कुर्सी से उठाने पर अधिवक्ताओं ने किया एसडीएम का घेराव

पूरनपुर। चेंबर में मिलने गए अधिवक्ता को एसडीएम ने कुर्सी से उठा दिया। जानकारी लगने पर साथी अधिवक्ता भड़क गए। उन्होंने एसडीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बातचीत के बाद मामला निपट गया। बुधवार को प्रगतिशील प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री कौशलेंद्र भदौरिया उप जिलाधिकारी से मिलने गए। इस दौरान एसडीएम तहसीलदार से बार्ता कर रहे थे। एसडीएम को व्यस्त देख कौशलेंद्र भदोरिया चेंबर में पड़ी कुर्सी पर बैठ गए। यह बात एसडीएम को नागवार गुजरी। उन्होंने अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया को कुर्सी से उठाते हुए खड़े होकर बात बताने को कहा। अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया के सम्मान को ठेस पहुंची। परिचय देने के बाद वह बाहर चले आए और साथी अधिवक्ताओं को एसडीएम के व्यवहार के बताया। जानकारी लगते ही दर्जनों अधिवक्ता तहसील परिसर पहुंच गए और एसडीएम के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। अधिवक्ताओं को लामबंद होते देख एसडीएम ने उनसे वार्ता की और अधिवक्ता को न पहचान पाने के बारे में बताया। चेंबर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम का घेराव किया। इसके बाद बातचीत होने पर मामला रफा-दफा हो गया। अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया ने बताया कि तीन दिन पहले कि स्कूल में हुए कार्यक्रम में उन्होंने एसडीएम के साथ अच्छी तरह से मुलाकात कर एक साथ बैठकर चाय पी थी। इसके बावजूद उनका न पहचान पाना उचित नहीं है।

# बरखेड़ा पुलिस ने चौबीस घंटे मे चोरी की घटना का किया खुलासा



चोरी के दो आरोपियो को नगदी सहित बरामद कर भेजा जेल।

पहल टुडे

पीलीभीत थाना बरखेड़ा पुलिस टीम 1.उ0नि0 विनोद कुमार राठी, का0 सचिन त्यागी, का0 रजत धीमान द्वारा थानाध्यक्ष बरखेड़ा के नेतृत्व में मु0अ0सं0 288/2022 धारा 457/380/411 भादवि0 में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 01.दानिश पुत्र कल्लू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत 02.शादाब पुत्र यासीन निवासी वार्ड नं0 05 कस्बा व थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत को कमलेश चांदी वाले के निमार्णाधीन स्कूल की दीवार के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा

### बरामदगी

1-अभियुक्त दानिश के कब्जे से 01 तमंचा 12 बोर व एक ? 01 कारतूस 12 बोर व 3400 रुपये बरामद हुये जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0स0 294/2022 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया।

2-अभियुक्त शादाब के कब्जे से 3750 रुपये बरामद हुए।

### प्रसव के बाद नवजात बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने काटा हंगामा, हुआ समझौता

पीलीभीत। विगत रात शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रसव के बाद नवजात बच्चे की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र का है जहा शहर के सेंट एलोएसिएस कॉलेज के पास बने वैदिक अस्पताल में विगत रात शंकर लाल की पत्नी ने एक नवजात शिशु को जन्म दिया। इसके पश्चात नवजात शिशु जन्म के कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया घटना को बेकाबू होते देख अस्पताल संचालक ने पुलिस मौके पर बुला ली जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाना बुझाना शुरू कर दिया।बीती रात करीब 1:00 बजे पुलिस ने दोनों पक्षों का लिखित समझौता करा दिया। समझौते में शंकरलाल ने लिखा कि उसका वैदिक अस्पताल से कोई विवाद नहीं है।

# महिला से आभूषण लूटने के बाद कोतवाली के सामने से फरार हुए थे आरोपी

**सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर दिखे तीन लुटेरे**

**बिना नंबर की बाइक होने से बढ़ी पुलिस की मुश्किलें**

पहल टुडे

पूरनपुर। महिला से गहने लूटने के मामले में पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से एक कदम आगे बढ़ी है। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों लुटेरे बाइक पर सवार होकर कोतवाली के सामने फरार हुए थे।इनमे बाइक चलाने वाला हेलमेट लगाए हुए है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार सुबह मोहल्ला साहूकारा की शकुंतला देवी मॉर्निंग वाक पर निकली थी। रास्ते में मिले तो



अज्ञात लोगों ने जान पहचान निकाल कर महिला से चिकनी चुपड़ी बातें की। भविष्यवाणी बताकर उन्हें डराया। पुरानी स्टेट बैंक तिराहे के पास सड़क किनारे ले जाकर दोनो ने चाकू दिखाकर शकुंतला देवी से सोने की अंगूठी, घुमकी और चैन आदि सामान लूट लिया था। महिला ने पुलिस को दो लोगों के बारे में बताया था। जबकि लुटेरे तीन थे। घटना को अंजाम देने के बाद वह बिना नंबर की रेडॉन बाइक पर सवार होकर फरार हो गए थे। लूट का शिकार हुई महिला ने दो लुटेरों के बारे में पुलिस को बताया था जबकि लुटेरे तीन थे। पुलिस ने लुटेरों के गुजरने वाले रोड के दुकानों की सीसीटीवी फुटेज चेक की उसमें साफ तौर पर तीन लोग देखे जा सकते हैं। बाइक चलाने वाला व्यक्ति हेलमेट लगाए हुए हैं। यही नहीं वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों लुटेरे बाइक से सवार होकर कोतवाली के सामने से भी निकले हैं। बाइक की प्लेट पर नंबर न होने से लुटेरों तक पहुंचना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर है। नंबर होने पर भाई जल्दी पकड़ में आ सकते थे।

# भूगर्भ जल सप्ताह के पांचवें दिन चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पहल टुडे

पीलीभीत। समाधान विकास समिति विपनेट क्लब के तत्वाधान में भूगर्भ जल संरक्षण ,संवर्धन के लिए निरंतर किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आयोजित भूगर्भ जल सप्ताह के पांचवें दिन आज चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतिभागियों ने भूगर्भ जल संरक्षण के प्रति अपनी भावनाओं को तूलिका देकर कागज पर उकेरा श्रद्धा सक्सेना हर्षिता पनेरु, शोभित सक्सैना, मोहित पांडे ,राज मिश्रा , सृष्टि मिश्रा, अंशिका देवल, पूजा भट्ट ,साक्षी देवल ,हिमांशु जोशी, अराइजआ फात्मा, गुंजन जोशी, दीपांशु जोशी ,आकृति, संजना, राशि, शशि व रिया ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी1 रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने शर्मा ने बताया कि जल के अभाव के कारण हो रही समस्याओं से जन-जन को अवगत कराना होगा तथा भूगर्म जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना होगा 1हमें वर्षा जल संचयन कर भूगर्भ जल का संचयन और संवर्धन करना होगा 1इसी क्रम में कल भूगर्भ जल संरक्षण के प्रति प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें जल बचत व भूगर्भ जल संचयन - संवर्धन का संकल्प लिया जाएगा।

### फिर अपनी सरकार पर निशाना साधा सांसद वरुण गांधी ने

पीलीभीत। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने पैक उत्पादों पर जीएसटी लागू करने को लेकर अपनी एक बार फिर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा किया है भाजपा सांसद वरुण गांधी ने ट्वीट किया की दाल ,चावल, आटा जैसी वस्तुओं पर जीएसटी लागू कर दिया गया है लेकिन शराब, पेट्रोल और डीजल पर नहीं।

# जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों को ऐल्बेण्डाजॉल टेबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम किया शुभारम्भ

पहल टुडे




पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तखान में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कीडे. की गोलियों से बच्चों के स्वास्थ्य पर होने वाले लाभ भी बताये गये। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा स्कूली बच्चों को स्वयं ऐल्बेण्डाजॉल टेबलेट खिलाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया कि इस गोली को खाली पेट चबाकर भी खाया जा सकता है। कर शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति के लिए 01 से 02 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली पिसकर खिलाई जाये तथा मुख्य चिकित्साधिकारी ऐल्बेण्डाजॉल गोली के अन्य फायदें भी बच्चों को समझाये गये। जिले का एन0डी0डी0 कार्यक्रम का लक्ष्य 992940 है जिले में 4633 स्कूल, मदरसा व ऑगनबाडी केन्द्रों पर कृमि नाशक दवा का सेवन कराया गया। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, भोजनालय, शौचालय व्यवस्था देखी गई। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हरिदत्त नेमी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक मोहम्मद नाजिर, जिला सलाहकार आर0के0 एस0के0 अबसार अहमद सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राजश्री कॉलेज में एनसीसी कैंप का हुआ समापन



पहल टुडे

नवाबगंज। रिठौरा के राजश्री कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी कैंप समापन हुआ जिसमें छात्र छात्राओं ने योग अभ्यास से लेकर फायरिंग करना तक सिखाया गया साथ ही फिजिकली और मेंटली फिट रहने की टेक्निक को सीखा इस कैंप में छात्राओं ने डिसिप्लिन को भी सीखा ने ब्रिगेडियर आरबी सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए पूरी जानकारी देकर बताया छात्राओं को किस तरीके से ट्रेनिंग दी गई वही कैंप के कैप्टन बीनम सक्सेना ने बताया कैंप में जीवन यापन किया जाता है उसकी भी टेक्निक दी गई इस कैम्प में करीब 400 बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें कई अलग-अलग कॉलेज के छात्राओं ने एनसीसी की ट्रेनिंग को किया छात्रोंओ में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला।

# एक आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है: अवनेश कौशिक

**सावन मास में आयोजित श्री बालाजी दरबार में किया शिवजी के रुदावतार हनुमान का गुणगान**

पहल टुडे



पीलीभीत। सावन के पावन मास में भक्तों ने श्री बालाजी दरबार सजाकर भगवान शिव के रुद्रावतार की महिमा का बखान कर गुणगान किया।

शहर के तिरूपति गोल्डन सिटी में मंगलवार देर रात पंडित महंत अवनेश कौशिक द्वारा श्री बाला महाराज का दरबार लगाया गया। विधिविधान से पूजन अर्चन के बाद महंत कौशिक ने बाबा का गुणगान किया। उनके गाए भजन एक आस तुम्हारी है, विश्वास तुम्हारा है, अब तेरे सिवा बाबा, कहो कौन हमारा हैं। पर भक्त भावविभोर होकर झूमते नजर आए। इस दौरान भगवान भोले नाथ के रुद्रावतार हनुमान जी महाराज से सावन मास में कावड़ यात्रियों पर अपनी कृपा बनाये रखने की प्रार्थना भी की गयी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आर के गुप्ता, आनंद कौशिक, सुरेश अग्रवाल, केवलकृष्ण वधवा, मनोज प्रजापति, रजत श्रीवास्तव, वरुण मिश्रा, विक्रांत मिश्रा, अंकुर कौशिक, दीपेंद्र चौहान बबलू, मोहित वाधवा, सूरज गंगवार, राज शुक्ला, सागर मौर्य, राहुल कश्यप, मुकेश आनंद, मोहित कश्यप, आदर्श कुमार सहित सैकड़ो भक्तों अपनी उपस्थिति दर्ज कर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख दमयंती गंगवार ने क्षेत्र पंचायत बहादुरपुर हुक्मी से कराया नामांकन



पहल टुडे

बरखेड़ा। क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के चलते विकास खण्ड कार्यालय बरखेड़ा पर वार्ड नं 36 में ग्राम बहादुरपुर हुक्मी में कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख दमयंती गंगवार ने अपने पुत्र संजीब गंगवार, पति पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक गंगवार व साथियों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया तथा शिवांगी गंगवार पुत्री कमलेश गंगवार भाजपा जिलाउपाध्यक्ष ने भी अपने साथियों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया इसके अलावा पूर्व सांसद डॉ परशुराम गंगवार की पुत्री पुष्प लता गंगवार पत्नी अजय गंगवार ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।श्रवण कुमार पुत्र नेतराम निवासी बहादुरपुर हुक्मी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया।

# स्टेडियम बाउंड्री निर्माण पर रोकने लगाने की डीएम से मांग



पहल टुडे

कलीनगर। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार से आवंटित धनराशि से नगरिया खुर्द गांव में मिनी स्टेडियम बनाया गया है। गांव में बने की बाउंड्री का तीन ओर से निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्टेडियम वाली जमीन पर ही बंगाली समाज मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि रोड साइड में स्टेडियम की बाउंड्री बनने से गांव वालों को मंदिर में पूजा करने में परेशानी होगी तथा दुर्गा पूजा मेला प्रभावित होगा। ग्राम प्रधान विवेकानंद, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुकुमार गाइन, जय गंगा सरकार, आशू सरकार, तपन राय, मेघनाद सरकार आदि ने बाउंड्री निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

## जिला अस्पताल में जा कर कार्यकर्ता देखें कमियां संबंधित अधिकारियों से मिल कराएं उसको दूर: पंकज शर्मा

# हिंदू जागरण मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

पहल टुडे



पीलीभीत। हिंदू जागरण मंच की चाय पर चर्चा की बैठक लगातार जारी है इसको लेकर आज सुबह की चाय संगठन के नाम कार्यक्रम हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता अभिषेक भारती के किंग एंड क्वीन रेस्टोरेंट में संपन्न हुई।

चाय की चर्चा संगठन के साथ बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुई उन्होंने वहां उपस्थित सभी कार्यकताओं को जिला अस्पताल को लेकर एक रणनीति रचना के तहत जिला अस्पताल में जाकर मरीजों से रूबरू हो और उनकी समस्याओं को जाने किसी भी प्रकार किसी को समस्या हो तो से संबंधित अधिकारियों से मिलकर उस समस्या को रखकर उसका निदान कराने का प्रयास करें श्री शर्मा ने बताया कि बहुत जन संगठनों से 15 से 20 लोगों का एक पैनल जिला अस्पताल जाकर बाकी समस्याओं पर गौर कर संबंधित अधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान कर आएगा।

इसी के साथ वहां उपस्थित युवा वाहिनी के कार्यकर्ता एवं हिंदू जागरण मंच के नगर एवं जिला के पदाधिकारी सदस्यों ने अपनी अपनी वार्ता राखी सभी ने अपनी-अपनी वार्ता को रखकर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए एवं जो भी छोटी बड़ी कमियां हो उनको कैसे दूर किया जाए इन सभी चीजों पर चर्चा हुई अंत में हिंदू जागरण मंच के नगर सदस्य अभिषेक भारती ने सभी का धन्यवाद कर हार्दिक अभिनंदन किया।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला महामंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष लोधी, पुनीत जयसवाल, जितेंद्र कुमार छाबड़ा, सूरज वर्मा, कृष्ण केशव वैश्य, नगर अध्यक्ष ऋषि कन्नौजिया, वीरू, सूरज वर्मा, दीपक शर्मा, विराट शर्मा, राहुल लोधी, प्रवीण, जिला मंत्री संजू रमेश पांडे, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, अभिषेक भारती, हिंदू युवा वाहिनी की जिला अध्यक्ष परमजीत कौर, नगर अध्यक्ष बिंदु सिंह, नगर महामंत्री स्वाति मिश्रा, अनु, सिमरन, खुशबू कटिहार, खुशबू प्रजापति सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### मोहर्रम त्यौहार को लेकर सीओ प्रशांत सिंह ने की ताजियादारो के साथ बैठक

बरखेड़ा।मोहर्रम त्यौहार को लेकर सीओ बीसलपुर प्रशांत सिंह की अध्यक्षता में ताजियादारो एक बैठक हुई जिसमें उन्होंने हर गांव के व्यक्तियों से पूछा तो पृथ्वीपुर गांव के लोगों ने अपनी समस्या बताई कि अंडर पास बनने से हम ताजियादारो को निकलने में परेशानी हो रही है।

# बाढ़ बचाव कार्य अभी भी अधूरे पानी बढ़ने से बिगड़ सकती स्थिति

पहल टुडे



कलीनगर।उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को लेकर सख्त है तो वही सरकारी आदेशों के बावजूद भी बाढ़ खंड विभाग अभी भी मनमानी पर उतारू है और लगातार और सरकारी धन का दुरुपयोग कर पुराने दरें पर ही काम कराए जा रहे हैं जिसके चलते प्रसन-चिन्ह लगाना लाजमी है तो वही भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है वर्तमान समय में महीना और दिन बरसात के हैं लेकिन वर्तमान में बारिश ना होना यह बात अलग है बाढ खंड द्वारा शारदा नदी पर बाढ बचाव को लेकर करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं जिसके चलते बाढ़ बचाव को लेकर कार्य कराए भी गए हैं और कार्य अभी प्रगति पर चल रहे हैं जिसके चलते बारिश नहीं हुई है तो बाढ़ की स्थिति अभी नहीं बनी है लेकिन समय अभी भी बाकी है और कब क्या हो जाए कब बाढ़ आ जाए और कब क्षेत्र में हाहाकार मच जाए कोई पता नहीं लेकिन विभाग के अधिकारी व ठेकेदार नदी किनारे रहे रहे हैं। ग्रामीणों की जमीन और आबादी से खिलवाड़ लगातार कर रहे हैं जिसको लेकर जमीनी हकीकत परखने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है 129 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शारदा नदी का बहुत बड़ा क्षेत्र फल होने के नाते शारदा नदी पर करोड़ों के प्रोजेक्ट प्रत्येक वर्ष लगातार शासन द्वारा पास होते चले आ रहे हैं लेकिन जमीनी स्थिति वही की वही है और बदला है तो सिर्फ नदी किनारे बसे हुए ग्रामीणों के घर कॉलोनी मकान और गांव की स्थिति लेकिन नदी की स्थिति आज भी वही की वही हैं।

फास्ट ट्रैक

# प्रतिबंधित रसायन विक्रय करने पर होगी कठोर कार्यवाही

### अभिलेख पूर्ण न पाए जाने पर लाईसेंस निलम्बित



सहारनपुर जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिप्रा द्वारा जसमौर, भागुवाला एवं माता शाकुम्भरी देवी आदि क्षेत्रों में स्थित कीटनाशक रसायनों विक्रेताओं की दुकानों दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी दुकानदारों को अभिलेख पूर्ण रखने एवं कृषकों को विक्रय किये जाने वाले रसायनों के बल देने हेतु सचेत करते हुये फसलों में संस्तुत रसायन ही विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा यदि कोई कीटनाशक रसायन विक्रेता प्रतिबंधित रसायन विक्रय करता पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही होगी। अभिलेख पूर्ण न पाए जाने पर मैसर्स श्री राम एग्री क्लीनिक एण्ड एग्री बिजनैस, जसमौर का कीटनाशी विक्रय लाईसेंस निलम्बित किया गया। उन्होने कृषकों का आवाहन करते हुए कहा कि वें किसी भी कीटनाशक विक्रेता से क्रय किये गये कीटनाशक रसायन का बिल अवश्य प्राप्त करें। यदि कोई विक्रेता बिल नहीं देता है तो इस संबंध में जिला कृषि रक्षा अधिकारी के दूरभाष नम्बर 9312105110 पर तत्काल सूचित करें। जिससे संबंधित विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।

## बजाज मिल में स्थानीय संकट समूह की बैठक

### स्थानीय संकट समूह की बैठक में मौजूद समिति सदस्य

सहारनपुर,क नागल बजाज शुगर मिल गांगनोली में आयोजित स्थानीय संकट समूह की बैठक में विचार रखते हुए सहायक निदेशक कारखाना कमल किशोर पांडेय ने कहा कि अति संवेदनशील संस्थानों में आपात स्थिति से निपटने को सभी सुविधाएं व उपकरण होने अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ज्वलनशील पदार्थों में अचानक किसी कारण से होने वाली आगजनी से निपटने को संस्थानों में कार्यरत कर्मी तथा आसपास निवास करने वाले लोगों को भी जागरूक होना चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं पर जल्द काबू पाया जा सके। बैठक में आपात स्थिति से निपटने को आफ साइट इमरजेंसी प्लान, व्यवस्थाओं तथा जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष उप जिलाधिकारी देवबंद दीपक कुमार ने कहा कि शीघ्र ही एक कार्यक्रम आयोजित कर संस्थान कर्मियों तथा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम में सुरक्षा प्रबंधक प्रशांत सिंह, अभी सक्सेना, डॉ अखिल राठी, अग्निशमन अधिकारी रोहित कुमार सिंह, मंसूर अहमद, थाना प्रभारी देशराज सिंह, नौशाद अली, मनप्रीत सिंह, डॉ अनुज चौधरी, अफजल त्यागी, पंकज, प्रमोद कुमार आदि रहे।



# डा0राकेश सिंह ने सीएचसी सीयर में अधीक्षक पद भार ग्रहण किया

### राकेश सिंह ने सीएचसी सीयर में अधीक्षक पद भार ग्रहण किया



पहल टुडे/ आशुतोष कुमार मिश्र

बेल्थरारोड बलिया।( स्थानीय तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर के अधीक्षक पद पर जौनपुर जनपद से स्थानान्तरित होकर आये वरिष्ठ चिकित्सक डाङ्ग राकेश सिंह ने मंगलवार की अपरांह में कार्यभार ग्रहण कर लिया अभी यहां स्वीकृत चार चिकित्सकों में दो चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे है जब कि यहां मरीजों की संख्या प्रतिदिन चार सौ से पांच सौ के बीच की होती है

उन्होने कहा कि मेरा उद्देश्य मरीजों की सेवा करना हमारी प्राथमिकताए होगी यदि सीएचसी सीयर में अधीक्षक पद का पद भार मिला है तो सरकार की मंशा के अनुरुप उसकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना मेरी पहली प्राथकिता होगी टीकाकरण व संचारी रोग मुक्त अभियान भी हमारी प्रथम प्राथमिकता पर रहेगी कार्यभार ग्रहण करते ही डाङ्ग सिंह ने स्थानान्तरण से इकलौते बचे चिकित्सक डाङ्ग एल.सी शर्मा सहित मातहदकर्मियों से परामर्श कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जानकारी के मुताबिक सीएचसी सीयर में अधीक्षक पद पर तैनात रहे डाङ्ग तनबीर आजम चिकित्सक डाङ्ग साजिद हुसैन गैर जनपद कुशीनगर के लिए स्थानान्तरित होकर कार्यमुक्त हो चुके हैं इनसे पूर्व कोरोनाकाल के दौरान अधिकारियों के अनावश्यक दबाव के कारण डाङ्ग अस्लम अंसारी नौकरी छोड़ घर जा चुके हैं स्थानान्तरण से डाङ्ग एल.सी शर्मा अकेले बच गये थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों पर मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

- डीएम ने दवा खिलाकर शुरू किया कृमि मुक्ति अभियान
- नहीं खा पाएं कृमि मुक्ति की दवा तो मापअप राउंड में खा लें

पहल टुडे/अजय बरया

ललितपुरः जिले में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एनडीडी पर जिलाधिकारी ने मार्डन पब्लिक स्कूल में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है ।जिलाधिकारी आलोक सिंह ने कहा कि पेट के कृमि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधक हैं, इसलिए पेट के कृमि की दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह खुद खाए और अपने भाई बहन को दवा खाने के लिए कहे ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय भाले ने बताया कि जिले में 5.75 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। डीसीपीएम गणेश ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है। 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं। पहले यह दवा वनीला और मैंगो फ्लेवर में उपलब्ध थी जबकि इस बार यह स्ट्राबेरी फ्लेवर में मिल रही है। शिक्षक अभिषेक शर्मा ने बताया कि हम लोगों को दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। हम सब कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दवा खिला रहे हैं। जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे। मार्डन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य ग्रेस विश्वनाथन ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है। दवा सेवन के दौरान और उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं हुई है।

### क्यों खाएं दवा

कम्यूनिटी मेडिसिन विषेयज्ञ डा सौरभ सक्सेना ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं। एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं। अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे-धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना। इससे घबराना नहीं है। प्रतिकूल प्रभाव दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाते है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडे,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश,जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हुसैन खान, डीएसओ डा आरएन सोनी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉक्टर सुमित बघेल।

# आक्रोशित अधिवक्ताओ ने किया प्रदर्शन,बैठे क्रमिक अनशन पर

पहल टुडे/ शकील खान



बैरिया, बलिया । .बैरिया तहसीलदार द्वारा शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ता को फर्श पर पटकने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज बैरिया तहसील बार के समस्त अधिवक्ताओं ने मंगलवार को बलिया कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल वर्मा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष जबरदस्त प्रदर्शन किया। तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी की। फिर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष क्रमिक अनशन पर बैठ गए।

उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को बैरिया तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपनी समस्या लेकर आये बुजुर्ग अधिवक्ता प्रेमचन्द श्रीवास्तव को तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी ने फर्श पर पटक दिया था। आक्रोशित तहसील बार के अधिवक्ताओं ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम के समक्ष तहसीलदार के खिलाफ हंगामा किया। तहसीलदार के सभी दफ्तरों से कर्मचारियों को बाहर निकालकर ताला बंद कराते हुए तहसील के प्रवेश द्वार पर धरना पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। तब जिलामुख्यालय से अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी बांसडीह मौके पर पहुंचकर अधिवक्ताओं से वार्ता किया।अधिवक्ताओं ने तहसीलदार शैलेन्द्र चौधरी के निलम्बन, उन पर मुकदमा दर्ज करने तथा विभागीय जांच व कार्रवाई की मांग किया। अधिवक्ताओं का मांग पत्र लेने के बाद उच्चाधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि जिलाधिकारी से वार्ता कर इस मामले में उचित कार्रवाई होगी। लेकिन चार दिन बीतने के बावजूद इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं होने से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ गया। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के सामने जमकर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की।अधिवक्ताओं ने साफ शब्दों में कहा जब तक तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज नही होती है। उन्हें निलंबित नहीं किया जाता है, तब तक हमारा आंदोलन चलता रहेगा।क्रमिक अनशन पर बैठने वालों में जिलाध्यक्ष मदनलाल वर्मा के अलावा शिवजी सिंह, रामलाल सिंह, विजयप्रताप सिंह, हरिमोहन तिवारी, रुद्रदेव कुंवर, रामप्रकाश सिंह, श्यामबिहारी, कमलाकांत सिंह, मदन सिंह, रमेश सिंह, अरुण श्रीवास्तव, अजय सिंह सहित दर्जनों अधिवक्ता शामिल थे। आरोप है कि पूरी घटना अधिकारियों के सामने हुई है। इसमें जांच की गुंजाइश कहा है। कार्रवाई होनी चाहिए। अगर कार्रवाई तत्काल नहीं हुई तो पूरे प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था ठप्प कर दिया जाएगा।

## शाहजहांपुर में नगर आयुक्त से लोगों ने की शिकायत

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में इलेक्ट्रिक एण्ड इलेक्ट्रानिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को 7 सूत्रिए ज्ञापन दिया। जिसमें ज्यादातर गंदगी से निजात दिलाने की मांग की गई। साथ ही आरोप लगाया कि सफाई कराने के लिए नगर निगम ने कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया था। उस नंबर पर फोन करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगर आयुक्त ने जल्द समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। जगह-जगह खुदी हुई है सड़क जिले में सड़कों पर जगह-जगह पर खुदाई कर छोड़ दिया गया। इसी तरह से गलियां भी खोदी गई। उसको सही नहीं कराया गया। ऐसे में यहां रहने वाले लोग दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इलेक्ट्रिक एण्ड इलेक्ट्रानिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज टंडन के नेत्तृव में तमाम पदाधिकारियों ने इकट्ठा होकर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। उनकी मांग है कि कंट्रोल रूम के नंबर पर फोन करने पर कोई काम नहीं हो रहा है।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का 100 दिन के रोड मैप का कार्य पूर्ण :नरेन्द्र कश्यप

पहल टुडे

ललितपुरःउप्र सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने प्रेस वार्ता के माध्यम से सम्बोधित करते हुए बताया कि उप्र के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मेरे दायित्व के दोनों ही विभागों, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के 100 दिन के अन्तर्गत लक्षित रोड मैप के सभी निर्धारित कार्यों को बहुत ही कुशलता के साथ पूर्ण कर लिया गया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत 100 दिन के रोड मैप के आधार पर कुल पांच विकास कार्यों का लक्ष्य बना कर कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसमें निमार्णाधीन तीन छात्रावासों के कार्यों को पूर्ण करके लोकार्पण कराना इस मद में निमार्णाधीन दो छात्रावास - अम्बेडकर नगर एवं आजमगढ़ के निर्माण कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है ।निर्माण कार्य की कुल लागत धनराशि क्रमशः 207.74 लाख, दोनों ही निर्माण कार्यों के सापेक्ष निर्गत की जा चुकी है तथा गोरखपुर छात्रावास का निर्माण कार्य भी अन्तिम रूप में पूर्ण होने की स्थिति में है। निर्माण कार्य की कुल लागत धनराशि 198.461 लाख कार्यदायी संस्था को भुगतान की जा चुकी है, शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत मार्च, 2022 में आवेदन करने वाले समस्त पात्र - 192 लाभार्थियों को रुपया 38रू40 लाख का भुगतान कर दिया गया है, कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में प्रदेश स्तर पर 280 संस्थाओं का चयन कर लिया गया हैं तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना हेतु 7.015 आवेदकों को श्ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं 8,000 आवेदकों को श कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु कुल 15.015 आवेदकों का चयन नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है। तथा शीघ्र ही प्रशिक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा, 4- समस्त संचालित विभागीय योजनाओं को उमंग ऐप से लिंक किये जाने का कार्य भी आवश्यकतानुसार पूर्ण हो गया है तथा 5-सात नये छात्रावासों का निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृतार्थ भारत सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। इस प्रकार पिछड़ा वर्ग कल्याण के अन्तर्गत सभी पाँच लक्षित कार्यों को, जिन्हें 100 दिन के रोड मैप में सम्मिलित किया गया था. पूर्ण कर लिया गया है।

# स्कूल बस की टक्कर से तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल,एक कि इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में दो की मौत

पहल टुडे/ शकील खान



बलिया,सिकन्दरपुर। बेल्थरा मार्ग पर रुद्रवार चट्टी के के समीप बुधवार की सुबह स्कूल बस और बाइक की आमने सामनें की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दो की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसारभीमपुरा थाना क्षेत्र के बिगह गांव निवासी,अभय कुमार सिंह 35 वर्षकमलेश राम 28 वर्ष तथासन्तोष मौर्या 30 वर्ष बुधवार की सुबह गांव से एक ही बाइक पर सवार होकर सिकंदरपुर किसी कार्य वश आए थे, दोपहर को वापस जाते समय वह जैसे ही सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के रुद्रवार चट्टी के समीप पहुंचेकि अचानक बेल्थरा की तरफ से आ रही बस से बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने तीनों को घायल अवस्था में एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वयं सिकंदरपुर भेजवाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।वही एंबुलेंस द्वारा ले जाते समय रास्ते में ही अभय सिंह तथा संतोष मौर्या की मौत हो गई, जबकि कमलेश राम को मऊ ले जाया गया है।

# धूमधाम से मनाई गयी मंगल पांडेय की जयंती, हुए विविध कार्यक्रम

### प्रभातफेरी, नाटक, लोकगीत, बिरहा आदि के माध्यम से मंगल पांडे की वीरता का हुआ बखान

पहल टुडे



बलियाः . अमर शहीद मंगल पांडे जी की जयंती मंगलवार को जिले में धूमधाम से मनाई गयी। उनके पैतृक गांव नगवां से लेकर शहर तक तमाम कार्यक्रम हुए। प्रभातफेरी, नुक्कड़-नाटक, भाषण प्रतियोगिता, लोकगीत, बिरहा, नाटक आदि के माध्यम से मंगल पांडेय की वीरता का बखान किया गया। मुख्य कार्यक्रम बहुउद्देश्यीय सभागार में हुआ, जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीओ प्रवीण वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया ।मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कहा कि मंगल पांडेय की जयंती एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जनपद बलिया का इतिहास गौरवशाली रहा है और उस इतिहास से हमेशा सीख लेना चाहिए। उसकी महत्ता को समझते हुए अपने भविष्य को बेहतर बनाने की योजना बनानी है। उन्होंने हर घर तिरंगा लगाने का भी आवाह्न किया। भाजपा जिलाध्यक्ष जेपी साहू ने कहा कि हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि हमारी धरती के ही मंगल पांडेय हैं। उनकी पहली चिंगारी की देन है कि आज हम सब आजाद हैं। एसपी राजकरण नैय्यर, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजीव यादव, प्रोबेशन अधिकारी मो मुमताज, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट सौरभ पाण्डेय, नगवां में निकली प्रभातफेरी, हुए अन्य कार्यक्रम्नगवां में सैकड़ों स्कूली बच्चे व आम नागरिकों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद नगवां में ही स्थित मंगल पांडेय स्मारक पर उन्होंने झंडारोहण किया। उनकी मूर्ति के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहां पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन हुआ। स्कूली बच्चों ने भी राष्ट्रधुन बजाया और मंगल पांडे पर अपने विचार व्यक्त किए। टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम, एसपी समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके बाद मंगल पांडेय पर आधारित नाटक का मंचन हुआ। स्कूली बच्चों ने भाषण के माध्यम से मंगल पांडे की वीरता को सबसे साझा किया ।गुंजायमान नारों के साथ निकली रैल मंगल पांडेय जयंती के अवसर पर कदम चौराहा से रैली निकाली गई। रैली को सीडीओ प्रवीण वर्मा ने मंगल पांडेय की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### भारी संख्या में महाविद्यालय पहुंच रहे छात्र छात्राऐं: कमलेश चौधरी

# पिछले सप्ताह हुई कैरियर काउंसलिंग का हुआ असर

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुरः बुधवार को श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय पहुंचे संस्थापक प्रबंधक कमलेश चौधरी ने महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पाया कि पिछले सप्ताह महाविद्यालय में आयोजित कैरियर काउंसलिंग के द्वारा छात्रों की दुविधा का समाधान कुछ हद तक हुआ था। क्योंकि परिणाम स्वरूप महाविद्यालय में छात्रों की संख्या भारी मात्रा में देखने को मिली है। जो बीएड और डीएलएड की प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेने आए थे और बीटीसी ऑफिस के बाहर लंबी कतारों में छात्र अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इस तरह छात्रों की उत्सुकता बीएड और डीएलएड प्रशिक्षण के प्रति देखते हुए प्रबंधक कमलेश चौधरी ने महाविद्यालय में छात्रों के उचित बैठने, पेयजल और अन्य सुविधाओं को लेकर प्राचार्य डॉ जे एस तोमर से बैठक की एवं निर्देश दिए की व्यवस्था उचित हो और व्यवस्थित हो। इस प्रकार निरंतर व्यवस्थाएं बनी रहें ताकि छात्रों व उनके अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

प्रबंधक कमलेश चौधरी ने बच्चों से कहा कि चमत्कार मेहनत करने पर होती है मन्नत करने पर नहीं। वहीं प्राचार्य डॉ जे एस तोमर ने कहा कि तरफदारों को नहीं बल्कि मददगारों को अपना दोस्त बनाएं। साथ ही पिछली गलतियों से सबक लेकर इस अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग प्रभारी अंशुल दुबे ने कहा कि मन वह सफेद कपड़ा है, जिसे जिस रंग में डुबो दोगे उस पर वही रंग चढ़ जाएगा। जिनकी जिंदगी की हर सुबह कुछ शर्तें लेकर आती है और हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है। इस मौके पर राकेश राजन ने बताया कि बीएड और बीटीसी के लिए महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी हैं। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर प्रबंधक कमलेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी, प्राचार्य डॉ जे एस तोमर, आदित्य मिश्रा, राकेश राजन, मनीष कुमार, नीरज सिंह, राहुल चौबे, ब्रजेश पटैरिया, अभिषेक रावत, महेंद्र झा, रामेन्द्र कुमार, सल्लन अली, सतीश कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ खुशबू सिद्दीकी, एकता शर्मा, सुमिता पांडेय, नीतू शर्मा, नितिन जैन, रोहित रावत, रीमा, सपना, प्रदीप गंगेले, अनुज सेन, यासमीन जहां, भगवानदास, मुकुल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग प्रभारी अंशुल दुबे ने किया।

# राज्यपाल के आदेश से कराया अवगत, महाअभियान में सहयोग करेगा दवा एसोसिएशन

पहल टुडे



बलिया। .इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी और औषधि निरीक्षक के संयुक्त रूप से मेडिकल संचालकों की एक बैठक जनपद के स्थानीय होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ल ने राज्यपाल व जिलाधिकारी के आदेश को मेडिकल संचालकों को अवगत कराया और प्रदेश में चलाए जा रहे इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता महा अभियान की जानकारी देते हुए इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी का सदस्य बनना और इसके कार्यो मे सहयोग करना धर्मार्थ का कार्य है। सोसाइटी के जिला समन्वयक शैलेन्द्र पाण्डेय ने सोसाइटी द्वारा समाजहित में कराए गये कार्यो की जानकारी देते हुए इससे जुड़ने और कार्यो में सहयोग देने की बात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किये जाने वाले जनहित के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इससे जुड़ने और अन्य सदस्यों को जोड़कर सोसाइटी के कार्यो मे सहयोग देने को कहा बैठक में बब्बन यादव, मोहम्मद फिरोज अहमद, आनंद दुबे, राजेश सिंह, विश्वाश श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, धमश्याम जी, रविशंकर पाण्डेय वरिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# काश! शहादत बने माफिया के ताबूत की कील

खनन माफिया से लोहा लेते हुए हरियाणा के एक जांबाज पुलिस अधिकारी की दर्दनाक मौत इन संगठित अपराधियों के दुस्साहस की बानगी ही दिखाती है। मंगलवार को अरावली की पहाड़ियों के करीब मेवात में तावडू इलाके में खनन की औचक जांच को पहुंचे डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई को डंपर से कुचलकर मार डाला गया। पचगांव में हुई घटना के बाद पुलिस प्रशासन हिल गया और भारी सुरक्षा बल को अपराधियों पर शिकंजा कसने को भेजा गया। मुठभेड़ की खबरें भी आई हैं। यहां सवाल यह भी है कि स्वयंसेवी संगठनों की सक्रियता, कोर्ट की सख्ती और एनजीटी के तमाम आदेशों के बावजूद सरकारें वक्त रहते सजग क्यों नहीं होती। क्यों हम बिना हादसों के सजग-सतर्क नहीं होते। क्यों इन अपराधियों को संरक्षण देने वाले राजनेताओं के खिलाफ कार्रवाई समय रहते नहीं होती। इसी बीच पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री के भानजे के खिलाफ अवैध खनन में संलिप्तता पर प्राथमिकी दर्ज होना खनन माफिया व राजनेताओं के अपवित्र गठबंधन को ही उजागर करता है। यहां सवाल यह भी है कि अवैध खनन पर कार्रवाई को गये डीएसपी को पर्याप्त सुरक्षाबल क्यों नहीं उपलब्ध कराया गया। यह जानते हुए कि विगत में कई राज्यों में ऐसी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2015 में मध्य प्रदेश के नूराबाद इलाके में एक पुलिसकर्मी की हत्या डंपर से कुचलकर कर दी गई थी। वहीं मध्य प्रदेश के मुरैना में एक आईपीएस अधिकारी की खनन माफिया ने ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर हत्या कर दी थी। जब अरावली से सटे जिलों में लगातार अवैध खनन जारी है तो पर्याप्त सुरक्षा बलों के साथ ही छापे की कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके लिये आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा सकता है। मसलन ड्रोन के जरिये निगरानी की जा सकती है तथा बड़े वाहनों पर इंटरनेट से जुड़े कैमरे लगाकर कंट्रोल रूम से निगाह रखी जा सकती है। लेकिन सत्ताधीश हादसों के बाद जागकर कहते हैं कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

बहरहाल, तंत्र की चूक के चलते हमने कुछ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले एक जिम्मेदार व साहसी पुलिस अधिकारी को खो दिया। सरकार ने उसे शहीद का दर्जा देने, एक करोड़ की राहत राशि व एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की बात कही है। लेकिन सवाल तमाम बाकी हैं कि तावडू क्षेत्र में अरावली की पहाड़ियों पर बड़े पैमाने पर जारी अवैध खनन को रोकने के लिये जो स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गई है, वह मौके पर डीएसपी के साथ क्यों नहीं थी। दरअसल, इस तरह के संगठित अपराधों का मुकाबला प्रशासन के विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से ही संभव हो सकता है क्योंकि यह कानून व्यवस्था से जुड़ा मामला भी है। वह भी तब जबकि खनन माफिया का डंपर अरावली इलाके पर लगातार आरी चला रहा है, जिसमें हजारों एकड़ भूमि तबाह हो चुकी है। दशकों से जारी अवैध खनन पर तंत्र की उदासीनता के चलते नकेल नहीं कसी जा सकी। बताते हैं कि पिछले दिनों नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी में हरियाणा के अरावली से जुड़े इलाकों में करीब सोलह जगहों पर अवैध खनन की जानकारी दी गई थी। दरअसल, नूंह के अलावा फरीदाबाद व गुरुग्राम के इलाके में भी अवैध खनन होने के आरोप लगते रहे हैं। जो अरावली के प्राकृतिक संरक्षण क्षेत्र को भी तबाह कर रहे हैं।

# युवा पीढ़ी की नैतिकता और सोशल मीडिया का उपयोग



-सत्यवान 'सौरभ'

> हमारे दिलो दिमाग पर घर करती सोशल नेटवर्किंग साइट्स ने लोगों को वास्तविक जीवन को भूलाकर आभासी जीवन में रहने को मजबूर कर दिया है। ये सच है कि सोशल साइट्स की आदत के कारण युवाओं में व्यक्तिगत संवाद की दिक्कत होती जा रही है, जिसकी वजह से वे आज सामाजिक रूप से प्रभावी संवाद नहीं कर पाते हैं। यही कारण है कि युवा वर्ग में हमारे महापुरुषों के नैतिक आदर्श कम होते जा रहें है और युवा पीढ़ी में धैर्य की भारी कमी देखी जा सकती है। नैतिक दृष्टिकोण के गुणों में विश्वास, श्रद्धा, अच्छाई, सत्यता आदि शामिल हैं, जो इंटरनेट के दौर में गायब है।

नैतिक दृष्टिकोण वे दृष्टिकोण हैं जो हमारे नैतिक विश्वासों पर आधारित होते हैं और हमारे सही या गलत की अवधारणा को व्यक्त कर सकते हैं। वे नैतिक सिद्धांतों से अधिक मजबूत हैं। चूंकि नैतिक मानक सभी के लिए समान नहीं होते हैं, वे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होते हैं। नैतिक दृष्टिकोण के गुणों में विश्वास, श्रद्धा, अच्छाई, सत्यता आदि शामिल हैं। नैतिक दृष्टिकोण का सकारात्मक निहितार्थ यह है कि ये दृष्टिकोण मजबूत भावनाओं के साथ जुड़े हुए हैं। इसलिए, सामाजिक बहिष्कार के डर के कारण सामान्य समाजों के बीच गलत व्यवहार को रोकता है। जैसे- बाल शोषण, अनाचार।

सोशल मीडिया संचार, समुदाय-आधारित इनपुट, बातचीत, सामग्री-साझाकरण और सहयोग पर ध्यान केंद्रित करता है। लोग इसका उपयोग संपर्क में रहने और दोस्तों, परिवार और विभिन्न समुदायों के साथ बातचीत करने के लिए करते हैं। दुनिया की 58.4% आबादी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती है। औसत दैनिक उपयोग 2 घंटे 27 मिनट है। सोशल मीडिया हमारे आधुनिक समाज के संचार और आत्म-अभिव्यक्ति के क्षेत्र में एक जरूरत बन गया है, लेकिन यह सभी प्रकार की चौंकाने वाली सामग्री के लिए एक प्रमुख केंद्र भी है - जिसमें पोर्न और कभी-कभी, बाल शोषण भी शामिल है। सोशल मीडिया पर ऐसा क्यों है? ऐसा लगता है कि किसी भी साइट ने पूरी तरह से पर्याप्त मॉडरेशन टीम विकसित नहीं की है।

हमारे दिलो दिमाग पर घर करती सोशल नेटवर्किंग साइट्स ने लोगों को वास्तविक जीवन को भूलाकर आभासी जीवन में रहने को मजबूर कर दिया है। ये सच है कि सोशल साइट्स की आदत के कारण के युवाओं में व्यक्तिगत संवाद की दिक्कत होती जा रही है, जिसकी वजह से वे आज सामाजिक रूप से प्रभावी संवाद नहीं कर पाते हैं। यही कारण है कि युवा वर्ग में हमारे महापुरुषों के नैतिक आदर्श कम होते जा रहें है और युवा पीढ़ी में धैर्य की भारी कमी देखी जा सकती है।




सोशल मीडिया का उपयोग युवा पीढ़ी के नैतिक दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप के लिए किया जा सकता है अब तक कई मुद्दे जो समाज द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं, कमजोर वर्गों को वंचित करना, जिनके पास अपने अधिकारों की आवाज नहीं थी अब सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, यूट्यूब आदि के माध्यम से समाज के प्रकाश में आ रहे हैं। युवा पीढ़ी जो इन मुद्दों को नहीं जानती उन्हें मुद्दों पर स्पष्टता आवाज मिलती है। जैसे- लेस्बियन, गे, बिसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर अधिकार अभियान, #मेटू - ट्विटर पर महिलाओं के यौन शोषण और यौन उत्पीड़न के खिलाफ एक सामाजिक आंदोलन, ने युवाओं को लेस्बियन, गे, बिसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर और महिलाओं के अधिकारों के प्रति सकारात्मक नैतिक दृष्टिकोण रखने में सक्षम बनाया।

दशकों से, लोग उस नैतिक दृष्टिकोण के पीछे के कारणों को जाने बिना ही विभिन्न नैतिक दृष्टिकोणों का पालन करते हैं। सोशल मीडिया एक प्रगतिशील समाज को सामने लाता है जो अंधविश्वास और तर्कहीन प्रथाओं से मुक्त है। सोशल मीडिया ने कलबुर्गी (कर्नाटक) में तर्कहीन प्रथाओं को उजागर किया, जहां सूर्य ग्रहण के दौरान बच्चों को जमीन से लेकर गर्दन तक दफन किया जाता है। माता-पिता का मानना है कि ऐसा करने से बच्चे चर्म रोगों से मुक्त होंगे और शारीरिक रूप से विकलांग नहीं होंगे। इस 21वीं सदी में पर्यावरण के विकास और संरक्षण और संरक्षण पर भारी बहस चल रही है। सोशल मीडिया युवा पीढ़ी को पर्यावरण के मुद्दों के प्रति सकारात्मक नैतिक दृष्टिकोण रखने में मदद करता है। उदाहरण - ग्रेटा थनबर्ग, एक जलवायु कार्यकर्ता ने जलवायु परिवर्तन के संबंध में सरकारी नीतियों के खिलाफ अपनी हड़ताल फैलाने के लिए इंस्टाग्राम का उपयोग किया।

जल्द ही दुनिया भर के युवा अपने समुदायों में इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों में शामिल हो गए। मीडिया के साथ उनके साक्षात्कार ने, बदले में, उनके आंदोलन के बारे में अधिक सामग्री तैयार की। सोशल मीडिया वाद-विवाद के माध्यम से कई नैतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है। दार्शनिक, विषय विशेषज्ञ समाज में मौजूद मुद्दों के बारे में अपनी राय दे सकते हैं इस प्रकार युवा नैतिक मुद्दों के सही या गलत पक्ष पर स्पष्टता प्राप्त कर सकते हैं। यह युवाओं को नैतिक दृष्टिकोण बनाने में मदद करता है। कई टीवी चैनलों ने परमाणु प्रसार के मुद्दों बनाम ईरान के परमाणु हथियार बनाने की घोषणा जैसे नैतिक मुद्दों पर बहस शुरू कर दी।

इन बहसों के माध्यम से, एक व्यक्ति जो परमाणु प्रसार के खिलाफ है, वह इस मुद्दे पर अपने नैतिक दृष्टिकोण को बढ़ाएगा। भिन्न विचारों और विचारों के प्रति लोगों में सहिष्णुता को बढ़ावा देगा। सोशल मीडिया नेटवर्क का उपयोग करने वाले लोग अन्य धार्मिक विश्वासों और प्रथाओं के प्रति लचीले और सहिष्णु होने की अधिक संभावना रखते हैं। सोशल मीडिया का अक्सर युवा लोगों की प्रेरणा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया ने भी उन्हें मिली जानकारी तक पहुंचने की अनुमति दी

आमतौर पर परिवार, दोस्त युवाओं के नैतिक दृष्टिकोण को आकार देते हैं। लेकिन कई वर्ग इस अवसर से वंचित हैं। उदाहरण के लिए, लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, और ट्रांसजेंडर युवाओं के परिवार के सदस्यों के साथ ऑनलाइन मित्र होने की संभावना कम होती है और सोशल मीडिया साइटों से जुड़ने की अधिक संभावना होती है।

किशोर जो समाचार मीडिया के संपर्क में आते हैं और उनमें रुचि लेते हैं, उनकी जलवायु परिवर्तन जैसे प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों में रुचि होने की अधिक संभावना है। मीडिया उन्हें अपने समुदायों में नागरिकों के रूप में अधिक शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। किशोर सोशल मीडिया और अन्य मीडिया से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्रचार संदेश भी प्राप्त कर सकते हैं। इसमें युवा अवसाद और आत्महत्या को रोकने, सकारात्मक, सम्मानजनक संबंधों को बढ़ावा देने, या स्वस्थ भोजन और जीवन शैली की आदतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संदेश शामिल हो सकते हैं।


टेलीविजन शो और फिल्मों में अच्छी गुणवत्ता वाली कहानियां किशोरों को कामुकता, रिश्ते, लिंग या नैतिकता जैसे पहचान के पहलुओं का पता लगाने में मदद कर सकती हैं - उदाहरण के लिए, बोहेमियन रैप्सोडी जैसी फिल्म में कामुकता का उपचार, या राइड लाइक ए गर्ल में लिंग, या नैतिकता में द गुड प्लेस जैसा टीवी शो। अपने बच्चे के साथ इन शो को देखना चर्चा का एक शानदार अवसर है। सहानुभूति और करुणा दिखाने के लिए एक मंच के रूप में। हमें केवल जागरूक उपयोगकर्ता बनने और स्वस्थ रहने की आवश्यकता है।

सोशल मीडिया वर्तमान समय में एक दोधारी तलवार है। युवाओं पर डिजिटल तकनीक के प्रभाव वयस्क व्यवहार और भविष्य के समाजों के व्यवहार को आकार प्रदान करेंगे। बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स जैसे तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों ने अपने बच्चों की प्रौद्योगिकी तक पहुँच को गंभीरता से नियंत्रित रखा था। प्रौद्योगिकियों के स्पष्ट लाभ और संभावित हानिकारक प्रभाव होते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग में भी अति से बचने और उसका संतुलित उपयोग करने में ही समस्या का समाधान निहित हो सकता है।

# खेल-खिलाड़ी : सिंगापुर ओपन जीतकर पीवी सिंधु ने रचा नया इतिहास



योगेश कुमार गोयल



दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता भारत की स्टार महिला शटलर पीवी सिंधु (पुसरला वेंकट सिंधु) ने 17 जुलाई को बैडमिंटन में अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए पहली बार सिंगापुर ओपन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। वह सिंगापुर ओपन में महिला सिंगल खिताब जीतने वाली साइना नेहवाल के बाद दूसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। 27 वर्षीया सिंधु का इस वर्ष यह तीसरा खिताब है, इससे पहले उन्होंने इस साल जनवरी माह में फाइनल मुकाबले में मालविका बंसोड़ को सीधे गेमों में 21-13, 21-16 से मात देते हुए सैय्यद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप दूसरी बार जीती थी। 2017 में सिंधु ने पहली बार यह खिताब जीता था। मार्च माह में सिंधु ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में बासेल में चौथी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान को 21-16, 21-8 से हराकर अपना दूसरा महिला एकल खिताब जीता था। बुसानन के खिलाफ 17 मैचों में सिंधु की वह 16वीं जीत थी, जिससे वह केवल एक बार 2019 हांगकांग ओपन में हारी हैं।

सिंधु ने अब सिंगापुर ओपन के फाइनल मुकाबले में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झी यी को रोमांचक मुकाबले में 21-9, 11-21, 21-15 से मात देते हुए पहली बार यह खिताब अपने नाम कर नया इतिहास रचा है। सिंधु इस समय दुनिया की 7वें नंबर की महिला शटलर हैं जबकि चीन की वांग झी 11वें रैंक की खिलाड़ी हैं। मार्च में स्विस ओपन खिताब जीतने के बाद सिंधु अब करीब 4 महीने बाद किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और कांटे के मुकाबले में खिताब अपने नाम करने में सफल रही। सिंगापुर ओपन महिला सिंगल मुकाबले के सेमीफाइनल में सिंधु ने जापान की निचली रैंकिंग पर काबिज साइना कावाकामी पर 21-15, 21-7 से जीत दर्ज की थी। फाइनल मुकाबले में उन्होंने पहला गेम चीनी खिलाड़ी पर दबाव बनाते हुए 21-9 से आसानी से जीत लिया था लेकिन दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने दमदार वापसी करते हुए सिंधु को 11-21 से हराकर मुकाबला रोमांचक बना दिया था। तीसरे निर्णायक गेम की शुरूआत में हालांकि दोनों खिलाड़ी आक्रामक अंदाज में नजर आई और चीनी खिलाड़ी वांग झी यी ने आखिरी पलों तक अच्छा संघर्ष किया लेकिन सिंधु ने 21-15 से तीसरा गेम जीतने के साथ ही खिताब अपने नाम कर लिया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पीवी सिंधु पहली बार तब सुर्खियों में आई थी, जब 2013 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर वह यह सफलता हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी थी और उसके अगले ही वर्ष कोपेनहेगन में फिर से इसी सफलता को दोहराकर उन्होंने हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। 2016 के रियो ओलम्पिक, 2019 की विश्व चैम्पियनशिप, उसके बाद 2021 में आयोजित 2020 के टोक्यो ओलम्पिक में कांस्य पदक, 2022 की सैय्यद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप, 2022 का स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट और अब सिंगापुर ओपन खिताब जीतकर सिंधु ने साबित कर दिया है कि मौजूदा समय में वही भारतीय बैडमिंटन की प्रिंसेस हैं। भारत को ओलम्पिक खेलों में बैडमिंटन में अब तक केवल तीन पदक ही मिले हैं, जिनमें पहला कांस्य पदक 2012 के लंदन ओलम्पिक में साइना नेहवाल ने जीता था, उसके बाद दोनों पदक 2016 और 2020 के ओलम्पिक में सिंधु ने ही जीते हैं।

हैदराबाद में 5 जुलाई 1995 को जन्मी सिंधु के बैडमिंटन में अभी तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो 2013 में पहली बार विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में कदम रखने वाली इस खिलाड़ी ने 25 अगस्त 2019 को स्विट्जरलैंड में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल मे जापान की नोजुमी ओकुहारा को 21-7, 21-7 से मात देकर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप का एकल खिताब अपने नाम कर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया था और यह विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थी। उनसे पहले कोई भी भारतीय पुरूष या महिला बैडमिंटन खिलाड़ी यह कारनामा नहीं कर सका था। उस विश्व चैम्पियनशिप में उससे पहले उन्हें वर्ष 2013 और 2014 में कांस्य पदक तथा 2017 और 2018 में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। 2016 के रियो ओलम्पिक में रजत पदक, 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेलों तथा विश्व चैंम्पियनशिप में रजत पदक और 2019 में विश्व चैम्पियनशिप तथा 2021 में ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर पीवी सिंधु ने हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

आज पीवी सिंधु भारत के आर्थिक रूप से सम्पन्न खिलाड़ियों में से एक हैं। वह 2009 में कोलंबो में आयोजित उप-जूनियर एशियाई बैडमिंटन चैंम्पियनशिप में कांस्य पदक, 2010 में ईरान फज्र अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन मुकाबले में महिला एकल में रजत पदक, 2011 में डगलस कॉमनवेल्थ यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक, जुलाई 2012 में एशिया युवा अंडर-19 चैम्पियनशिप, दिसम्बर 2013 में मलेशियाई ओपन के दौरान महिला सिंगल्स का ह्यमकाऊ ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्डह्ल खिताब, 2013 तथा 2014 में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक, 2016 में गुवाहाटी दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। नवम्बर 2016 में उन्होंने चीन ओपन खिताब भी अपने नाम किया था। वर्ष 2014 में उन्हें एनडीटीवी द्वारा ह्यइंडियन ऑफ द ईयरह्ल घोषित किया गया था। 2013 में उन्हें ह्यअर्जुन पुरस्कारह्ल तथा 2015 में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यपद्मश्रीह्ल से सम्मानित किया जा चुका है। सिंधु आज भारतीय बैडमिंटन का जगमगाता सितारा हैं। बहरहाल, सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के बाद सिंधु का कहना है कि यह सिर्फ शुरूआत है और यह खिताब हासिल करना उनके लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इससे उन्हें काफी आत्मविश्वास मिलेगा, जो उन्हें दूसरे स्तर पर ले जाएगा। वह कहती हैं कि अब थोड़ा आराम करने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों पर ध्यान देने का समय है। उम्मीद की जानी चाहिए कि राष्ट्रमंडल खेलों में भी सिंधु का यही प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# हैदराबादी जीएसटी दम बिरयानी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

हिंदी अकादमी, तेलंगाना सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार

चलिए आज हम आपको हैदराबादी जीएसटी दम बिरयानी बनाना सिखाते हैं। सबसे पहले 12 प्रतिशत जीएसटी की लागत से खरीदा गया स्टील का भगोना लीजिए। उसमें 5 प्रतिशत जीएसटी वाला एक किलो पैकेज्ड चिकेन डालिए। फिर 5 प्रतिशत जीएसटी वाला दही, लाल मिर्च, निंबू, जीएसटी वाला अदरक, जीएसटी वाला गरम मसाला, जीएसटी वाला घी और फिलहाल जीएसटी की मोहमाया से मुक्त प्याज के टुकड़ों वाला फ्राई उसमें मिला दीजिए। अब उसे अच्छे से फेंटिए। इसे तब तक फेंटिए जब तक कि सारी जीएसटी एक-दूसरे पर अपना असर दिखाना शुरू न कर दे। इसके बाद इसे आधे घंटे के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए रेफ्रिजिरेटर में रख दीजिए।

अब आप 12 प्रतिशत वाला एक अल्युमीनियम पात्र लीजिए। इस पात्र को 18 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए गैस चूल्हे पर चढ़ा दीजिए। लगभग साढ़े ग्यारह सौ पचास रुपए देकर खरीदे गए सिलेंडर को चालू कर 18 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदे गए लाइटर या फिर 12 प्रतिशत जीएसटी वाली माचिस की तिलिया से सुलगाइए। अब जीएसटी वाले अल्युमीनियम पात्र में पैसा देकर खरीदा गया बबल वाटर डालिए। पानी के उबलने पर 5 प्रतिशत वाला मिक्स्ड मसाला डालना न भूलें। इसके बाद अभी के लिए जीएसटी मुक्त नमक डालिए। अब बारी आती है 5 प्रतिशत जीएसटी वाले बिरयानी चावल की। इसे भी उस पात्र में डाल दीजिए। लगभग तीन चाथाई पक जाने पर इसे उतार दीजिए।

इस तरह पके बिरयानी चावल के आधे हिस्से को 12 प्रतिशत जीएसटी वाली स्टील की हांडी की सतह पर 12 प्रतिशत जीएसटी वाला मक्खन लगाकर डाल दीजिए। इसके बाद जीएसटी चिकेन डालिए। अब बचा हुआ बिरयानी चावल डाल दीजिए। हांडी के चारों ओर 5 प्रतिशत जीएसटी वाला मैदा लेप दीजिए। उस पर ढक्कन चिपका दीजिए। इसे चूल्हे पर 40 से 45 मिनट तक पकने दीजिए। समय का अनुमान ठीक से लग सके इसके लिए 28 प्रतिशत जीएसटी देकर खरीदी गई घड़ी का इस्तेमाल कर सकते हैं। लीजिए तैयार हो गयी हैदराबादी जीएसटी दम बिरयानी। बिना देर किए जीएसटी देकर खरीदी गई प्लेटों में इसे परोस दीजिए। एक निवाला मुँह में जाते ही आप खुद कह उठेंगे झ्र वाह भई वाह! इसे कहते हैं हैदराबादी जीएसटी वाली दम बिरयानी।

# पंच से पक्षकार



अंकुर सिंह

हरिप्रसाद और रामप्रसाद दोनों सगे भाई थे। उम्र के आखिरी पड़ाव तक दोनों के रिश्ते ठीक-ठाक थे। दोनों ने आपसी सहमति से रामनगर चौराहे वाली अपनी पैतृक जमीन पर दुकान बनाने का सोचा, ताकि उससे जो आय हो उससे उनका जीवन सुचारू रूप से चल सके।

दुकान का काम चल ही रहा था तभी हरिप्रसाद और रामप्रसाद के बीच कुछ बातों को लेकर विवाद हो गया और उनमें बातचीत होना बंद हो गया। जिससे उनकी दुकान का काम भी रुक गया। दोनों एक दूसरे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी लगाने लगे। बढ़ते विवाद को देख उसे सुलझाने के लिए उनके पड़ोसियों ने मोहल्ले के कुछ लोगों को जुटाकर एक पंचायत बुलाई, परन्तु पंचायत के सामने भी दोनों आपसी विवाद को खत्म करने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे। बल्कि एक दूसरे पर एक से बढ़कर एक आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। पंचायत ने भी मामले को बढ़ते देख उन्हें कुछ दिनों के लिए एक-दूसरे से दूर रहने की कड़ी हिदायत दी जिससे उनका विवाद हिंसा का रूप धारण ना कर सके। इसके साथ ही पंचायत ने दुकान के बचे आधे-अधूरे काम को पूरा करने की जिम्मेदारी गाँव के पढ़े-लिखे एक व्यक्ति विनोद को दे दिया ताकि दोनों भाईयों के विवाद से उनके धन का नुकसान ना हो। हरिप्रसाद और रामप्रसाद ने भी विनोद को पंच परमेश्वर का दर्जा देते हुए दुकान के बचे हुए काम को पूरा करने के लिए विनोद के नाम पर सहमत हो गए।

प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्वर की तरह यहाँ भी समाज में हरिप्रसाद का सम्मान उनके धन से तो रामप्रसाद का सम्मान उनके व्यक्तिगत अच्छे व्यवहार की वजह से लोगों में था। परंतु, शास्त्रों में कहा गया है कि कलयुग में मूर्ख, चोर और बेईमान आदमी अपने पद और धन के कारण समाज में श्रेष्ठ होगा और उसके प्रति लोगों का झुकाव जल्दी होगा। ठीक वैसे ही विनोद का झुकाव हरिप्रसाद की तरफ जल्दी हो गया। विनोद हरिप्रसाद के हर बातों का अमल दुकान के कार्यों में करता और यदि रामप्रसाद इसका विरोध करना चाहता तो उसकी बातों को अनसुना कर देता या रामप्रसाद को तीन-पांच पढ़ाकर उसकी बात टाल देता। कुछ दिन ऐसे ही चलता रहा और धीरे-धीरे रामप्रसाद को भी इस बात का एहसास होने लगा की वह ठगा जा रहा है और उसके साथ अन्याय हो रहा है। उसने इसके संदर्भ में विनोद से सीधा बात करना ही उचित समझा।

अगली सुबह खेत और घर के जरूरी काम निपटा रामप्रसाद विनोद के घर जा पहुंचा और कहने लगा- ₹ विनोद भाई, पंचायत की सहमति पर मैंने आपको पंच परमेश्वर माना है और इसलिए एक पंच के नाते आपसे निष्पक्ष न्याय करने की गुहार लगाने आया हूँ।

इतना सुनते ही विनोद गुस्से में रामप्रसाद को भला बुरा कहते हुए हरिप्रसाद के सामने उसकी तुच्छ औकात की बात करने लगा और हरिप्रसाद के तारीफों की पुल बांधने लगा। विनोद के इस स्वभाव और एक पक्षीय नजरिया को देखते हुए रामप्रसाद ने कहा- विनोद जी, आज भले ही मेरी आर्थिक औकात हरिप्रसाद से छोटी है, परन्तु हरिप्रसाद के चंद रुपयों के लालच में आपने अपनी औकात पंच परमेश्वर जैसे ऊँचे दर्जे से गिराकर एक पक्षकार के स्तर की बना ली।

इतना सुनते ही विनोद के चेहरे का रंग उड़ गया और रामप्रसाद गमछे से अपना पसीना पोंछते हुए अपने घर की तरफ चल पड़ा।

# दो वक्त की रोटी पर भी जीएसटी

वीरेंद्र कुमार जाटव




जीएसटी काउंसिल के द्वारा आटा, दही, चावल, दाल, दूध, दही पर 5% जीएसटी से गरीब परिवारों में दो वक्त की रोटी भी भारी पड़ेगी।यदि दाल रोटी और दाल भात पर ही टैक्स लग जाएगा तो ₹ भारत एक कल्याणकारी राज्य का मकसद ही खत्म हो जाता है. होटल बुकिंग पर भी जीएसटी लगा दिया जाना से मध्यमवर्गीय परिवारों के यात्रा खर्च भी बढ़ेगा. जीएसटी काउंसिल के द्वारा मरीजों को भी जेस्टीका मार झेलनी पड़ेगी एम्स जैसे चिकित्सा क्षेत्र केंद्रों पर प्राइवेट वालों पर भी जीएसटी लगाने का फैसला किसी भी तरह से उचित नहीं है यदि एक मरीज का बिल 60000 आता है तो उसको 300 पर प्रतिदिन के हिसाब से जीएसटी देना पड़ेगा अर्थात 6000 और उसको देने पड़ेंगे. केंद्र सरकार को जनता के हितों की चिंता करनी चाहिए. जीएसटी के लगाने से रसोई का बजट बढ़ेगा महिलाओं को घर को चलाना आसान नहीं होगा. शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों की आमदनी से कहीं ज्यादा यदि खर्च होगा तो बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर भी इसका असर पड़ेगा. सरकार को इस पर अवश्य ही अपने विचार करना चाहिए. क्योंकि आटा दाल दही चावल दाल दूध पनीर रोजमर्रा की जिंदगी की आवश्यकताएं हैं ना की विलास सामग्री है जिस पर सरकार इस तरह से मनमाना टैक्स लगाए। यदि टैक्स लगाना सरकार का अधिकार है गरीबों को राहत दे, यह सरकार की जिम्मेदारी भी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-148 मिलॉल विला, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/78772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार



पहल टुडे

ठूठीबारी,महराजगंज। बरगदवा पुलिस व 22वी वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर के सूचना पर 450 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बरगदवा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मुखबिर के सूचना पर भारत नेपाल सीमा के स्तंभ संख्या 507/12 के समीप से चार सौ पचास शीशी अवैध नेपाली शराब व साइकिल के साथ एक व्यक्ति लालचंद यादव पुत्र सहदेव यादव निवासी नारायणपुर को गिरफ्तार किया है। उक्त अवैध शराब पड़ोसी मुल्क नेपाल के दुकानों से लेकर बोरियो में छुपाकर बेखौफ तस्करी के जरिए भारतीय सीमा क्षेत्र में लाई जाती है, वही तैनात सुरक्षा एजेंसियां की समय-समय पर धर पकड़ भी होती रहती है। इसी कारण सीमावर्ती इलाकों में नेपाली शराब व अन्य सामानों की तस्करी को लेकर हमेशा चचाओं में तो जरूर बनी रहती है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षण सुनील कुमार राय ने बताया कि नेपाली शराब के साथ पकड़े गए युवक के विरुद्ध धारा 60/63 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोला सावन मेला को सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता. विवेक कुमार उपाध्याय

**गोला में सावन मेला मे माहौल खराब करने के इरादे से वीडियो को गलत ढंग से किया जा रहा है वायरल। मंदिर कमेटी ने वायरल वीडियो का किया खंडन**



पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता

गोला गोकरननाथ खीरी। गोला गोकरण नाथ भोले नाथ शिव का आते प्राचीन मंदिर जो कि मान्यताओं के अनुसार देवताओं के द्वारा स्थापित शिवलिंग मूर्ति स्थापित है। जहां पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में भी सावन मेला का आगाज हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। जिसमें लाखों की संख्या में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु दूरदराज से कांवर लेकर आने के पश्चात भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। जिसके जिसके चलते सावन माह में कावड़ियों की खासा भीड़ रहती है। गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि सावन मेला को सकुशल संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता में शामिल है जिसका हम पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वाहन करते रहेंगे। और भविष्य में किसी भी कांवडिये को कोई तकलीफ व कोई कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इसके लिए चप्पे-चप्पे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पूरे गोला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से सुरक्षा की जा रही है। वही दूरदराज से आने वाले कांवरिया हमारे लिए एक अतिथि के रूप मे आ रहे हैं। उनकी हर संभव मदद की जाएगी किसी भी कांवरियों को कोई तकलीफ न हो जिसके लिए कतारवध मंदिर के अंदर जाने का सुगम रास्ता बनाया गया है। और वही मंदिर गर्भगृह में पूजा अर्चना करने के पश्चात उनको प्रेम पूर्व बाहर निकाला जा रहा है। सोमवार के दिन खासा भीड़ होने के चलते किसी भी कांवडियों को ज्यादा वक्त तक गर्भ ग्रह के अंदर पूजा करबा पाना संभव नहीं हो रहा है। जिसके लिए प्रत्येक कावड़िए से हाथ जोड़कर विनम्र निवेदन व विनती कर उसको पूजा अर्चन के बाद बाहर जाने के लिए कहा जा रहा है। विगत दिनों गर्भ के अंदर गोला पुलिस के द्वारा कावड़ियों के साथ अभद्रता का व्यवहार के चलते वीडियो वायरल हुआ था वह निराधार व वह गलत है मंदिर कमेटी के अनुरोध पर गर्व से ज्यादा भीड़ होने के चलते श्रद्धालुओं को बाहर जाने के लिए कहा गया था। जो लोग गलत तरीके से वीडियो वायरल कर रहे हैं वह निश्चित ही समाज के विरोध के रूप में जाने जाएंगे। इससे सावन मेला में माहौल खराब हो सकता है। इसीलिए सभी से निवेदन है कि बिना तथ्यपरक खबरों का प्रकाशन का वायरल ना करें जिससे कोई अनहोनी घटना घट जाए।

फास्ट ट्रैक

## ब्लेंडर मशीन नहीं लगाने पर नौ राइस मिलों को जारी होगा नोटिस

**महराजगंज** ।राशनकार्डधारकों को कोटे की दुकानों से फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराने के लिए जिले के राइस मिलों में ब्लेंडर मशीन लगवना अनिवार्य कर दिया गया है। बावजूद अभी तक नौ राइस मिलरों ने इसे नहीं लगवाया है। ऐसे में इन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए खाद्य विपण विभाग की तरफ से कार्रवाई तेज कर दी है। जिले में वर्तमान में मध्याह्न भोजन योजना और आइसीडीएस ( राज्य आपदा मोचन बल ) के अंतर्गत फोर्टिफाइड चावल वितरित किया जाता है, लेकिन कोटे की दुकान से इसके अभी वितरण की व्यवस्था नहीं है। हालांकि अप्रैल 2023 से सभी योजनाओं में राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना के अंतर्गत फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जाना है। इसलिए अभी से कवायद चल रही है। एक अक्टूबर 2022 से शुरू होने वाली धान की खरीद कर उसकी कुटाई के लिए उन्हीं राइस मिलरों को दिया जाएगा, जिनके पास ब्लेंडर मशीन होगा। जिले में कुल 58 राइस मिल हैं। इसमें 20 में ब्लेंडर मशीन लग चुके हैं। 29 में प्रक्रिया चल रही है। नौ राइस मिलों ने शासन के आदेश के बाद भी इसे लगवाने में रुचि नहीं ली है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विवेक सिंह ने बताया कि शंकर राइस मिल बरवाखुर्द, विष्णु ट्रेडर्स महदेइया, शिवएग्रो इंडस्ट्रीज धनखरी, आदित्य माडल राइस मिल पकड़ी नौनिया, श्रीराम एग्रो पनियरा, कृष्णा मार्डन राइस मिल चौक, शिव मार्डन राइस मिल महराजगंज, पूजा मार्डन राइस मिल महराजगंज, मां वैष्णो ट्रेडर्स नौतनवा को नोटिस देने की कार्रवाई की जा रही है।

## सीएम को पत्र लिख हर घर जल नल योजना अन्तर्गत समस्याओं के निदान की मांग

**महराजगंज**। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी,स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र, गोरखपुर-महराजगंज विजय कुमार कश्यप ने विकासखंड सिसवा के ग्रामसभा बरवां विद्यापति में हर घर जल-नल योजना अन्तर्गत प्रत्येक घर तक शुध्द पेयजल कनेक्शन समस्या के तहत मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र के माध्यम से निदान की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि अभी आंशिक घर तक ही सप्लाई कनेक्शन दिया गया है। हेड से टेल तक पानी सप्लाई ट्रायल किया गया था लेकिन किसी घर तक प्रेशर पानी सप्लाई नही हो पाया है। हेड से टेल तक लगभग चार इंच पाइप से आंशिक घर तक सैकड़ों टोटी आधा इंच का ही लगा है अभी आंशिक घर तक पानी सप्लाई कनेक्शन का हाल यह है ग्राम पंचायत में लगभग पाँच सौ मकान है सार्वजनिक स्थल प्राथमिक स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाडी केन्द्र, मन्दिर-मसजिद इत्यादि जगह कनेक्शन टोटी से वंचित है। भारत सरकार राज्य सरकार का अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल योजना के तहत किया गया कार्य पानी सप्लाई पाइप क्षमता कम एवं पतला होने के कारण अभी यह हाल है। दिये जाने वाले कनेक्शन से भविष्य में पानी सप्लाई बूँद-बूँद साबित होगा। अतः उपरोक्त प्रकरण में यथाशीघ्र स्थलीय भौतिक सत्यापन कराकर समस्त घर तक पानी सप्लाई हेतु पाइप क्षमता वृद्धि कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया जाय।

## महाविद्यालय पकड़ी दीक्षित में वोकेशनल कोर्स की परीक्षा 22को

भिटौली,महराजगंज।

पंडित काशी प्रसाद दीक्षित शिक्षण एवं प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पकड़ी दीक्षित के बीए,बीएससी,बीकाम प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वोकेशनल कोर्स बेसिक ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं फूड प्रोसेसिंग की परीक्षा 22जुलाई दिन शुक्रवार को प्रातः आठ बजे से महाविद्यालय पर योगी।यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार दुबे ने दी।

# द्रौपदी मुर्मू जी के राष्ट्रपति बनने की खुशी में आदिवासी जनजाति थारू समाज में खुशी की लहर



पहल टुडे

**पलिया कलां/चंदनचौकी** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार यशस्वी जिला अध्यक्ष आदरणीय सुनील सिंह जी के नेतृत्व में आज जनजाति समाज के लोगों के बीच जाकर चर्चा की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार आदरणीया द्रौपदी मुर्मू जी आपके समाज से आती हैं यह जानकारी होने पर आदिवासी समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी व विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया और यह निर्णय किया की दिनांक 21 को जब राष्ट्रपति चुनाव का रिजल्ट हमारे पक्ष में आएगा तो हम लोग अपने समाज में ढोल नगाड़े बाजे गाजे के साथ आपस में मिठाई वितरण कर जश्न करेंगे

इस अवसर पर जिले के संयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री श्री विनोद लोधी जी, मोहित जायसवाल जी, पंकज गिरी जी, डॉक्टर संत राम जी एवं सुनील कटिहार जी अभिषेक गुप्ता जी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**निचलौल, महराजगंज** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था महराजगंज के तत्त्वाधान में तीन दिवशीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण का आयोजन 18 से 20 जुलाई 2022 तक मसीह सेवा आश्रम इंटर कालेज निचलौल में हुआ, जिसमे स्काउटिंग क्या है, इतिहास, नियम प्रतिज्ञा, झण्डा गीत, प्रार्थना अन्य चीजों की विस्तृत जानकारी दिया गया, समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य साजी जोसफ एम. ने बताया कि स्काउटिंग ऐसी संस्था है जो निस्वार्थ भाव से अपना सेवा देती रहती है, स्काउटिंग से जो सिख बच्चों को ट्रेनर द्वारा दी जाती है वह बच्चे आगे चलकर समाज व देश सेवा में अपना अहम योगदान देते रहते है, जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्री रामनरायन खरवार ने बताया कि स्काउटिंग जीने की कला सिखाती है स्काउटिंग से बच्चे अनुशाषित होते है, प्रशिक्षण शिविर में कुल 200 बच्चे प्रतिभाग किये।

## ग्राम देवता के स्थान पर हुआ भव्य रामलीला मंचन

पहल टुडे शहंशाह आलम

मैगलगंज खीरी।कस्बे के ग्रामदेवता स्थान पर प्रथम श्री हरदेव राजा रामलीला रासलीला के भव्य आयोजन का शुभारंभ किया गया।जिसमें वृंदावन से पधारे हुये श्री राधा गोपाल लीला संस्थान के सुप्रसिद्ध कलाकारो के द्वारा रामलीला व रासलीला का भव्य मंचन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मैगलगंज जिला पंचायत सदस्य दिनेश चन्द्र गुप्ता ( बड़े भैय्या ) ने कहा कि हमें हमेशा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के बताए मार्ग पर ही चलना चाहिए। इससे पहले सभी अतिथियों द्वारा गणेश पूजन रामायण की आरती कर लीला मंचन का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर लीला मंडल के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर, अजीत सिंह सोनू ग्राम प्रधान, श्याम नारायण मिश्रा, राम शंकर गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, सानू, अनुराग गुप्ता, दिवाकर मिश्रा, सूरज गुप्ता, राजीव गुप्ता बंटू, महेंद्र गुप्ता, जितिन गुप्ता, विनय श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, नंदन गुप्ता, शिवम सक्सेना, गुड्डू गुप्ता, दीपक गुप्ता, मुन्ना सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

# एडीओ आईएसबी पर रजिस्टर फाड़ने का लगाया आरोप

पहल टुडे



महराजगंज।महराजगंज जनपद के विकास खण्ड परतावल अंतर्गत सरस्वती स्वयं सहायता समूह धरमौली के अध्यक्ष सीताबी देवी एवं सचिव गुड़िया ने खण्ड विकास अधिकारी परतावल से मिलकर अपने ही समूह की कोषाध्यक्ष एवं समूह सखी अंजू देवी पर ?85000 बिना हस्ताक्षर के निकालने का आरोप लगाया है।वही इसकी शिकायत जब अध्यक्ष और सचिव ने एडीओ आईएसबी अंजली चौधरी से किया तो वह भड़क उठे और स्वयं सहायता समूह का रजिस्टर लेकर फाड़ दिया। जिसकी शिकायत बीडीओ श्वेता मिश्रा से समूह की अध्यक्ष और सचिव ने किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ परतावल श्वेता मिश्रा ने एडीओ अंजली चौधरी के खिलाफ तीन सदस्यी टीम जांच हेतु नामित किया इसकी जांच एडीओ कृषि श्रीनिवास गुप्ता एडीओ पंचायत प्रधुम्न प्रजापति और बीएमएम हदय नारायण द्विवेदी करेंगे और तत्पश्चात रिपोर्ट बीडीओ को सौंपेंगे उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। वही समूह की अध्यक्ष और सचिव ने बताया कि मार्च 2022 में बिना उनके हस्ताक्षर के समूह सखी एवं कोषाध्यक्ष अंजु देवी ने ?85000 निकाल लिए तथा पूरा पैसे हड़प लिया। इसकी शिकायत लेकर समूह की महिलाएं कई बार ब्लॉक के चक्कर लगाती रही लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।इस संबंध में एडीओ आइएसबी अंजली चौधरी से पूछे जाने पर बताया कि मेरी कोई गलती नहीं है।झीना झपटी में रजिस्टर फट गया है जांच के उपरांत क्या सही है सामने आ जाएगा।वही खंड विकास अधिकारी परतावल स्वेता मिश्रा ने बताया कि मामले में तीन सदस्यी टीम जांच हेतु नामित कर दिया गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। समूह के सभी लोगों को बुलाकर 2 दिन के अंदर इस मामले में गांव में जाकर पूछताछ की जाएगी।

# नगर पंचायत निघासन की पहली पसंद दिग्विजय गुप्ता

पहल टुडे



निघासन खीरी। चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व माना जाता है। चाहे गरीब हो या अमीर, संवैधानिक मूल्यों पर खरा उतरने वाला कोई भी फिट व्यक्ति चुनाव में अपनी किस्मत आजमा सकता है, फैसला जनता करती है।आइए बात करते हैं आजादी के अमृत महोत्सव के स्वर्णिम पर नगर पंचायत निघासन के पहले चुनाव की। भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री रामकुमार वर्मा आज हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन अपने जीवन काल में उन्होंने निघासन क्षेत्र के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास किया। निघासन को ग्रामपंचायत से नगरपंचायत का दर्जा दिलवाने में पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामकुमार वर्मा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।आजादी प्राप्त होने के कई दशक बीत जाने के बाद पहली बार ग्रामपंचायत से नगरपंचायत में तब्दील निघासन के प्रथम चुनाव में कई युवा जमकर ताल ठोंक रहे हैं, इन्हीं युवा प्रत्याशियों में ग्राम रकेहटी निवासी सरार्फा व्यवसाई दिग्विजय गुप्ता का नाम भी शामिल है, गौरतलब है कि रकेहटी के इस गुप्ता परिवार को राजनीति विरासत में मिली है। जानकारी के अनुसार दिग्विजय गुप्ता के बाबा चंद्रिका प्रसाद गुप्ता 1972 से सन 1982 तक ग्राम पंचायत रकेहटी के निरंतर प्रधान रहे, इसके बाद इनके पिता प्रेम सागर गुप्ता ने 1982 से 1995 तक लगातार एक छत्र प्रधानी चलाई, फिर 1995 से वर्ष 2000 तक जिला पंचायत सदस्य भी रहे इसके बाद माता श्रीमती कलावती 2005 तक प्रधान रहीं, 2005 से 2008 तक बड़े भाई पुरुषोत्तम गुप्ता जिला पंचायत सदस्य रहे इतना ही नहीं दिग्विजय गुप्ता की पत्नी भी 2010 तक प्रधान रहीं।

कहने का आशय यह है कि रकेहटी के इस गुप्ता परिवार में राजनीति, सामाजिक प्रतिष्ठा तथा सत्ता का सूर्य कभी अस्ताचलगामी नहीं हुआ।

नवसृजित नगर पंचायत निघासन में रकेहटी आंशिक रूप से शामिल है जहां दिग्विजय गुप्ता का वर्चस्व कायम है, तमाम मतदाताओं ने बताया कि दिग्विजय गुप्ता युवा, जोशीले और जनप्रिय हैं लोग उन्हें दिल से लाइक करते हैं अर्थात आगामी नगर पंचायत निघासन के भावी चेयरमैन की दौड़ में दिग्विजय गुप्ता दमदार और मजबूत प्रत्याशी साबित हो सकते हैं।

## दो आटो चालक आपस में भिड़े

**आनंदनगर, महराजगंज** कोल्हुई थाना क्षेत्र में कोल्हुई कस्बे के मेन तिराहे पर मंगलवार को अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सवारी बिठाने को लेकर दो ऑटो चालक आपस में भिड़ गए। कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई।पुरंदरपुर क्षेत्र का दीपचंद ऑटो में सवारी बिठा रहा था। इसी दौरान कोल्हुई निवासी बदरुद्दीन से उसकी बहस हो गई। बहस होते-होते मामला बिगड़ने लगा और इसी बीच मौके पर लोग जुट गए। कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आधा दर्जन से अधिक लोगों को पकड़कर थाने ले गई। इस संबंध में कस्बा चौकी इंचार्ज लवकुश सिंह ने बताया कि मारपीट में शामिल सभी लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की जा रही है।

# परिषदीय विद्यालयों से पांच शिक्षक सहित 11 अनुदेशक और शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले

**एक सहायक अध्यापक 16 जून से ही लगातार अनुपस्थित के कारण बीएसए ने उनको सस्पेंड कर दिया**

**परिषदीय विद्यालयों का 19 टीम लगाकर औचक निरीक्षण कराया गया।**

पहल टुडे

**आनंदनगर, महराजगंज :** डीएम महराजगंज के निर्देश पर बीएसए आशीष कुमार सिंह ने मंगलवार को लक्ष्मीपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों का 19 टीम लगाकर औचक निरीक्षण कराया गया। इस दौरान पांच शिक्षक, 11 अनुदेशक व शिक्षामित्र गैर हाजिर मिले। बीएसए ने इन सभी का अनुपस्थित तिथि का वेतन व मानदेय काटने का आदेश दिया। कम्पोजिट विद्यालय मोगलहा रह के निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक सन्तोष कुमार गुप्ता 16 जून से लगातार अनुपस्थित मिले। निरीक्षण आख्या के आधार पर बीएसए ने सहायक अध्यापक संतोष कुमार गुप्ता को लगातार अनुपस्थित रहने पर निलम्बित कर दिया। कम्पोजिट विद्यालय, पिपरहवा में पूर्णमासी चौरसिया सहायक अध्यापक, कम्पोजिट विद्यालय, टेढीघाट में सुनीता सिंह अनुदेशक, प्राथमिक विद्यालय अड्डा बाजार प्रथम में सहायक अध्यापक सुनील कुमार व राजाराम, कम्पोजिट विद्यालय जंगल गुलरहियां में शिक्षामित्र सुनीता वर्मा, कम्पोजिट विद्यालय गजपति में शिक्षामित्र मिथिलेश कुमार व डालिमा श्रीवास्तव, अनुचर शिवानन्द पाण्डेय, प्राथमिक विद्यालय, पकरडीहा में सुभाष चन्द्र शिक्षा मित्र, कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर कैथवलिया में चन्दा शिक्षा मित्र, कम्पोजिट विद्यालय, मठियां इदू में धर्मेन्द्र यादव शिक्षा मित्र, कम्पोजिट विद्यालय मानिक तालाब में धीरेन्द्र यादव शिक्षा मित्र, प्राथमिक विद्यालय मानिक तालाब में पंचम प्रसाद शिक्षा मित्र, कम्पोजिट विद्यालय रूदौली उर्फ करैला में सहायक अध्यापक संजीव कुमार व विरेन्द्र कुमार, प्राथमिक विद्यालय में बनरसिहा खुर्द में मथुरा प्रसाद वर्मा शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिले। सभी का अनुपथित तिथि का वेतन व मानदेय रोका गया।

# तिकुनियां पुलिस ने 2 वांछितों को गिरफ्तार करते हुए तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए भेजा जेल

पहल टुडे श्रवण कुमार सिंह




**निघासन-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वांछित/वांरण्टी/संदिग्धों की गिरफ्तारी अभियान में क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल के कुशल पर्यवेक्षण में दो वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा सहित कारतूस बरामद करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जिला मुख्यालय भेजा हैं।पुलिस क्षेत्राधिकारी सुबोध कुमार जायसवाल ने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता धारा 307/504/506 में वांछित अभियुक्त लखविन्दर सिंह उर्फ मिन्टू निवासी गंगानगर, बक्शीश सिंह पुत्र काबुल सिंह निवासी खैरटिया को कोल्हौरी में रेलवे स्टेशन के पास गिरफ्तार किया गया।जिनके पास से घटना में प्रयुक्त अवैध एक अदद तीन सौ पंद्रह बोर का तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद हुई। वांछित दोनों अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला मुख्यालय भेजा गया। अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजकुमार भारती, हेड कांस्टेबल सुभाष निषाद, कांस्टेबल अवनीश कुमार, संजीव कुमार शामिल रहे।

# समूहों को सशक्त बनाने में बैंकर्स निभाए अहम किरदार : डीएम

## सूक्ष्म, वित्त, वित्तीय समावेशन पर हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला, डीएम ने किया शुभारंभ

पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता




लखीमपुर खीरी। दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बैंक शाखा प्रबंधकों का सूक्ष्म, वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई। डीएम व सीडीओ ने बैंकर्स को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।मंगलवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर किया। डीएम ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह को सशक्त बनाने में बैंकर्स अपनी महती भूमिका निभाए। समूह गठन के बाद उनके खाते खोलने, रिवाल्विंग फंड, सीसीएल में उन्हें फैसिलिटेट कराएं। समूहों के सशक्त, स्वावलंबी बनने में बैंकर्स बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। डीएम ने कहा कि खीरी में अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान में स्वमं सहायता समूह की महिलाए 11774 कुपोषित ( मैम ) श्रेणी के बच्चों की पोषण अभिभावक की भूमिका अदा करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने में तन्मयता से जुटी हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एनआरएलएम योजना का महत्वपूर्ण कार्य ग्राम के गरीब परिवार की महिलाओं को जोड़कर समूह बनाकर उनको आजीविका के क्षेत्र में कार्य कराकर उनकी आजीविका संवर्धन कराना है, जिसमें समूह का सीसीएल एक महत्वपूर्ण घटक है। आज की उन्मुखीकरण कार्यशाला का प्रमुख बिन्दु बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीएल के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

डीसी-एनआरएलएम राजेंद्र कुमार श्रीवास ने उन्मुखीकरण कार्यशाला की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडी) हैदराबाद से नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बैंकों को एनआरएलएम के विभिन्न चरणों में बारे में बताया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन से सीसीएल के महत्वपूर्ण बिन्दुओं को बैंकर्स को समझाते हुये समूह का सीसीएल कराने का उद्देश्य बताया।

कार्यशाला में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, नेशनल रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश खोखर एलडीएम अजय कुमार पांडेय, डीसीएनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, 100 बैंकर्स, जिला मिशन मैनेजर, ब्लॉक मिशन मैनेजर मौजूद रहे।

फास्ट ट्रैक

## विभाग के कर्मचारियों के स्थांतरण पर भड़के कर्मचारी संघ के पदाधिकारी दी आंदोलन की चेतावनी

### 28जून को निदेशालय से किया गया पूरे प्रदेश में 1035 शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का स्थानांतरण

गोरखपुर। शिक्षा विभाग निदेशालय द्वारा 28 जून को किए गए 1035 कर्मचारियों के स्थानान्तरण आदेश के खिलाफ कर्मचारी लामबंद होने लगे है। कर्मचारियों के स्थानांतरण से भड़के कर्मचारी संघ ने निदेशालय के उक्त आदेश को वापस लेने की मांग किया है। अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दिया है। शिक्षा विभाग के कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव व प्रांतीय महामंत्री राजेश चंद श्रीवास्तव ने अपने संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षा कर्मचारी गण से प्रदेश व्यापी आंदोलन का आह्वान करते हुए धरना स्थल लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशक बेसिक के कार्यालय पर अधिक से अधिक की संख्या में 26 जुलाई को पहुंच कर धरने को पूर्णत सफल बनाने की अपील किया है। कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री राजेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि एक ही कार्यालय में एक ही पद पर दो-दो कर्मचारियों का स्थानांतरण, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति का दूसरे जनपद में स्थांतरण तथा पति पत्नी को एक जनपद में कार्यरत रहने की सुविधा से वंचित किए जाने के आदेश पर कर्मचारी संघ को एतराज है। जिसका आदेश वापसी तक मुखर विरोध जारी रहेगा।

## शिविर लगाकर दिव्यांगजनों का हुआ रजिस्ट्रेशन

गोरखपुर। विकास खंड परिसर में शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को पेंशन की राशि पाने सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए यूनिक आईडी कार्ड बनाने के लिए 112 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया ।इस दौरान टीम प्रभारी विनोद कुमार, मनीषरत्न श्रीवास्तव, कलंदर हुसैन, राधेश्याम आदि मौजुद रहें।

## घर मे घुसे प्रेमी को परिजनों ने पकड़ा पीट कर पुलिस को सौपा

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की रात में प्रेमिका के कमरे प्रेमी को परिजनों ने पकड़ लिया। और घुनाई कर पुलिस को सौप दिया। प्रेमी और प्रेमिका दोनो नाबालिक बताये जा रहे है। जहां पुलिस ने दोनो के परिजनों को बुलाकर समझौता करा दिया ।मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी 16 वर्ष अपने ननिहाल में माँ के साथ रहती है। पिता की मौत हो चुकी है।

किशोरी का पड़ोस के किशोर का करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार की रात में किशोरी कमरे में सो रही थी। उसी दौरान प्रेमी किशोरी के कमरे में घुस गया। कुछ देर बाद परिजनों को कमरे में किसी के घुस जाने की आवाज सुनाई दी। परिजन कमरे में गये तो देखा कि दोनों आपत्तिजनक हालत में है। इसके बाद प्रेमी को पकड़ कर खूब धुनाई की और पुलिस बुला कर उसे सौप दिया। पुलिस ने दोनो पक्षो को थाने पर बुलाया दोनो नाबालिक थे। दोनो पक्षो में समझौता हुआ कि जब दोनो बालिग हो जायेगे तो शादी कर दी जायेगी।

## जेवर खरीदने की नीयत से ज्वेलरी शाप में घुसी महिलाओ ने उड़ाया हजारो का सामान

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अर्न्तगत महराजगंज चौराहे पर एक ज्वेलरी शाप में खरीदारी करने पहुची दो महिलाओ ने जेवर देखते समय हजारो का जेवर लेकर फरार हो गयी महिलाओ के जाने के बाद सामानो का मिलान करते समय चोरी पकड़ में आई

महराजगंज चौराहे पर लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से जितेन्द्र बर्मा ज्वेलरी शाप की दूकान संचालित करते हैं।

दिन के बारह बजे के आस पास दो महिलाये जेवर खरीदने की नीयत से दूकान में घुसी महिलाओं ने किल और नथुनी दिखाने को कहा दूकानदार जेवर दिखाने लगा उसी बीच महिलाओ द्वारा लगभग बारह हजार मुल्य की कील नथुनी चुरा कर ले जाने में सफल रही महिलाओं के जाने के बाद जब दुकानदार सामान मिला कर रखना शुरू किया तब चोरी का एहसास होने पर महिला को ढूढ़ने का प्रयास किया तब तक महिलाएं फरार हो चुकी थी। दोनो महिलाओ का चेहरा सीसी फूटेज में स्पष्ट दिख रहा है फुटेज के आधार पर महिलाओ की खोज जारी है।

## सीडीओ ने ब्लाक मुख्यालय का किया औचक निरीक्षण



पहल टुडे

गोरखपुर। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा ने पिपरौली ब्लाक मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने ब्लॉक के सभी रजिस्टर को मंगा कर उसका निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने अटेंडेंस रजिस्टर को भी मंगा कर देखा। इसके बाद वह ब्लॉक के खरैला गांव में नवनिर्मित अमृत सरोवर पोखरे का निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान को यह निर्देश दिया कि इस पोखरे का पक्कीकरण का प्रस्ताव अभी तक नहीं आया है। पक्की करण का पूरा स्टीमेट बनाकर प्रस्ताव बना कर दिया जाए ।जिसे बाद में मैं आकर खुद निरीक्षण करूंगा। इस अवसर पर बिडीओ अभिषांक निगम, एडीओ आईएसबी अजय कुमार जायसवाल, ग्राम प्रधान खरैला चंद्र कुमार सिंह, ग्राम सचिव नीरज यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर जिले में चार नई नगर पंचायतें बनेंगी, पांच नगर पंचायतों का होगा विस्तार

पहल टुडे



गोरखपुर। गोरखपुर जिले में चार नई नगर पंचायतें बनाई जाएंगी। इनमें उरुवा, खजनी, बेलघाट व घघसरा का नाम शामिल है। सभी को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। खजनी नगर पंचायत में कौन-कौन सी पंचायतें शामिल होंगी, शासन ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। वहीं, पीपीगंज, बड़हलगंज, गोला, पिपराइच व मुंडेरा बाजार नगर पंचायतों का विस्तार किया जाएगा।

चार नई नगर पंचायतें बनने के बाद जिले में नगर पंचायतों की संख्या बढ़कर 13 हो जाएगी। उरुवां, घघसरा को नगर पंचायत बनाने की कवायद चल रही है। प्रक्रिया के कई चरण पूरे भी किए जा चुके हैं। अब खजनी व बेलघाट को भी इस सूची में शामिल किया गया है। इनमें से ज्यादातर क्षेत्र जिले के दक्षिणांचल से जुड़े हैं, जो विकास के मामले में अभी भी बाकी क्षेत्रों की तुलना में पिछड़े हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों के नगर पंचायत बन जाने से वहां भी विकास का पहिया तेजी से घूमने लगेगा।

जिले की ग्राम पंचायतों के विकास के लिए क्लस्टर व्यवस्था लागू करने की मंजूरी डीएम कृष्णा करुणेश ने दे दी है। दो या दो से अधिक ग्राम पंचायतों को मिलाकर बनाए गए क्लस्टर में सचिवों की तैनाती भी कर दी गई। डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर के मुताबिक, ग्राम पंचायतों में सचिवों की उपस्थिति को लेकर आने वाली शिकायतों को दूर करने व व्यवस्थित तरीके से विकास की कार्ययोजना तैयार करने के लिए क्लस्टर व्यवस्था लागू की गई। क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों में से एक को क्लस्टर मुख्यालय बनाया गया है। यहीं सचिव बैठेंगे।

**कोट: एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि चार नई नगर पंचायतों के गठन का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इसके साथ ही पांच नगर पंचायतों का विस्तार भी किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है।**

# बारिश न होने से किसान हुए चिंतित



पहल टुडे

गोरखपुर। हर साल जुलाई माह में औसत होने वाली बारिश के सापेक्ष इस साल बेहद कम बारिश हुई है। जिससे फसलों की बुआई तो हो गई, पर भरपूर पानी न बरसने के कारण बोई गई फसलों के सूखने के आसार बढ़ गए हैं ।पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र में किसान भारी भरकम लागत लगाकर निजी संसाधनों से सिंचाई की व्यवस्था कर फसलों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं, पर उनके प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। किसानों का मानना है कि अगर 10 दिनों के भीतर 100 से 150 मिमी बारिश न हुई तो मक्का और धान की फसल को सूखने से बचाना मुश्किल हो जाएगा। धान खरीफ की प्रमुख फसल है। खास बात यह है कि बारिश न होने तथा वाटर लेबल गिरने से हैंडपंप एवं नलकूपों के दगा देने के साथ ही तालाबों की तलहटी दिख रही है। बारिश न होने से किसान पशुओं के हरे चारे के लिए बरसीम आदि की व्यवस्था नहीं कर पाए।

ऐसे में ज्यादातर किसान पशुओं को गेहूं की फसल का भूसा आदि ही खिला रहे हैं। सहजनवा तहसील क्षेत्र में बारिश न होने से यह पूरा क्षेत्र सूखे की चपेट में आ गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस समस्या से मुंह मोड़े हुए है। इस समय तिल्ली, उरद, मूंगफली, बाजरा, ज्वार, मक्का, धान के अलावा सब्जियों में भिंडी, तोरई, करेला, लौकी, कद्दू आदि की खेती मुख्य रूप से की जाती है। जिनमें धान व गन्ने की फसल में सिंचाई की अधिक जरूरत होती है। जैतपुर, नंदपार, नगवा, खनिमपुर, तेंदुआ, छपिया, साथीपार, सियर, भगवानपुर, देइपार जैसे दर्जनों गांव के किसानों को सरकारी नलकूप के साथ निजी नलकूपों का ही सहारा लेना पड़ रहा है ।बताते चले कि जिस तरह से सामान्य बारिश की अपेक्षा कम बारिश हुई, उससे किसानों का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि जैसे-तैसे उन्होंने फसलों की बुआई तो इस उम्मीद से कर दी कि पानी अभी तो जुलाई के आखिरी तक तो भरपूर बरसेगा ही, पर बारिश नहीं हुई, जिससे फसलों को बिना सिंचाई के बचाना मुश्किल हो रहा है। जहां तक सवाल सूखाग्रस्त जिला घोषित करने का है, तो उसके लिए अगर फसलों की बुआई पचास फीसदी से ज्यादा हो जाती है, तो फिर जिले को सूखाग्रस्त नहीं माना जा सकता है। इसी तरह से बारिश न होने से अगर फसलें सूखती हैं, तो भी जिले को सूखाग्रस्त तभी माना जाएगा। जब बोई गई फसलों में 50 प्रतिशत फसलों के सूखने की पुष्टि हो।

## शिकायत पर एसडीएम ने किया अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील क्षेत्र में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चलने की सूचना पर उपजिलाधिकारी चौरी चौरा ने छापेमारी कर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया।

## अन्तर्जनपदीय चोर गैंग का पदार्फास, चोरी गये सामान के साथ पाँच शातिर चोर गिरफ्तार

पहल टुडे

कुशीनगर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना रामकोला व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा मेहदीगंज बाजार व महुआडीह अमडरिया, कस्बा रामकोला के पास से थाना रामकोला में पंजीकृत मु0अ0सं0 214/22 धारा 380/457 भा0द0वि0, मु0अ0सं0 138/22 धारा 380/457 भा0द0वि0 थाना रामकोला व मु0अ0सं0 196/2022 धारा 380 भा0द0वि0 थाना नेबुआ नौरंगिया व जनपद के अन्य जगहो से चोरी गये सामान व एक अदद चाकू के साथ 05 शातिर चोर छोटे खरवार पुत्र सुखल खरवार सा0 महुआडीह अमडरिया थाना रामकोला जनपद कुशीनगर,.राजेश गोविन्द राव उर्फ अखिलेश पुत्र लक्ष्मी गोविन्द राव सा0 अमडरिया थाना रामकोला जनपद कुशीनगर, आफताब पुत्र नसरूद्दीन सा0 महुआडीह अमडरिया थाना रामकोला कुशीनगर, दीपक वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा सा0 माण्डेयराय थाना रामकोला जनपद कुशीनगर, गनेश वर्मा पुत्र स्व0 रामजीत सा0 माण्डेय राय थाना रामकोला जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 228/22 धारा 379/41/411/414 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 229/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम छोटे



खरवार पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त छोटे खरवार अपने सहयोगी राजेश गोविन्द राव उर्फ अखिलेश व अपने सहयोगीयों के साथ मिलकर चोरी के सामानो को गाँव के व्यक्तियो व अगल बगल के लोगो को बेच देता था। बरामद सामानों की कीमत तीन लाख पचास हजार रुपए बताई जा रही है।

# पिपरौली ब्लाक मुख्यालय पर लगा किसान मेला



पहल टुडे

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि विभाग की तरफ से विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला (खरीफ)का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक अरविंद सिंह तथा विशिष्ट अतिथि उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डॉ शत्रुघन सिंह रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि खरीफ फसल के इस मौसम को देखते हुए किसानों को सीधे-सीधे धान की बुवाई करनी चाहिए, रोपाई वाली पद्धति काफी खर्चीला भी है और मौसम को देखते हुए किसानों के लिए हानिकारक भी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने किया तथा संचालन एडीओ एजी शिव प्रताप मौर्या ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा भिन्न-भिन्न स्टाल लगाए गए जिसमें भारी संख्या में किसान और काश्तकार पहुंचकर लाभान्वित भी हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ एस के तोमर ,डा भूवनेश्वर पांडेय, डा शैलेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा देवव्रत सिंह, बिडीओ अभिषांक निगम, बलवंत यादव, उपासना सिंह, दीक्षा सिंह, मनिषा कुमारी, पूजा पाल ,एस के यादव, अवनीश उपाध्याय सहित दर्जनों की संख्या में किसान और काश्तकार उपस्थित रहे।

## 94.2 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण कर ने विद्यालय किया टॉप

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के भड़सड़ा निवासी ऋषभ गौतम पुत्र संतोष गौतम ने आईसीएसई बोर्ड से हाईस्कूल में 94.2 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण कर आरपीएम पब्लिक स्कूल-कौड़ीराम को टॉप किया है। इनकी सफलता पर माता-पिता समेत शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। गौतम की इस उपलब्धि पर परिजन बहुत खुश हैं। ऋषभ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरूजनों से मिले मार्गदर्शन समेत विद्यालयी शिक्षा एवं अनुशासन को दिया है।

## नशे में धुत होकर सोया युवक सुबह मृत मिला

गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नूरूद्दीनचक में सोमवार की रात दारू के नशे में धुत सोया युवक सुबह मृत मिला। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। छोटे भाई की लिखित सूचना पर पहुची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिये भेज दिया। नूरुद्दीन चक निवासी सुनील पुत्र स्व० होतीलाल ने चिलुआताल पुलिस को एक लिखित सूचना देकर बताया गया कि मेरा बड़ा भाई दीपू चौहान (28) पुत्र स्व० होतीलाल सोमवार की रात लगभग 11 बजे नशे में धुत हालत में घर आकर सो गया शुबह काफी देर तक न उठने पर जब परिजन जगाने का प्रयास किये तो उसका शरीर निर्जीव हो गया था यह सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया मृतक के छोटे भाई सुनील की सूचना पर पहुंची

# बारिश के लिये प्राचीन शिवलिंग को ग्रामीणों ने पानी से डुबोया

पहल टुडे

गोरखपुर। चौरी चौरा क्षेत्र के ग्राम सभा महादेवा जंगल स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर

ग्रामीणों ने क्षेत्र में सुखा को देखते हुए पुराने परम्परा के अनुसार शिव मंदिर पर शिव लिंग को घेर कर पानी डालना शुरू किया गया है पानी डाल जा रहा है शिव लिंग पानी से डुबाया जा रहा है ।क्षेत्र के रमेश विश्वकर्मा, दीना चौधरी, दुर्गेश यादव, बिटु यादव, राजन निषाद, मनीष जायसवाल, पारस सिंह चौधरी आदि लोगो ने बताया कि प्राचीन महादेवा शिव मंदिर का यह परंपरा वर्षो पहले से चलता आ रहा है कि जिस वर्ष बारिश नही होता है ,क्षेत्र में सूखा जैसा हालात उतपन्न होने पर हम लोगो के पूर्वजो ने इस प्राचीन शिव लिंग को चारों तरफ से जल निकासी को बंद कर लिंग को पानी से भराते थे लेकिन शिव लिंग तक पानी नही पहुचता था और उसके बाद से क्षेत्र में बारिश होता था,और खेती वाड़ी अच्छी होती थी ।



ब्रिटिश हुकूमत से प्राचीन शिव लिंग जमीन से निकली है ,एक जवाना था कि यह पूरा क्षेत्र जंगल से घिरा था इसी लिये इसका नाम महादेवा जंगल के नाम से प्रसिद्ध है,इस जंगल मे थारूजाति के लोग निवास करते थे।

## एक संकल्प जो योगी जी की कृपा से हुआ पूरा: राजेश त्रिपाठी

# बडहलगंज विस्तार और उरुवा को नया टाउन एरिया के रुप में चिल्लूपार की दोहरी सौगात

पहल टुडे

गोरखपुर। चिल्लूपार विधायक पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने बडहलगंज नगर पंचायत के सीमा विस्तार के साथ साथ उरुवा बाजार को नयी नगर पंचायत बनाये जाने का स्वागत करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार ब्यक्त किया।

चिल्लूपार के विधायक ने बताया कि 2008 में पहली बार उन्होने उरुवा और आस पास के गाँव को जोड कर एक नयी नगर पंचायत बनाने के लिए प्रयास शुरू किया था जबकि बडहलगंज नगर पंचायत के सीमा विस्तार की मांग 1989 से ही चल रही थी। हमें इस बात का संतोष है कि बडहलगंज की लगभग 40 साल पुरानी मांग और 14 साल पुरानी उरुवा को नया टाउन एरिया बनाने की चाहत मुख्यमंत्री ने आज अपने कैबिनेट के फैसले में पूरी कर दी।

उन्होंने कहा कि बडहलगंज नगर पंचायत में कल्यानपुर, चिल्लूपार, कृतपूरा , संसारपार, मिश्रौली, सिधुआपार, द्वारिकापट्टी, देवभार, गड़थौली , कुराव बसावनपुर, बाछेपार, बेईलिया, जाईपार, कोड़ारी, विशुनपूरा, सुरदहा, भैंसवली, महुलिया खुजहा जैसे गांव के जुड़ने से इनका चौतरफा विकास होगा वहीं उरुवा बाजार में बेलासपुर, टांडी, घुचियारी, नकौझा, भरवलिया मरवटिया, बिरई खुर्द, बनकट, राईपुर, पचौहा, चचाईराम, गोलीपार जैसे गांव का चौतरफा विकास हो सकेगा ।

चिल्लूपार को मिले इन दोनों सौगातों पर विधायक राजेश त्रिपाठी, जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह जी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नीरज दूबे, जिला कोषाध्यक्ष शत्रुध्न कशौधन, भाजपा नेता महेश उमर , भाजपा आईटी नेता प्रशान्त शाही, मण्डल अध्यक्ष बडहलगंज अखण्ड शाही, नरहरपुर सुनील सिंह, गोला देवेश निषाद, गोपालपुर संतोष तिवारी , उरुवा अमित चंद पाण्डेय, राजकपूर सिंह , भाजपा नेता नित्यानंद मिश्र, अनिल भट्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय तिवारी, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, दुर्गेश मिश्र, विद्याधर पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, सागर शाही, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश पटेल, विकास पाठक, वेदप्रताप सिंह, चंदन पाण्डेय व सभी भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है ।

## कृषक जागरूकता एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन

गोरखपुर। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खेतों की उर्वरा शक्ति व उत्पादन बढ़ाने और कृषि लागत घटाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। उक्त बाते विधायक डा विमलेश पासवान ने विकास खंड परिसर में आयोजित कृषि सूचना तंत्र के सुद्रढ़ीकरण एवं कृषक जागरुकता, कृषि निवेश मेला एवं कृषक गोष्ठी कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होनें किसानों से अपील की सभी लोग पांच पेड़ जरुर लगाए ।बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा की गावों तालाबों पर हुए अवैध कब्जो से मुक्त कराकर उसका सुन्दरीकरण कराके जल संरक्षण किया जाय जिससे भविष्य में पानी का संकट न पैदा हो ।पशुपालन वैज्ञानिक डा एस के सिंह पशुपालन से होने वाले लाभ के बारें में किसानों को विस्तार से बताया पशुओं का ज्यादा से ज्यादा हरा चारा खिलाएं जिससे दूध का उत्पादन बढ़ेगा और पशु स्वस्थ रहेगा ।उद्यान वैज्ञानिक डा एसपी सिंह, एडीओ क्वापरेटीव सतेन्द्र सिंह, बीडीओ प्रीती वर्मा ने भी संबोधित किया ।संचालन पुर्व एडिशनल डीओ रामअधार यादव ने किया।

इस दौरान भाजपा नेता मनोज सिंह, अविनाश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अरविंद पाण्डेय, हरितोष पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रमेश चंद, एडीओ (कृषि) जवाहर प्रसाद, एमआई राजकमल पटेल, हेमंत वर्मा आदि मौजुद रहें।

# बारिश ना होने से हो सकती है पशुओं को चारे की समस्या : श्याम मिलन

**बारिश के लिए गांवों में किये जा रहे टोटके**

**शिवमंदिरों में की जा रही पूजा अर्चना**

पहल टुडे

गोरखपुर। गांवों में सूख रही धान की फसल को देखकर किसान काफी दुखी हैं। बारिश न होने से चारों ओर त्राहि त्राहि मची हुई है ।लोग इन्द्र देवता को प्रसन्न करने के लिए गांवों में तरह तरह के टोटके कर रहे हैं। लोगों को विश्वास है कि इन टोटकों के सहारे इन्द्र देवता को प्रसन्न किया जा सकता है।

और बारिश हो सकती है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याममिलन यादव का कहना है कि 15जून से बरसात का सीजन माना जाता है। किन्तु एक माह बीत गया, किसानों को बारिश की एक बूंद दिखाई नहीं पड़ी ।लोग पंपिंग सेट अथवा मोटर चला कर धान की नर्सरी डालने का कार्य किए। उसके बाद रोपाई भी पंपिंग सेट अथवा मोटर के सहारे किये ।डीजल की महगांई किसानों की कमर तोड़ते नजर आ रही है। यदि ऐसा ही रहा तो किसान सिंचाई करने में असमर्थ हो जायेंगे।

और फसलें सूख जायेंगी। लोगों का तो किसी तरह से भरण पोषण किया जा सकता है किन्तु पशुओं के चारे की विकट समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

उन्होंने कहा कि गांवों में बारिश के लिए लोग टोटकों का सहारा लेते हुए एक दूसरे के ऊपर गोबर माटी फेंकने व इन्द्र देवता को रिझाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे बारिश के लिए कांच कचौटी खेलते नजर आ रहे हैं।

चौरा निवासी कृष्णा गुप्ता , रामजतन यादव, चंदन राजभर आदि का कहना है कि यदि बारिश नहीं हुई तो पशुओं के चारे की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। लोगों का भरण पोषण तो हो सकता है लेकिन पशुओं के लिए चारे की समस्या बड़ी विकट हो सकती है।

लोगों का कहना है कि जगह जगह पूजा अर्चना ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। यदि अब भी बारिश हो जाय तो फसलों को बचाया जा सकता है।

# एक पति ने दहेज के लिए अपनी पत्नी की चाकुओं से गौदकर हत्या कर दी

पहल टुडे / विनोद शर्मा

**चांदपुर, (बिजनौर)** मामला थाना हीमपुर दीपा के गांगू नंगला का है। जहाँ थाना नौगांवा के ग्राम सिकरिया निवासी अखलिम ने अपनी पुत्री बेबी की शादी गांगू नंगला निवासी साजिद पुत्र साबिर से 2016 में की थी। मृतका के पिता अखलिम ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेबी का पति दो लाख रुपये व एक गाड़ी की मांग के लिए उनकी बेटी को शादी के करीब डेढ़ साल बाद से ही परेशान करने लगा। जिसकी दो बार तहरीर थाना नौगांवा में भी दी गई और दोनों ही बार आरोपित साजिद ने माफी मांगते हुए मामले की सुलह कर ली। परंतु आज सुबह का सूरज भी नही निकला और आरोपित ने अपने ससुर को फोन कर उनकी बेटी को जान से मार देने की बात कहते हुए उसकी लाश ले जाने को कह दिया। जिसके बाद मृतका बेबी के पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई । उधर पुलिस को हत्या की सूचना मिलते ही हीमपुर थाने में हड़कंप मच गया । आनन फानन में थाना पुलिस सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया भी घटनास्थल पर पहुंच गई । घटना की जानकारी जुटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मृतका के परिजनों ने पति साजिद सहित, नंदोई शाकिर, देवर वाजिद व कादिर पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। मृतका बेबी के तीन मासूम बच्चे थे, जो माँ की निर्मम हत्या के बाद मासूम अनाथ हो गए है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।



# जिलाधिकारी ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण

## 23 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

पहल टुडे ब्यूरो

देवरिया ।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज प्रातः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपनिदेशक कृषि प्रसार, व भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बड़ी संख्या में कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के एक दिन का वेतन काटते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी सुबह 10:10 पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचे। वहां उन्होंने उपस्थिति पंजिका मंगाकर जांच की जिसमें कार्यालय में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों में वीर बहादुर गुप्त, दिनेश्वर कुमार दीपक, रंगनाथ मिश्र, स्वप्नेश कुमार मंगलम, आलोक कुमार पांडेय, ममता राय, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार यादव, चंद्रभूषण, उमेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद सोनकर, स्वास्तिका जायसवाल और अखिलेश कुमार आर्य शामिल थे। जिलाधिकारी के निरीक्षण करते समय बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्र नाथ भी कार्यालय नहीं पहुँच पाए थे। जिलाधिकारी के पहुँचने की खबर मिलते ही वे भी कार्यालय पहुँचे। उन्होंने आज गैर जनपद में विभागीय बैठक होने का हवाला दिया। इस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को समय से कार्यालय आकर शासन की मंशानुरूप निर्धारित समयावधि में जनसमस्याओं की सुनवाई करने की हिदायत दी। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि प्रसार व भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका का पूरे माह में कार्यालय प्रमुख द्वारा एक बार भी अवलोकित न करने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने उप निदेशक कृषि विकेश कुमार को नियमित रूप से उपस्थिति पंजिका स्वयं देखने का निर्देश दिया। साथ ही लिपिक धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता द्वारा अर्जित अवकाश की स्वीकृति कराये बगैर एवं बिना चार्ज दिए अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय से अशोक कुमार कन्नौजिया, विनीता सिंह, हसामुल हक, अखिलेश यादव, हेमंत कुमार शर्मा, विनोद कुमार, संजय कुमार पांडेय एवं पवन कुमार जायसवाल साढ़े 10 बजे तक कार्यालय नहीं पहुँच सके थे।जिलाधिकारी ने समस्त अनुपस्थित कार्मिकों के एक दिन का वेतन काटने के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना उपयुक्त प्राधिकारी की स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित रहना घोर लापरवाही को स्पष्ट करता है। ऐसे लोगों के विरुद्ध शासन की नीति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## सीडीओ ने आयुष्मान कार्ड के156 कैम्पों के सापेक्ष 45 कैम्पों पर वी०एल०ई० अनुपस्थित रहने पर कार्यवाही करने का दिया निर्देश

देवरिया। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 156 कैम्प लगाये गये थे जिसमें 111 कैम्पों पर ही वी०एल०ई० उपलब्ध रहे, शेष 45 कैम्पों में जहाँ वी०एल०ई० नहीं पहुँचे उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने लोकेश प्रताप यादव, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सी०एस०सी० को निर्देशित किया कि जिन वी०एल०ई द्वारा इनमें सहयोग नहीं किया जा रहा है उनकी आई०डी० बन्द करने के लिए पत्र प्रेषित करें। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी / आयुष्मान प्रभारी, देवरिया को निर्देशित किया गया कि जिन 04 ब्लाकों के आरोग्य मित्र के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु उनके नोडल एजेंसी को पत्र भेजा गया है, उनके द्वारा अब तक कार्यवाही न किये जाने के कारण पुनः अनुस्मारक पत्र भिजवाएँ।

फास्ट ट्रैक

## हरिद्वार रोड गुलाल वाली नहर में नहाते समय नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई

सपना वर्मा

**नजीबाबाद (बिजनौर),** नजीबाबाद नहर में नहाते समय युवक की उस समय डूबकर मौत हो गई जब पहाड़ी इलाकों में हुई बारिश से पेड़ टूटकर नहर में आ रहे थे। जिसकी चपेट में आकर युवक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार हरिद्वार बाईपास ग्राम गुलाल वाली नहर में डैम बनाने का कार्य चल रहा था। सभी मिस्त्री मजदूरों के लिए खाना बनाना का कार्य कर रहे 19 वर्षीय अमन पुत्र सतीश, निवासी रसूलपुर जनपद मुजफ्फरनगर ने मंगलवार की शाम नहाने के लिए नहर में छलांग लगा दी बताया जा रहा हे अमन पानी में तैर रहा था तभी पानी में टूटे हुए पेड़ बह कर आ गए पेड़ ने नहाते हुए युवक को अपनी चपेट में ले लिया मौके पर अमन को डूबता देख उसके दोस्तो ने चीख पुकार मचा दी और युवक को बचाने के काफी प्रयास किए पर सभी प्रयास नाकाम रहे युवक नहर की गोद में समा गया दोस्तो की चीख पुकार सुन मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए हैं उन्होंने पुलिस को युवक की डूबने की सूचना दी मौके पर पहुंचे मंडावली थाना अध्यक्ष नरेंद्र गौड़ ने पुलिस टीम के साथ युवक को ढूंढने के प्रयास किए और डैम का पानी रुकवाया पर युवक का शव नहीं मिल पाया। वही सीतावाली निवासी भाकियू नेता संदीप सिंह भुल्लर एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ नहर में जाकर युवक को ढूंढने के काफी प्रयास किए संदीप सिंह भुल्लर ने युवक को ढूंढने में गोताखोरों की मदद भी ली पर युवक का शव नहीं मिल पाया संदीप सिंह भुल्लर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया की युवक का शव या तो नहर की दलदल ने फस गया अन्यथा शव बहकर दूर निकल गया समाचार लिखे जाने तक युवक के शव की तलाश जारी है।

## हरिद्वार बाईपास रोड पर रत्नल नदी का क्षतिग्रस्त हुआ पुल हादसे को दावत दे रहा है

नजीबाबाद (बिजनौर) सपना वर्मा,

नजीबाबाद, हरिद्वार बाईपास वीरपुर नानू स्थित रत्नाल नदी के पुल की खस्ताहाल हालत को देख स्थानीय लोगों ने पूल मरम्मत कराए जाने की मांग की बात दे की भारी बरसात के चलते हरिद्वार बाईपास वीर पुर नानू स्थित रत्नालनदी के पुल की हालत खस्ताहाल हो गई है। जिस से लगातार हादसे का अंदेशा बना हुआ है बीती शाम स्थानीय लोगों ने एकत्र होकर पुल की खस्ता हालत को देख नाराजगी जताई इस दौरान भाकियू नेता संदीप सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हो बताया की नदी का पुल हरिद्वार बाईपास को जाता है यहां से सेकडो वाहनों का आवागमन होता हे जो खस्ताहाल पुल से होकर गुजरता है भारी बरसात के चलते पुल के बीच में दरार काफी गहरी हो गई है

## तरकुलवा व पथरदेवा को नगर पंचायत बनने से गदगद दिखे भाजपा कार्यकर्ता

भाजपा नेताओं ने कृषि मंत्री को दी बधाई

पथरदेवा( देवरिया )विधानसभा पथरदेवा के तरकुलवा व पथरदेवा बैतालपुर को नगर पंचायत बनने पर लोगों ने खुशी जाहिर कर मिठाईया बाटीं और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के विकास कार्यों की सराहना की वहीं तरकुलवा भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन पति त्रिपाठी ने कहा कि तरकुलवा व पथरदेवा बैतालपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर प्रदेश सरकार के लोकप्रिय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हूं वहीं विरोधीयो के सपने को भाजपा सरकार ने तरकुलवा को नगर पंचायत का दर्जा देकर चकनाचूर कर दिया तरकुलवा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से क्षेत्र मे विकास की रफ्तार और तेज होगी वहीं भाजपा नेता पूर्व प्रधान श्याम बदन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को जब जब मौका मिला है तब तब अपने क्षेत्र के लोगों का ख्याल रखकर चौमुखी विकास करने का कार्य किया है कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जो वादा जनता के बीच में किया उसे करके दिखाया है भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामाश्रय यादव ने कहा कि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही गरीबों मजलुमो के बेवाक आवाज है जो कहते हैं उसे करते हैं

# पीड़ित महिला ने एसपी सिटी डॉक्टर रंजन सिंह के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया

पहल टुडे / मोहम्मद हिफजान




**किरतपुर (बिजनौर)** थाना किरतपुर ग्राम सरायइम्मा निवासी पीड़ित महिला ने एसपी सिटी डॉक्टर रंजन सिंह के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया और अपने पति व लालची ससुरालियों के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की।

ग्राम सराय इम्मा निवासी पीड़ित महिला ने एसपी सिटी डॉक्टर प्रवीन रंजन सिंह के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया और अपने पति व लालची ससुरालियों के खिलाफ थाना कोतवाली देहात में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पीड़िता का आरोप है कि लगभग 7 वर्ष पूर्व उसकी शादी सयालु नगला थाना कोतवाली देहात जिला बिजनौर के साथ हुई थी उसके माता-पिता ने लगभग 7लाख रुपए शादी पर खर्च किए थे। जिसमें सोने चांदी के जेवर तथा मोटरसाइकिल भी दी थी। लेकिन इससे भी ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे पीड़िता का पति नौशाद, जेठ इरशाद, शहजाद ससुर, हनीफ सास, हनीफा नंद, शाइस्ता उसका उत्पीड़न करते उसे ताने देते रहते और फोर व्हीलर की मांग करते रहते है। पीड़िता की मां के नाम जो 7 बीघा जमीन है उसे बेचने का दबाव बनाते है। पीड़िता ने कहा कि उसके माता-पिता उनकी मांग पूरी नहीं कर सकते है पीड़िता के दो बच्चे है। वह भी उसके मायके में ही पैदा हुए है। 12 जुलाई 2022 को पीड़िता के पति व ससुरालियों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गला घोट के जान से मारने का प्रयास किया गया उसकी मां और भाई के सामने भी पीटा गया। पीड़िता कोतवाली देहात थाना गई जहां पर आरोपी पहले ही पहुंच चुके थे और थाने के सामने उसके भाई आलम के साथ मारपीट की। कोतवाली देहात थाने में पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई आज पीड़िता ने एसपी सिटी बिजनौर के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई।

## एसपीसिटी ने कावंडियो की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए

नजीबाबाद( बिजनौर) सपना वर्मा,

नजीबाबाद, मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पर रात्रि में एसपी सिटी डॉ प्रवीन कुमार रंजन ने मोटा महादेव मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मंदिर परिसर में कावंड यात्रियों से वार्ता कर उनकी कुशलता के विषय में जानकारी की। डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा की कांवड़ यात्रा ले जा रहे शिव भक्तों की देखभाल पूर्ण रूप से होनी चाहिए मुख्य चौराहे पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी जाए जिससे शिव भक्तों को गुजरने के दौरान वाहनों को कुछ देर के लिए रोका जा सके इसके अलावा जाना बैरिकेड की जरूरत पड़ती दिखाई दे वाहन पर बैरिकेड लगाया जाए, उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को भी शिव भक्तों की सुरक्षा के बारे में बताया इस मौके पर सी ओ गजेन्द्र पाल सिंह, थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

## लाला प्यारेलाल सरस्वती शिशु मंदिर में कविता सुनाओं प्रतियोगिता संपन्न हुई



पहल टुडे / मोहम्मद हिफजान

चांदपुर (बिजनौर) लाला प्यारे लाल सरस्वती शिशु मंदिर चान्दपुर में हिन्दी कविता सुनाओं सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 300 भैया- बहनों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी भैया- बहनों ने अपनी पाठ्य-पुस्तक की पाँच-पाँच, छः - छः कविताएँ सुनायी। लेकिन अक्षरा कौशिक, माही, अदिति, सिद्धान्त, परिधि शर्मा, कृतिका पराशर, छवि शर्मा, ख्याति त्यागी, शिवा राजपूत, प्रियांशी, तनवी, कार्तिकेय, काव्या भारद्वाज, अथर्व गर्ग, भूमिका, कुंज शर्मा, अलीना, पुष्कर भाटिया सहित 40 भैया- बहनों ने लय, स्वर, आरोह-अवरोह के साथ छः, सात, आठ कविताएँ सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह ने सभी विजेता भैया- बहनों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में विधालय के सभी आचार्यों का सहयोग रहा।

# निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण का डायट में हुआ शुभारंभ, शिक्षकगण रहे उपस्थित

पहल टुडे / विनोद शर्मा



बरुआसागर ,झांसी : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा निपुण भारत मिशन ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण को प्राचार्य मुकेश कुमार रायजादा एवं उप प्राचार्य हरि सिंह शाक्य के मार्गदर्शन में शुरू किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नीलम यादव द्वारा सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रशिक्षण आयोजक सुनील कुमार साहू ने मंच का संचालन किया। जिला समन्वयक राजेश समेले ने प्रशिक्षण से संबंधित बिंदुओ की संक्षिप्त परिचय दिया। महानिदेशक विजयकिरण आनंद के निदेर्शानुसार निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 - 27 तक प्राथमिक कक्षाओं में सर्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तथा कक्षा -3 तक के सभी बच्चो में पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके क्रियान्वयन हेतु जनपद से डायट प्रवक्ता सुनील कुमार साहू , दीपक भारती , एसआरजी पुष्पेंद्र तिवारी एवं चौधरी धर्मेंद्र सिंह को जनपद स्तरीय सन्दर्भदाता नामित किया गया। सभी ने सीमेट प्रयागराज में जनपद स्तरीय निपुण भारत प्रशिक्षण में झांसी का प्रतिनिधित्व किया व प्रशिक्षण ग्रहण किया। प्रयागराज सीमेट द्वारा प्रशिक्षित किए जाने के उपरांत जनपद झांसी में नियुक्त समस्त एआरपी एवं केआरपी ब्लाक स्तरीय सन्दर्भदाता को डायट में चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षितए आरपी एवं केआरपी ब्लाक में प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, अध्यापकों, शिक्षा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे प्रशिक्षण की शुरूआत सुनील कुमार साहू ने की जिसमें उन्होंने कोविड के कारण अधिगम क्षति को कैसे पूर्ण किया जाए उस पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। पुष्पेन्द्र तिवारी ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी प्रदान की उसके बाद दीपक भारती एवं धर्मेन्द्र चौधरी ने सीखने के सिद्धांत पर आधारित विस्तृत चर्चा की। दिन भर रोचकता पूर्ण प्रशिक्षण चलता रहा जिसमे गतिविधि आधारित शिक्षण योजनाओं की तमाम जानकारियां प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान जनपद के सभी एआरपी एवं केआरपी राहुल त्यागी, प्रवीण प्रताप, अरविंद शंकर, रिजवान परवीन, मनोज कुमार, विवेक तिवारी, देवी प्रसाद, देवेंद्र कुमार वर्मा, किरनलता, नरेंद्र पंथी, विनोद कुमार, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण गुप्ता, शिव शरण, दीपिका वार्ष्णेय, राजकुमार सिंह, आशुतोष जवालिया, आशीष कौशिक, अशोक कुमार तिवारी, नरेंद्र चंद्र गुप्ता, बलराम, गौरव पाण्डेय, सुधाकर अग्रवाल, नीलू साहू, रामनरेश प्रजापति, राजकुमार साहू, विनय कुमार, रामनरेश सिंह, रामबिहारी श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, आलोक द्विवेदी, नरेश शर्मा, राजेश कुमार, अवधेश तिवारी, मनोज तिवारी, जगदीश मौर्य, योगेंद्र द्विवेदी, कमलेश गुप्ता, मुकेश त्रिपाठी, पीयूष अग्रवाल, बीनू चतुर्वेदी, नीरज द्विवेदी, मधू पासी, नीरज नगाइच इस अवसर पर डायट के समस्त प्रवक्ता जुगेंद्र सिंह, प्रेमनारायण, रेखा देवी, रामपाल, मुकेश शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, आलम मंसूरी अंकित अरजरिया, उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समिति ने लाखों रुपए की योजनाओ के 103 कार्यों का अनुमोदन किया

पहल टुडे / विनोद शर्मा

बिजनौर, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिला स्तरीय समिति ने लाखों रुपए की योजनाओ के 103 कार्यों का अनुमोदनकिया। प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों की परियोजनाओं के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों के प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन के लिये जिला स्तर पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति ने 625 विधालयों में रुपए 3723.67 लाख के 103 कार्यों की स्वीकृति व अनुमोदन कर राज्य स्तर पर मुख्य सचिव उ0प्र0 की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित करने के लिये कहा है। वहां से अनुमोदन के उपरांत प्रस्ताव भारत सरकार के अनुमोदनार्थ प्रेषित किये जायेंगे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्राप्त सभी प्रस्तावों को राज्य स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति को अनुमोदन के लिये प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी व लाभाथीर्पूरक योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे अधिकारी यह सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति ने बेसिक शिक्षा विभाग के 587 विधालयों में कराये जाने वाले अतिरिक्त कक्ष, कक्षा का निर्माण, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विधालय के जर्जर भवनों का पुर्ननिर्माण, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, फर्नीचर व आरओ सिस्टम के रुपए 2846.80 लाख के 63 कार्यों, राजकीय आईटीआई बिजनौर में अतिरिक्त वर्कशाप, लैक्चर थियेटर व आईटी लैब के निर्माण के रुपए 598.63 लाख के 03 कार्यों तथा कार्यक्रम विभाग के 37 आंगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण के रुपए 278.24 लाख के प्रस्तावों का अनुमोदन व स्वीकृति प्रदान की।

# कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाने के लिए आयोजित हुआ कैम्प

## कैम्प में वैक्सीनेशन के अलावा बनाये जा रहे है आयुष्मान कार्ड

पहल टुडे ब्यूरो




देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आज कलक्ट्रेट परिसर में कोविड वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाने के लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में 18 वर्ष से अधिक आयु के अधिवक्ता, कर्मचारी व आम नागरिकों ने बूस्टर डोज लगवाया।

जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड 19 संक्रमण के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए अब 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को भी निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में लगे कैम्प में लोग स्लॉट बुक कराने के साथ ही आधार कार्ड लेकर सीधे आ सकते हैं। उपलब्धता के आधार पर उन्हें वैक्सीन की बूस्टर डोज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परिसर में ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी कैम्प का आयोजन किया गया है। निर्धारित योग्यता पूरी करने वाले नागरिक अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड भी बनवा सकते हैं।डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार 30 सितंबर तक समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष टीकाकरण सत्र का आयोजन कर रही है। कोविन पोर्टल पर अपना स्लॉट बुक कर निकटवर्ती स्वास्थ्यकेंद्रों पर अपनी सुविधानुसार निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगवा सकते हैं। उन्होने बताया है कि वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त होने के छह माह अथवा 26 सप्ताह पूर्ण होने के पश्चात ही प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी की प्रेरणा से इस कार्य को प्रारम्भ किया गया है

# स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार उपलब्धता हेतु विकास खंडवार दिवस व तिथि निर्धारित

पहल टुडे ब्यूरो

देवरिया ।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन देवरिया के तत्वाधान में मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पादों यथा साजावटी सामान, गाय के गोबर के दीये, क्ले पेन्टिंग, क्रोसिया, मूंज उत्पाद, राखी, मास्क तिरंगा, खिलौने, खाद्य सामग्री जैम, जैली, आचार, पापड़, मुरब्बा, बड़ी, चाकलेट, केक, लकड़ी के खिलौने, जूट बैग, टेडी बियर, नेम प्लेट, एल०ई०डी० उत्पाद, झालर झूमर आदि के बाजार उपलब्धता हेतु जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर सप्ताहिक हाट-बाजार का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी की प्रेरणा से इस कार्य को प्रारम्भ किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी के इस पहल से जनपद में संचालित स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामानों का प्रचार-प्रसार होने के साथ-साथ उनके आजीविका संवर्धन का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं सभी विकास खण्ड के लिए सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को नोडल नामित किया है। जनपद स्तर पर इस सप्ताहिक हाट-बाजार का आयोजन प्रत्येक सोमवार को विकास भवन परिसर के मुख्य गेट पर ( प्रेरणा सभागार के सामने ) आयोजित किया जाएगा ।मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंडवार साप्ताहिक हांट बाजार के निर्धारित दिवस तथा स्थलों के विवरण में बताया है कि सोमवार के दिन ब्लॉक रामपुर कारखाना हेतु बड़ी बाजार रामपुर कारखाना स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। मंगलवार के दिन ब्लॉक बनकटा व भलुअनी के विकास खंड परिसर तथा देसही देवरिया हेतु पंचायत नौतन हथियागढ स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार बुधवार को ब्लॉक भागलपुर हेतु मईल चौराहा, भटनी हेतु नूरीगंज बाजार, भाटपाररानी हेतु पकड़ी बाजार तथा रुद्रपुर हेतु बेलवा दुबौली हांट बाजार के लिए स्थल निर्धारित किया गया है ।बृहस्पतिवार के दिन ब्लॉक बैतालपुर के गेट पर हाट-बाजार हेतु स्थल निर्धारित किया गया है। शुक्रवार को ब्लॉक बरहज हेतु ग्राम पंचायत लवरछी, गौरी बाजार हेतु सांडा तथा पथरदेवा हेतु रामपुर महुआबारी स्थल के लिए निर्धारित किया गया है। शनिवार के दिन ब्लॉक सदर हेतु पैकौली बाजार, लार हेतु विकास खंड परिसर, सलेमपुर हेतु पड़री बाजार तथा तरकुलवा हेतु तरकुलवा बाजार थाने के बगल में स्थल निर्धारित किया गया है।

इस हाट-बाजार के माध्यम से जनपद के आम जनमानस को अपने विकास खण्ड स्तर पर घरेलू उपयोग के सामाग्री उपलब्ध हो पायगी। साथ ही साथ समूह सदस्यों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य एवं स्थानीय बाजार उपलब्ध होगा। नजदीकी बाजार की उपलब्धता के कारण स्वयं सहायता समूह के मनोबल में वृद्धि होगी और समूह सदस्य अन्य विभन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य उत्पाद बनाकर विक्रय करेंगे।

## 12 वर्षों से विद्यालय से अनुपस्थित रही शिक्षिका विभाग की देर से खुली आंखें

**गत दिवस शिक्षिका के विरुद्ध सेवा समाप्ति की गई कार्यवाही।**

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई



बछरावां रायबरेली। विकाश क्षेत्र अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी वरुण कुमार मिश्र ने लंबे समय से गायब चल रही प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पूजिता मिश्रा की सेवा समाप्ति की प्रबल संस्तुति अपने पत्र 505-11/2022-23 दिनांक 19/07/2022 द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली से की है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बाछुपुर की प्रधानाध्यापिका शिखा शुक्ला द्वारा दिनांक 08/07/2022 को खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां को पत्र द्वारा अवगत कराया कि उनके विद्यालय की सहायक अध्यापिका पूजिता मिश्रा की नियुक्ति जुलाई 2009 में हुई थी और वह अगस्त 2010 से अनवरत अनुपस्थित है।इस संबंध में अनुपस्थित शिक्षिका को रजिस्टर्ड डाक से एवम समाचार पत्रों के माध्यम से कई बार सूचित भी किया गया लेकिन वह विद्यालय में उपस्थित नहीं हुई। इस दौरान उक्त शिक्षिका को कई नोटिस भी प्रेषित किए गए लेकिन उसका कोई जवाब नहीं दिया गया।इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बछरावां श्री मिश्र ने बताया कि शासकीय नियमों के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अधिकतम 5वर्षों तक का असाधारण अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है किंतु पूजिता सहायक अध्यापिका निरन्तर 12 वर्षों से अनुपस्थित हैं जिस कारण संबंधित शिक्षिका सेवाएं समाप्त करने की प्रबल संस्तुति की गई है।श्री मिश्र द्वारा की गई कार्यवाही से लापरवाह शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। वहीं क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि 12 वर्ष से गायब चल रही शिक्षिका का अभी तक शिक्षा विभाग ने कोई कार्यवाही क्यों नहीं की यह एक सोचनीय प्रश्न है।

# परिवहन निगम की बस से ले जा रहे गांजे को माल के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट रमेश बाजपेई

रायबरेली।भदोखर पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब मुखबिर की सूचना पर लखनऊ से प्रयागराज जा रही एसी बस को पुलिस टीम ने रोका और तलाशी शुरू की तलाशी के दौरान को एक संदिग्ध बोरी दिखाई दी।जब बोरी को खोला गया तो उसमें गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने बोरी को अपने कब्जे में लेकर बस में मौजूद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

बताया जा रहा है कि लखनऊ से आ रही एसी बस यूपी 78 एफ एन 8669 जो प्रयागराज जा रही थी सूचना पर भदोखर पुलिस ने । बस रोक रखे सामान की तलाशी लेनी शुरू की तो एक संदिग्ध बोरी दिखाई दी। बोरी को खोलने पर गांजा भरा हुआ था।तत्काल पुलिस टीम ने बस में मौजूद गिरीश मिश्रा नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वही अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कुछ लोग गांजे की तस्करी कर रहे है। सूचना मिलने पर बस को रोका गया तलाशी में एक बोरी गांजा बरामद हुआ। साथ ही एक युवक को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

## आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की गई बैठक

**बैंकों में लम्बित प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों के निस्तारण के लिए की गई बैठक**

रायबरेली।उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार व अब्दुल शाहिद, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 13 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंकों में लम्बित प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के द्वारा की गयी। नोडल अधिकारी लोक अदालत विद्या भूषण पाण्डेय द्वारा बैठक में उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

### फास्ट ट्रैक

## दीवाल काटकर चोरो ने जनसेवा केंद्र से उड़ाया नगदी सहित लाखों का सामान



शिवगढ रायबरेली। थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीखेड़ा स्थित जन सेवा केंद्र व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र में सेंध काटकर 5000 नकदी सहित लाखों की सामान चोरी ,केंद्र संचालक ने थाने में दी तहरीर ज्ञात हों कि बांदा बहराइच मार्ग पर रानीखेड़ा चौराहा से 200 मीटर दूर कई वर्षों से जन सेवा केंद्र व सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन जियाखेड़ा मजरे बहादुर नगर के सुमिरन करते हैं रोज की तरह रविवार को भी वे शाम करीब 8:00 बजे केंद्र को बंद कर घर चले गए ह्ल सावन का पहला सोमवार होने से सुमिरन सुबह भवरेश्वर मंदिर जल चढ़ाने चले गए करीब 7:00 बजे पड़ोस के एक व्यक्ति ने सुमिरन को फोन करके बताया कि तुम्हारे केंद्र के पीछे सेंध कटी है। यहां भीड़ भी लगी है यह सुनते ही केंद्र के संचालक सुमिरन करीब डेढ़ घंटे बाद अपने केंद्र पर पहुंचे तो देखा कि वहां भीड़ लगी थी सुमिरन ने शटर उठाया तो देखा अंदर रखा कंप्यूटर,प्रिंटर, इनवर्टर बैटरी, कैमरा सहित कीमती सामान व गल्ले में रखे ?5000 गायब थे जिसकी सूचना डायल 112 को दी ह्ल मौके पर पहुंची डायल 112 ने जांच की और थाने में तहरीर देने की बात कही ह्ल थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा

## मुस्लिम युवकों ने किया नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार

**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किया मुकदमा दर्ज**

**सिंभावली** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भौपुर में मुस्लिम युवक ने हिंदू लड़की के साथ बहला-फुसलाकर बलात्कार किया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार को सूचना मिलते ही युवक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज ग्रामीणों में आक्रोश में आकर आरोपी युवक के घर में की तोड़फोड़ ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया आरोपी युवक नाबालिग लड़की के पीछे काफी समय से छेड़छाड़ कर रहा था मौका मिलते ही आरोपी मुस्लिम युवक ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार कर दिया जिसकी तहरीर थाना सिंभावली में दी गई थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नाबालिग के साथ हुए बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मेडिकल जांच कराकर आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा वही ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा की गई कार्रवाई गांव में शांति का माहौल बना थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को समझाकर मुकदमा दर्ज किया जिससे ग्रामीण शांत हुए ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा कार्रवाई करने पर ग्रामीण पुलिस पर भरोसा करने लगे

## मुस्लिम युवकों ने किया नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार

**सिंभावली** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भौपुर में मुस्लिम युवक ने नाबालिक हिंदू लड़की के साथ बहला-फुसलाकर बलात्कार किया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार को सूचना मिलते ही युवक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज और आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के लिए टीम का क्या गठन ग्रामीणों में आक्रोश में आकर आरोपी युवक के घर में की तोड़फोड़ ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया आरोपी युवक नाबालिग लड़की के पीछे काफी समय से छेड़छाड़ कर रहा था मौका मिलते ही आरोपी मुस्लिम युवक ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार कर दिया जिसकी तैयारी थाना सिंभावली में दी गई थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नाबालिग के साथ हुए बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मेडिकल जांच कराकर आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा वही ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा की गई कार्रवाई गांव में शांति का माहौल बना थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को समझाकर मुकदमा दर्ज किया जिससे ग्रामीण शांत हुए ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा कार्रवाई करने पर ग्रामीण पुलिस पर भरोसा करने लगे

# सेना के जवान की मां ने पुत्र को बचाने की पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

पहल टुडे




रायबरेली। सेना में भर्ती जवान को गांव की कुछ शातिराना प्रवत्ति की महिलाओं के चंगुल से बचाए जाने की मांग सैनिक की माँ ने पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़िता ने कहा है कि उक्त महिलाएं उसके बेटे को फंसा कर रुपए ऐठना चाहती हैं। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र मे राजवती पत्नी रामलाल निवासी ग्राम बेला गुसीसी थाना भदोखर ने बताया है कि उसका पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव भारतीय थल सेना मे 16 मार्च 2018 से नौकरी कर रहा है। जिसको प्रतिपक्षिनी ममता यादव पुत्री राम गुलाम पत्नी राजेश कुमार यादव निवासिनी ग्राम ग्रीपशाह का पुरवा थाना कोतवाली नगर जिला रायबरेली ने अपनी मौसेरी बहन रीता यादव पुत्री शेर बहादुर निवासिनी ग्राम पूरे तिवारी मजरे बेला गुसीसी थाना भदोखर से मिलकर षडयंत्रपूर्वक सेना में तैनात उसके लड़के को अपने जाल में फँसाते हुए 31मई 2021 को नोटरियल अनुबन्ध फर्जी गवाह बुलाकर विवाह करा दिया।

ममता यादव एवं रीता यादव ने मिलकर पीड़िता के पुत्र का मानसिक शोषण शुरू कर दिया और रुपए पैसे की माँग करने पर झूठे बलात्कार के मामले मे फसाने की धमकी देने लगी मेरा पुत्र परेशान रहने लगा। मुझे सारी बात बतायी और मै जब पूछने गई तो मुझ बुढिया को भगा दिया। कहा कि पाँच लाख रुपए लेकर आओ नही तो बलात्कार में दोनो मिल कर फॅसा देगे जेल में रहेगा और नौकरी भी चली जायेगी ।रीता यादव ने थाना भदोखर मे धारा -376 आईपीसी का प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने बुलाकर बयान लिया और जानकारी करने के बाद मुकदमा पंजीकृत नही किया था। जिस पर रीता ने न्यायालय में अंपराध धारा 156(3) का प्रार्थना पत्र दिया जो अभी भी विचाराधीन है। लेकिन उक्त लोग धमकी देकर 13 अप्रैल 2022 को दो लाख रुपए मुझसे दीवानी कचेहरी परिसर रायबरेली मे लिया। ममता जो गिरोह की मुखिया है ने भी पैसे की मॉग की और रीता के जैसा हुबहू मनगढन्त प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को देकर अपने प्रभाव में लेकर अपराध संख्या - 212/2022 धारा 419, 420, 406, 452, 313, 376 का मुकदमा थाना कोतवाली में पंजीकृत करा दिया और लगातार पाँच लाख रुपए की माँग कर रही है कि पैसे दें दो तो समझौता कर लेगे, नही तो तुम्हारे लड़के को जीवन भर जेल में रहना पड़ेगा और आर्मी की नौकरी भी चली जायेगी ।जो कि पहले भी अपराध धारा -376, 406 आईपीसी आदि कई मुकदमा लोगो पर लगा है एवं उसके ऊपर भी कई मुकदमे है। आरोप प्रत्यारोपो में कितनी सत्यता है यह जांच का विषय है।

## नाबालिग लड़की को भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

पहल टुडे

महराजगंज रायबरेली। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ित माँ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि पुलिस को तहरीर देते हुए क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी नाबालिक लड़की की माँ ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि दस बजे खाना खाकर मेरी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की व परिजन सो गए। सुबह उठने पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी ना मिलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की। पीड़ित मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए नाबालिग को भगाने के आरोपी पूरे हनुमंत सिंह गांव निवासी युवक लवकुश पुत्र दुक्खी को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। नाबालिग को भगाने के आरोप में गिरफ्तार युवक को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये पुष्कर मिश्र, महिला अस्पताल, वृद्धा आश्रम में फल का वितरण



**पुष्कर मिश्र के संकल्पों को पूरा करना जीवन का लक्ष्य– रूपम मिश्रा**

पहल टुडे

बस्ती । बस्ती जिले में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्रा के पति पुष्कर मिश्र को उनके द्वितीय पुण्य तिथि पर याद किया गया। भावुक रूपम मिश्रा ने मंगलवार को महिला अस्पताल के वार्डो में और बनकटा स्थित वृद्धा आश्रम में फल वितरित किया। इसी कडी में नगर पालिका परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्रा ने कहा कि कोरोना के कहर ने असमय उनके पति को छीन लिया। उनका आजीवन प्रयास रहेगा कि पुष्कर मिश्र के स्वच्छ बस्ती, सुन्दर बस्ती के सपनों को साकार किया जाय। यह प्रयास निरन्तर जारी है। पुष्कर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ओम प्रकाश मिश्र पप्पू भैय सन्तोष शुक्ला, संजय उपाध्याय टीट लवकुश चैबे, देवदत्त पाठक, विपिन राय, जगदीप श्रीवास्तव, मो. इद्रीस, सोनू पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता, सचिन शुक्ल, रामू पाठक, गोपाल चैरसिया, मो. कम्मू, मो. अजीज, सुभाष श्रीवास्तव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अतुल सिंह, प्रभाकरमणि त्रिपाठी, चिन्टू मिश्र, राजकुमार श्रीवास्तव, गिरीश सिंह, घनश्याम चित्रगुप्त, तारक जायसवाल आदि शामिल रहे।

# महज 3 घण्टे में नाबालिग बरामद, बालक ने रची थी अपहरण की साजिश

**महज 3 घण्टे में नाबालिग बरामद, बालक ने रची थी अपहरण की साजिश**

पहल टुडे



बस्तीः पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत हरैया पुलिस ने लापता हुए नाबालिग बालक को 03 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। 18 जुलाई को शाम करीब 07.45 बजे वरुण वर्मा पुत्र स्व. रामपरिखन वर्मा निवासी ग्राम परसौडा थाना हरैया ने थाने पर सूचना दिया गया कि रत्नेश उर्फ अमन पुत्र अरविंद कुमार चैधरी उम्र करीब 16 वर्ष निवासी ग्राम धमौरी पोस्ट कुर्सिया थाना पुरानी बस्ती 18 जुलाई को घर से समय करीब 08.15 बजे अपने विद्यालय-गजाधर सिंह अंगद सिंह इण्टर कालेज हरैया को गया परंतु वह घर नहीं लौटा। साईकिल व स्कूल बैग विद्यालय से 200 मीटर दूर पड़ा हुआ मिला।

हरैया पुलिस, सर्विलांस टीम, एसओजी व साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से महज 03 घण्टे के अंदर लापता बालक को परसौडा गांव के पास स्थित मंदिर से सकुशल बरामद कर लिया गया। बाद में पुजिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए नाबालिग को उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अमन उर्फ रत्नेश द्वारा किन्हीं कारणों से नाराज होकर, मानसिक द्वंद्व में आकर, रोडवेज बस से बस्ती चला गया था एवं उसने स्वयं ही अपने मोबाईल नंबर से अपने माता के नंबर पर धमकी, फिरौती का व्हाट्सएप मैसेज भेजा था। लोगों ने पुलिस टीम की प्रशंसा की है। बालक को बरामद करने में प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेश सिंह, प्रभारी एसओजी टीम एसआई उमेशचन्द्र वर्मा, प्रभारी सर्विलांस एसआई शशिकांत, प्रभारी साइबर सेल एसआई मजहर खान तथा का0 जितेन्द्र कुमार का योगदान रहा।

## हत्या के मामले में सास, नंद व जेठानी को आजीवन कारावास

बस्ती। बस्ती जिले में न्यायालय अपर सत्र एवं फास्ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने हत्या के मामले में सास, नंद व जेठानी को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है।न्यायाधीश ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।इसे अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। शासकीय अधिवक्ता राघवेश प्रसाद पांडेय ने अदालत के समक्ष घटना का वितरण रखा। उन्होंने न्यायाधीश को बताया कि घटना 16 अगस्त 2018 की है।मुंडेरवा थाना क्षेत्र के विक्रम चैधरी ने अपनी बेटी शांति की शादी घटना से सात साल पहले इसी थाना क्षेत्र के मुरादपुर निवासी योगेंद्र से किया था।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

पहल टुडे



बस्ती । बस्ती जिले में शादी का झांसा देकर लालगंज थाना क्षेत्र की एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया गया और दहेज को लेकर शादी से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी राजेश कुमार यादव समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी गई है। बाइस वर्षीय युवती ने थाने में तहरीर दिया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार यादव ने उसके शादी करने का झांसा दिया। इसका फायदा उठा कर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी राजेश के घर वाले शादी में दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि इसके बाद राजेश ने परिवार वालों की रजामंदी से शादी से मना कर दिया। लालगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राजेश के अलावा उसके भाई सुरेश यादव, श्याम बचन, मां कुशलावती समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दिया है।

## डीएम ने किया महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कालेज का निरीक्षण, विद्युत आपूर्ति दुरूस्त करने के निर्देश

पहल टुडे



बस्ती ।बस्तीजिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कालेज रामपुर का निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिया है कि मेडिकल छात्र एवं छात्राओं के दोनों हास्टल को जनरेटर से भी जोड़ा जाय ताकि उन्हें आकस्मिकता में विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। उल्लेखनीय है कि रविवार को अण्डरग्राउण्ड विद्युत केबिल में फाल्ट आ जाने के कारण दोनो हास्टल में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी, जो सोमवार को दोपहर तक बहाल हो पायी।इसकी वजह से छात्र-छात्राओं को भीषण गर्मी में तमाम असुविधा का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी ने विद्युत अधिकारियों से कहा कि मेडिकल कालेज द्वारा प्रतिमाह 20 लाख रूपया बिजली का बिल भुगतान किया जाता है, इसलिए एक अच्छे उपभोक्ता को अच्छी सेवाए प्राथमिकता पर विभाग को देना चाहिए। उन्होने प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. मनोज कुमार को निर्देश दिया कि एक अतिरिक्त जनरेटर की व्यवस्था कर लें। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियन्ता विद्युत गुलाम मुस्तफा, अधीक्षण अभियन्ता सुशील कुमार आर्य, प्रभारी सीएमओ डा. जय सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, डा. अनिल यादव उपस्थित रहें।

**इसी मामले में कानूनगो बिना जाँच ही लेखपाल को दे चुके हैं क्लीनचिट**


# लेखपाल के भ्रष्टाचार की जाँच करने पहुँचे तहसीलदार ग्रामीणों ने लेखपाल के धनउगाही की खोली पोल

पहल टुडे



बस्ती ।बस्ती जिले के कप्तानगंज लेखपाल महेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में की जा रही धनउगाही एवं ग्रामीणों का हो रहे शोषण की जाँच करने दबंग तहसीलदार हर्रैया इन्द्रमणि तिवारी ग्राम पंचायत कौड़ी कोल पहुँचे तो ग्रामीणों ने लेखपाल महेन्द्र सिंह के घूसखोरी की कलई खोलकर रख दी । इसी मामले में कानूनगो अनिल कुमार श्रीवास्तव शासनादेशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए बिना स्थलीय सत्यापन के ही आरोपी लेखपाल महेन्द्र के प्रति अतिप्रेम दशार्ते हुए क्लीनचिट भी दे चुके हैं । आपको बताते चलें कि लेखपाल महेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही धनउगाही की शिकायत ग्राम प्रधान रणजीत ने ग्रामीणों के साथ हर्रैया संपूर्ण समाधान दिवस में किया था । काफी समय बीतने के बाद भी तहसील स्तरीय कोई भी जिम्मेदार मामले की जॉच व स्थलीय सत्यापन करने मौके पर नहीं पहुँचा था तो इसी बीच आरोपी लेखपाल महेन्द्र सिंह सादे पेपर पर कुछ ग्रामीणों का हस्ताक्षर बनवाकर कानूनगो अनिल श्रीवास्तव से दुरभिसंधि करके व अधिकारियों को गुमराह करते हुए मामले को निस्तारित करवा कर अपने पक्ष में क्लीनचिट भी लिखवा लिया ।इस बाद की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो सोशलमीडिया पर इस बात की खबरें वायरल होने लगीं कि बिना जाँच लेखपाल को कानूनगो ने दिया क्लीनचिट ।सोशलमीडिया पर राजस्व विभाग की काफी फजीहत होने के बाद आखिरकार दिनॉक 19 जुलाई 2022 को तहसीलदार हर्रैया लेखपाल महेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही धन उगाही का स्थलीय सत्यापन करते कौड़ी कोल गांव में पहुँचे ।अपने बीच तहसील को पाकर ग्रामीणों नें अपने बयान के माध्यम से लेखपाल के भ्रष्टाचार की पोल खोलना शुरू किया तो तहसीलदार भी दंग रह गए ।सब मिलाकर ग्रामीणों के बयान एवं जाँच में यह बात सामने उभरकर आ चुकी है कि लेखपाल महेन्द्र सिंह द्वारा क्षेत्र में धन उगाही की जा रही है , गाँव की जनता लेखपाल से परेशान है फिर कानूनगो अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा आम जनता का गला घोटते हुए बिना जॉच लेखपाल को क्लीनचिट भी दे चुके हैं । अब देखना यह है कि जॉच सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए की गयी है या तहसीलदार हर्रैया द्वारा कुछ कार्यवाही भी की जायेगी ।

# जसरथपुर पुलिस ने 06 जुआरी नगदी तथा ताश के पत्तों सहित किये गिरफ्तार



पहल टुडे / रिपोर्टर मिथुन गुप्ता एटा

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी अलीगंज राजकुमार के नेतृत्व में जुआरियों/सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जस ?थपुर पुलिस द्वारा 06 जुआरियों को मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए 1350 रुपए व 52 ताश के पत्तों सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल। जुआरियों के विरुद्ध मुअस०झ्र 79/2022 धारा 13 जी एक्ट (जुआ अधिनियम) पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मिरहची को मिला नगर पंचायत का दर्जा, कस्बाइयो में खुशी बाटी मिठाई

- लम्बे समय से चल रही थी कस्बा को नगर पंचायत बनाने की माँग।
- नगर पंचायत की घोषणा के बाद के कस्बा निबसियों में खुशी की लहर।
- अब लगेंगे कस्बा में विकास के पंख, मिलेगी लोगों को नगरीय सुबिधाये।

पहल टुडे / अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। जिले को एक और नगर पंचायत मिल गई है। मिरहची ग्राम पंचायत को अब नगर पंचायत का दर्जा सरकार ने दे दिया है। अब मिरहची व उसमे शामिल ग्राम पंचायत के लोगो को सड़क, बिजली, पानी व साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं और अच्छे स्तर पर मिल सकेंगी। मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से कस्बे वासियों में खुशी देखने को मिल रही है। बता दें कि लंबे समय से मिरहची कस्बे वासी मिरहची को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग कर रहे थे। इससे एक वर्ष पूर्व 21 दिसम्बर 2020 को कस्बा को नगर पंचायत बनाने की अनन्तिम सूचना विधायक जी के अथक प्रयासों से जारी हो गई थी। लेकिन अंतिम सूचना जारी ना होने के चलते प्रशासन यहाँ प्रधानी के चुनाब करा दिये गये थे। जिससे कस्बा के लोगो बहुत निराश हुए थे। उसके बाद मारहरा भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी दुबारा कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के प्रयास रत रहे, और उन्होंने आने अथक प्रयासों से कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा दिला ही दिया। मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद कस्बे वासियों में खुशी की लहर है। लोग जगह-जगह मिठाई बटकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे है। लगेंगी यह सुविधाएं मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद अब मिरहची व उसमे सामिल ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान नहीं, बल्कि चेयरमैन चुना जाएगा। कस्बे में साफ-सफाई को लेकर काम हो सकेगा। नगर पंचायत की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। कस्बे के पड़ोसी मजरे भी नगर पंचायत में आएंगे पेयजल के लिए ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन बिछेगी, सामुदायिक शौचालय, पिंक टॉयलेट की सुविधा होगी। कस्बे में सड़कों का बेहतर जाल बिछ सकेगा बोले विधायक, अब होगा विकास भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मिरहची कस्बे में बड़ी आबादी व हाईवे पर होने के बावजूद कस्बे में उचित विकास नहीं हो पा रहा था। कस्बे वासी लंबे समय से मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग उनसे कर रहे थे। उनकी समस्या जायज थी। जिस पर उनके द्वारा गंभीरता से कार्य करते हुए कस्बे वासियों की मांग को मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री आदि के सामने रखकर जल्द समाधान का अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन भी दिया था। मुख्यमंत्री के द्वारा मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। अब कैबिनेट के प्रस्ताव की मंजूरी से यहां भी संसंगठित विकास होगा। यहां भी अब नागरिकों को सुविधाएं मिल सकेंगी। अभी तक ग्राम पंचायत होने से मिरहची काफी पिछड़ा हुआ था। कई गांवों के शामिल होने के बाद अब सभी का विकास होगा, सुविधाएं मिलेंगी। सर्वेश कुमार उपाध्याय, जिन्हैरा मिरहची बड़ा होने के बाद भी काफी पिछड़ा हुआ था। तमाम समस्याएं यहां थीं। अब नगर पंचायत होने से मिरहची समेत शामिल दूसरे गांवों में विकास की गंगा बहेगी और सभी नागरिकों को फायदा होगा। संतोष कुमार सर्राफ, मिरहची नगर पंचायत का दर्जा तो मिरहची को पहले ही मिल जाना था। नेक काम में तमाम दिक्कतें और बाधाएं आती है। अब देर से सही, लेकिन मांग तो पूरी हो गई। अब सभी को इसका फायदा मिलेगा। जितेंद्र पाल सिंह (बंटी), जिला पंचायत सदस्य कस्बा को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव कैविनेट में पास होने के बाद मन खुश हो गया है। जिन सुबिधायो के लिए दिन रात चक्कर काटते थे, अब वो सुबिधाये खुद-खुद चलकर दरबाजे पर आएगी। इससे सुखद पल ओर क्या हो सकते है। राजेश कुमार साहू, मिरहची यहाँ मूलभूत सुबिधायो की समस्या लोगों के साथ चलती है। पेयजल, जल निकासी, बिजली किसी भी बिंदु पर लोग खुश नही मिलेंगे।

फास्ट ट्रैक

# कॉउ प्रोटक्शन के लिए वाईडी कॉलेज प्राचार्य ने शिक्षकों के सहयोग से फंड में दिए 17 हजार

पहल टुडे ब्यूरो चीफ आकाश गुप्ता

लखीमपुर खीरी। खीरी जिले में जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शुरू अभिनव मुहिम कॉउ प्रोटक्शन फंड में लोगों के जुड़ने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को डीएम से कलेक्ट्रेट स्थित उनके दफ्तर में युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत पाल ने मुलाकात कर फंड में 17 हजार की चेक सौंपी। समाचार लिखे जाने तक कॉउ प्रोटक्शन फंड में 19.32029 लाख की धनराशि जमा की जा चुकी है ।झमाझम बारिश के बीच डीएम दफ्तर पहुंचे प्राचार्य डॉ हेमंत से डीएम ने मुलाकात का कारण जाना, जिस पर उन्होंने कॉउ प्रोटक्शन फंड की चेक देने की बात कही। डीएम से बातचीत में प्राचार्य डॉ हेमंत ने बताया कि फंड में दी धनराशि उनके व महाविद्यालय शिक्षकों के स्वैच्छिक सहयोग शामिल है। प्रशासन की इस अनूठी व पुनीत मुहिम से महाविद्यालय परिवार आगे भी जुड़ा रहेगा ।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदवासियों से भी अपील की कि उनकी जो भी क्षमता है उसके हिसाब से फंड में धनराशि दे सकते हैं। गोवंश की सेवा हमारी संस्कृति की पहचान हैं। हमारी सभी से अपील है कि गोवंश के संवर्धन और सेवा के लिए यथासंभव धन और भाव का दान करने के लिए आगे आएं। हम उम्मीद करते हैं और आमजन इससे जुड़ कर इसे सफल करेंगे। इस बैंक खाते में दान करें इच्छुक गोवंश प्रेमी ।इंडियन बैंक शाखा विकास भवन में संचालित बैंक खाता ₹उडह 7222033852, आईएफएससी कोड : कऊकइ000₹528 में अपनी स्वेच्छा से गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए दान कर सकते हैं।

# रोट्रेक्ट क्लब ने आयोजिय किया वूमेन हेल्थ एंड हाइजीन कार्यक्रम

पहल टुडे शहंशाह आलम



गोला गोकर्णनाथ खीरी। महिलाओं का स्वास्थ्य मानव सभ्यता और स्वास्थ्य प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है क्योंकि महिलाएं मानव समाज का लगभग आधा भाग हैं। कई स्वास्थ्य मामलों में महिलाएं पुरुषों के अनुकूल मानक रखती हैं, जैसे कि स्वास्थवर्धक खान-पान या हानिकारक खान-पान के मानक महिलाओं और पुरुषों में लगभग समान हैं। फिर भी प्रकृति ने जन्म से स्त्री-पुरुष के शरीर और स्वास्थ्य में कई बारीकियां और अंतर रखी हैं और इसीलिए सभी महिलाओं व बच्चियों को इनका ज्ञान रहना अति आवश्यक है....यह बात डॉक्टर अंशू वर्मा ने वूमेन हेल्थ एंड हाइजीन कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ो छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान न्यू पैरामाउंट कम्पटीशन क्लासेज में रोट्रेक्ट क्लब गोला 'यूथ' द्वारा आयोजित वूमेन हेल्थ एंड हाइजीन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अंशू वर्मा ने महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया व उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंका का समाधान भी किया ।कार्यक्रम में विशेष सहयोग सुधीर ट्रेडर्स के प्रोपाइटर अविनाश देवल का रहा आप की ओर से छात्राओं को नाइन सेनेटरी पैड भी संस्थान के सभी छात्राओं को डॉ अंशू वर्मा व संस्थान की शिक्षिका गौरी शर्मा व कंचन मिश्रा द्वारा बांटे गए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब गोला के अध्यक्ष डॉक्टर योगेश कनौजिया ने की व संयोजक पटेल सुशील वर्मा रहे ।इस अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ के सचिव फरीद अहमद, कोषाध्यक्ष ठाकुर गौरीश सिंह, रोट्रेक्टर हर्षित गुप्ता, रोट्रेक्टर प्रशांत श्रीवास्तव व संस्थान की शिक्षिकाओं समेत सैंकड़ो छात्राएं उपस्थित रहीं।

# सिंदुरिया से रनियापुर निर्माण हो रहे मार्ग का सदर विधायक ने किया निरीक्षण

## विकास का आधार है उत्तम सड़क : जय मंगल

पहल टुडे



**महाराजगंज।** सेंदुरिया से रनियापुर मार्ग जो जर्जर हालत में था क्षेत्र के लोग लगातार इस मार्ग को बनवाने के लिए आवाज उठाते रहे ।इस सड़क के निर्माण के लिए सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने विभागीय अधिकारियों से लखनऊ में लगातार संपर्क कर इस मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।

बुधवार को अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा कुंवर प्रताप के साथ सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बताते चले कि इस मार्ग का निर्माण नई तकनीकी से होने जा रहा है ।उत्तर प्रदेश में पहली बार नई तकनीकी एफ डी आर तकनीकी प्रयोग कर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है ।अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि पैकेज संख्या 4795 रोड सेंदुरिया से रनियापुर मार्ग के चैनेज पर नई तकनीकी ट्रायल पैच का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।उक्त ट्रायल पैच के टेस्ट रिजल्ट आई आई टी बी एच यू, आई आई टी रुड़की से कराने के पश्चात शेष कार्य त्वरित गति से कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि जनता की बहुत मांग थी और सड़क भी बहुत खराब हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सड़को के निर्माण का कीर्तिमान बनाया है। आज जनपद के सभी प्रमुख सड़के बन चुकी है जो बाकी रह गई थी उन पर भी जल्द कार्य शुरू हो रहा है ।इस सड़क का भी कार्य उसी कड़ी में है। विधायक ने नए तकनीकी की मशीन तथा उस जगह पर जाकर निरीक्षण किया जहा नई तकनीकी की सड़क के निर्माण के लिए केमिकल और मिट्टी के सम्मिश्रण किया जा रहा था। अधिशासी अभियन्ता ने कहा कि पूर्वांचल में यह पहली बार प्रयोग किया जा रहा है ।यदि संस्थानों ने अपनी सफल स्वीकृति दे दी तो इस विधि से कम समय में बेहतर मानक की सड़क हम बनवाएंगे ।इस अवसर पर गिरिजा पालीवाल, पी एम यू के अधिकारी ,सहायक अभियंता, अवर अभियंता के अलावा पूर्व प्रधान अजय पटेल, संजीव शुक्ला, राकेश अग्रहरी मौजूद रहे।

# कोतवाली देहात पुलिस ने जुआ खेलते 4 जुआरियों को 2490 रुपये व ताश के पत्तों सहित किया गिरफ्तार



पहल टुडे

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु जुआरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सरकारी ट्यूबवैल के पास भट्टे के पीछे चौकी क्षेत्र मरथरा से 04 जुआरियों को जुआ खेलते हुए किया गिरफ्तार। 04 जुआरियों के विरुद्ध मुअसं०-247/2022 धारा 13ॠ अू३ पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए छापेमारी

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। शासन के आदेश पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़ व नगर पालिका के द्वारा नगर के दुकानदारों पर सिंगल यूज प्लास्टिक रोकने के लिए छापेमारी की गई जिसमें लगभग 20500/ रुपए का शमन शुल्क वसूला गया एवं 5 किलो 100 ग्राम थैली व गिलास जप्त किए गये। शासन ने एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णता प्रतिबंध कर दिया। इस पर कल उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अलीगढ़ के अधिकारी केके सारस्वत व खाद्य एवं सफाई निरीक्षक महेश चंद नगरपालिका की टीम लेकर नगर के बाजार में दुकानदारों पर छापेमारी की गई। जिसमें 10 दुकानदारों से लगभग 5 किलो थैली बरामद की एवं प्लास्टिक गिलास बरामद किए सभी दुकानदारों से 20500/ रुपए का समन शुल्क वसूला गया उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी केके सारस्वत ने सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। और दुकानदारों को जागरूक किया की केंद्र व राज्य की सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णता प्रतिबंध कर दिया है। इस आदेश का कढाई से पालन कराया जायेगा। किसी को भी आदेश की अनदेखी नही करने दी जायेगी। सभी दुकानदार और ग्राहक सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें। अगर दूसरी बार में किसी भी दुकानदार पर सिंगल यूज प्लास्टिक मिलती है। तो उस पर बड़ा जुमार्ना एवं मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।



# परिवार परामर्श केंद्र ने काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े 02 घरों को फिर से जोड़ा

पहल टुडे / मिथुन गुप्ता एटा





एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में दो टूटने के कगार पर खड़े परिवारों को जोड़कर किया एक, पहला मामला, राखी देवी पत्नी राहुल निवासी रेवाड़ी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर एटा की शादी राहुल पुत्र सुखराम निवासी रेवाड़ी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर एटा के साथ हुई थी। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, दोनों के बीच मतभेद दूर कराकर खुशी-खुशी विदा किया गया, दूसरा मामला, आरती पत्नी गरुण निवासी पाडम थाना जसराना जिला फिरोजाबाद की शादी गरुण पुत्र अर्जुन सिंह निवासी मारहरा जिला एटा के साथ हुई थी, दोनों के बीच आपसी घरेलू विवाद चल रहा था, दोनों पक्षों को समिति के सामने बुलाया गया आपसी मतभेद दूर करते हुए दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए दोनों को समिति के सामने से खुशी-खुशी विदा किया गया, बैठक में महिला थाना प्रभारी नंदिनी सिंह, काउंसलर अकरम खान, ब्रजवाला वरिष्ठ, गीता शर्मा, सीमा मल्होत्रा, सचेन्द्र गुप्ता, के अलावा हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, कांस्टेबल पूजा यादव, कांस्टेबल धर्मवीर सिंह, के अलावा अन्य पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा।

# गलत शिकायत पर उजड़ा आशियाना नहीं दी सूचना

एटा। हिम्मत नगर बझेरा में शिव मंदिर परिसर में अवैध कब्जा के तहत हुई कार्यवाही में एक दयाशंकर पुत्र मोहन लाल निवासी हिम्मत नगर बझेरा के नाम दर्ज हैं जिसका नम्बर खसरा/ खतौनी संख्या 991 स दर्ज हैं सामिल जमील करीब सबा बीघा जमीन हैं जिसमें पशुओं के लिए भूसा बुझी एवं पशुओं के चारा काटने बाली मशीन एक कमरा व दो झोपड़ी बना रखी थी। उसे बिना सूचना दिए प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है पीड़ित ने बताया कि मेरा कोई अवैध कब्जा नहीं है ना ही किसी प्रकार से किये जाने का प्रयास किया है मेरी सबा बीघा जमीन लेखपाल द्वारा पैमाइस कराकर मुझे मेरी जमीन दिलायी जाय।

# आरएसएस ने मिरहची में किया गुरु पूजन

**संघ के संस्थापक डा.हेडगेवार के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला गया।**

**कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी गुरु दक्षिणा अर्पित की।**

रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन कस्बा के मारहरा रोड पर स्थित श्री राम पैलेस के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश राठौर ने की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक व राष्ट्रीय हित में संचालित से संघ की विविध गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। संघ के विभाग प्रचारक चंदन जी ने कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवकों ने देश की सुरक्षा व सामाजिक विकास के लिए समर्पित भाव से अपना सतत योगदान किया है। संघ के संस्थापक डा.हेडगेवार के जीवन व आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। संघ के ध्वज व डा. हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रायः सभी उपस्थित लोगों ने अपनी गुरु दक्षिणा अर्पित की। इस अवसर पर महाकवि विद्यापति व भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े विविध प्रसंगों के माध्यम से लोगों को जागृति का संदेश दिया गया। संघ के वरिष्ट स्वमसेवक पदम जी ने एक गीत प्रस्तुत किया- चंदन है इस देश कि मिट्टी, तपोभूमि हर ग्राम है, हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा-बच्चा राम है। इस गीत की प्रस्तुति के दौरान लोग तन्मय हो चले। भारतीय जीवन संदर्भों में भगवा ध्वज की महत्ता भी रेखांकित की गई। संघ के खण्डकार्यवाह अमित महाजन सहित संघ के समस्त समाजिक कार्यकताओं समेत सभी उपस्थिति लोगो ने प्रार्थना के दौरान भारत माता को नमन निवेदित किया। कस्बा में आयोजित इस समारोह में सामाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं समेत प्रबुद्धजनों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस मौके पर अमरीश शिकरवार, दुर्गेश साहू, चन्द्रपाल सिंह, खिलाड़ी राम साहू, संतोष सराफ, दर्शन सिंह, केपी यादव, शीलेन्द्र नायक, गोपाल साहू, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, नितिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नीरज माहेश्वरी, सुमित गुप्ता, अरविंद महाजन व दर्जनों कस्बा के लोग मौजूद रहे।

# ओवरलोड ईटों से भरा ट्रैक्टर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार में मारी टक्कर 5 छात्र गंभीर रूप से घायल चालक घटनास्थल से फरार

पहल टुडे / मिथुन गुप्ता एटा



एटा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम जिरस्मी में कल प्रातः 8:00 बजे के करीब सड़क किनारे बने उच्च प्राथमिक विद्यालय की दीवार में ईटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर के घुसने से दीवार गिर गई जिसमें स्कूल में पढ़ने आए पांच बच्चे दीवार से दबकर घायल हो गए जिन्हें ग्रामीणों की मदद से मेडिकल कॉलेज एटा में भर्ती कराया गया ।जिसमें दो की हालत गंभीर है। सभी का उपचार किया जा रहा है। विकास खंड शीतलपुर की ग्राम पंचायत जिरस्मी के उच्च प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका विमला देवी ने बताया कि कल प्रातः मैं बच्चों को पढ़ाने रोज की भांति स्कूल बच्चों को पढ़ाने पहुंची मैंने प्रेयर कराई प्रेयर कराने के बाद बच्चों को बाहर पढ़ाने के लिए फील्ड में बैठाकर पढ़ा रही थी तभी सड़क किनारे ओवरलोड ईटों से भरे ट्रैक्टर ने विद्यालय की दीवार से टक्कर मार दी जिससे वह दीवार गिर पड़ी और पास में बैठे जिसमें कक्षा 7 के 4 और कक्षा आठ के 5 बच्चे घायल हो गए जिनमें सौरव पुत्र साहब सिंह व अमित पुत्र अजय गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें ग्रामीणों ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है घटना के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया ट्रैक्टर रामचंद्र ईट भट्टा उद्योग अलीपुर अमापुर जनपद कासगंज का बताया जा रहा है पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को मैं ईटों के अपने कब्जे में लेकर थाने ले जाया गया है आपको अवगत करा दें कि कल प्रातः लगभग 8:00 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय में घटी घटना के बाद मेडिकल कॉलेज एटा में एसडीएम सदर शिव कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर कालू सिंह मौके पर पहुंच गए और बच्चों के साथ उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

## लम्बे समय से चल रही थी कस्बा को नगर पंचायत बनाने की माँग

# मिरहची को मिला नगर पंचायत का दर्जा, कस्बाइयो में खुशी बाटी मिठाई

**नगर पंचायत की घोषणा के बाद के कस्बा निबसियों में खुशी की लहर।**

**अब लगेंगे कस्बा में विकास के पंख, मिलेगी लोगों को नगरीय सुबिधाये।**

पहल टुडे /अमित कुमार गुप्ता




मिरहची। जिले को एक और नगर पंचायत मिल गई है। मिरहची ग्राम पंचायत को अब नगर पंचायत का दर्जा सरकार ने दे दिया है। अब मिरहची व उसमे शामिल ग्राम पंचायत के लोगो को सड़क, बिजली, पानी व साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाएं और अच्छे स्तर पर मिल सकेंगी। मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से कस्बे वासियों में खुशी देखने को मिल रही है। बता दें कि लंबे समय से मिरहची कस्बे वासी मिरहची को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग कर रहे थे। इससे एक वर्ष पूर्व 21 दिसम्बर 2020 को कस्बा को नगर पंचायत बनाने की अनन्तिम सूचना विधायक जी के अथक प्रयासों से जारी हो गई थी। लेकिन अंतिम सूचना जारी ना होने के चलते प्रशासन यहाँ प्रधानी के चुनाब करा दिये गये थे। जिससे कस्बा के लोगो बहुत निराश हुए थे। उसके बाद मारहरा भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी दुबारा कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के प्रयास रत रहे, और उन्होंने आने अथक प्रयासों से कस्बा को नगर पंचायत का दर्जा दिला ही दिया। मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद कस्बे वासियों में खुशी की लहर है। लोग जगह-जगह मिठाई बटकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे है।

लगेंगी यह सुविधाएं

-मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद अब मिरहची व उसमे सामिल ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान नहीं, बल्कि चेयरमैन चुना जाएगा। कस्बे में साफ-सफाई को लेकर काम हो सकेगा। नगर पंचायत की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। कस्बे के पड़ोसी मजरे भी नगर पंचायत में आएंगे पेयजल के लिए ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन बिछेगी, सामुदायिक शौचालय, पिंक टॉयलेट की सुविधा होगी। कस्बे में सड़कों का बेहतर जाल बिछ सकेगा

बोले विधायक, अब होगा विकास

भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मिरहची कस्बे में बड़ी आबादी व हाईवे पर होने के बावजूद कस्बे में उचित विकास नहीं हो पा रहा था। कस्बे वासी लंबे समय से मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने की मांग उनसे कर रहे थे। उनकी समस्या जायज थी। जिस पर उनके द्वारा गंभीरता से कार्य करते हुए कस्बे वासियों की मांग को मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री आदि के सामने रखकर जल्द समाधान का अनुरोध किया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन भी दिया था। मुख्यमंत्री के द्वारा मिरहची को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने के बाद विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। अब कैबिनेट के प्रस्ताव की मंजूरी से यहां भी संसंगठित विकास होगा।

## खण्ड विकास अधिकारी को अमृत सरोवर योजना को लेकर बना बड़ी चुनौती

**हो रहें कार्यो अमृत सरोवर के अन्तर्गत का तालाबों का किए निराक्षण**

पहल टुडे

बेलहर/संतकबीरनगर। विकास खण्ड बेलहर कलां में बना रहे अमृत सरोवर ग्राम पंचायत परासी गनवरिया अमृत सरोवर तालाबों का खण्ड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा आज दिन बुधवार को निरीक्षण किया उन्होंने तालाबों पर मनरेगा के तहत उन्होंने ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को निर्देशित किया मजदूरों के लिए तालाब पर पानी छायावाद की व्यवस्था रहे। अमृत सरोवर के तहत बन रहे तालाबों पर तेजी से कार्य करें एवं तालाबों पर मनरेगा के तहत कार्य कराऐ पौधारोपण का सुंदरीकरण का कार्य किया जाना है सुनिश्चित करें मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों को भी सम्मानित करने का कार्य किया जाए उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र एवं प्रदेश सरकार की है या शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना को सफल बनाने में हम लोग पूर्ण रूप से कार्य किया जाय ताकि शासन की मांशा के साथ 15 अगस्त को ध्वजा रोहण का कार्य अमृत सरोवर पर कराया जा सके इस दौरान ऐपीओ सूर्य प्रकाश चैधरी, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार सिंह, टीए हेमंत कुमार प्रधान प्रतिनिधि फिरोज अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।



## जिलाध्यक्ष पं. जनार्दन मिश्र ने किसान दिवस पर विभिन्न मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन



पहल टुडे

संतकबीरनगर। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पं. जनार्दन मिश्र ने किसान दिवस पर प्रधान मंत्री सम्बोधित ज्ञापन किसान दिवस प्रभारी अधिकारी को सौपते हुए मांग किया है कि किसानो की समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए जंगली जानवर व छुट्टा पशुओं को नियंत्रण करने हेतु झटका मशीन पर छोटे-बड़े किसानो का सब्सीडी उपलब्ध कराते हुए राहत दें। जिलाध्यक्ष ने मांग किया है कि सांथा ब्लाक मे हनुमान गंज से निकली सरयू नहर की शाखा मे आज तक पानी अंतिम छोर तक नही पहुचा, जिसे पहुचाया जाये। छुट्टा पशुओं, नील गाय, जंगली सुअर, बछड़ा से किसानो की फसल बर्बाद हो रही है। बिजली की समस्या पूरे जनपद मेब नी हुई है टाइम से बिजली उपलब्ध कराया जाये, जिससे टयुबल आदि काम सूचारु रुप से चल सके। जनपद मे बंद पड़े सरकारी खराब कूप को ठीक कराया जाय तथा जनपद को सूखाग्रस्त घोषित किया जाय। पं. जनार्दन मिश्र ने कहा कि यदि तत्काल सभी मांगो को पूरा नही किया जायेगा तो भारतीय किसान यूनियन आर-पार की लड़ाई लड़ेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

धनघटा/संतकबीरनगर। बुधवार धनघटा थाना अंतर्गत बसवारी गांव में बाबा बैजू नाथ के स्थान के पीछे बगीचे में एक युवक का लटकता हुआ शव मिला ग्रामीणों का कहना है कि जब बुधवार के दिन सुबह के समय में गांव के लोग शौच के लिए गांव से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि बसवारी गांव मे बाबा बैजू नाथ के अस्थान के पीछे एक बाग में फांसी के फंदे से पेड़ से लटकता हुआ शव मिला जब ग्रामीणों ने शव देखा तो इसकी सूचना बसवारी गांव चैकी इंचार्ज पवन कुमार को दी जैसे ही सूचना चैकी इंचार्ज को प्राप्त हुई अपनी पूरे फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी जांच करने में जुट गए तथा शव को धनघटा थाना ले जाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया धनघटा थाना अध्यक्ष केडी सिंह ने बताया प्रथम दृष्टिकोण से यह आत्महत्या है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी सही पुष्टि की जाएगी। मृतक का नाम सूरज चैहान पुत्र रामवृक्ष चैहान उम्र 26 वर्ष मूल निवास मनिका पार थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर का निवासी है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है अभी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



फास्ट ट्रैक

## सुबोध चंद यादव ने सूखाग्रस्त घोषित करने की सरकार से उठाई मांग

**बारिश न होने से किसान चिंतित-सुबोध चंद यादव**

सन्तकबीरनगर। अषाढ़ बीतने के बाद अब सावन माह में भी भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम की मार से खेती-किसानी भी चैपट हो रही है। खरीफ की बोआई में देरी हो चुकी है। अन्नदाताओं को समय पर बोआई न होने की चिंता सता रही है। वहीं खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुबोध चंद यादव ने संतकबीरनगर को सरकार से सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है। श्री यादव ने कहा कि बरसात के मौसम में चिलचिलाती धूप खिल रही है। ऐसे में किसान अपने खेतों में धान की रोपाई तो कुछ लोग कर चुके हैं और कुछ किसान अभी भी अपनी रोपाई कर रहे हैं, लेकिन बारिश न होने से खेत में रोपी गई धान व गन्ने की फसल सूख रही है। जिले के तमाम जगह रोपी गई धान की फसल तेज गर्मी से सूख गई है। ऐसे में जिले को सूखाग्रस्त घोषित करके किसानों को सूखी फसलों का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने सूखे के हालात से निपटने के लिए शासन-प्रशासन से मदद करने की मांग की है।

## प्रेमी-प्रेमिका ने पुलिस से किया सुरक्षा की मांग

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में एक ही गांव के निवासी प्रेमी-प्रेमिका कुछ दिन पूर्व एक सुनियोजित साजिश के तहत घर से निकल कर दिल्ली चले गये। इस बात की जानकारी जब परिजनो को हुई तो परिजनो ने यह कहना शुरू कर दिया कि यदि घर आये तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। प्रेमी युगल परिजनो से भयभीत होकर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस से सुरक्षा की मांग किया है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव की लड़की व लड़के का तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब इस बात की भनक लड़की के परिजनो को हुई तो उक्त प्रेमिका को अपने रिश्तेदारी मे गैर जनपद भेज दिया। लेकिन लड़की व लड़के का सम्पर्क जरिये मोबाइल बना रहा। इसी दौरान लड़की-लड़के ने एक साजिश के तहत घर छोड़कर फरार हो गये। लड़की के गायब होने के बाद उसके रिश्तेदार परेशान हो गये और अपने नात-रिश्तेदार मे पता लगाने लगे। बुधवार को जब प्रेमी-प्रेमिका कोतवाली खलीलाबाद मे आये तो कोतवाली पुलिस ने लड़के को हिरासत मे ले लिया और लड़की को नाबालिग होने के कारण उसके परिजनो को सौप दिया। उक्त घटना पूरे क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

## दबंगो ने ग्राम प्रधान को जान से मारने की दिया धमकी

संतकबीरनगर। विकास खण्ड सांथा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसवापार में दबंगो ने ग्राम प्रधान को व्हॉटस्एप पर जान से मारने की धमकी दी। जैसे ही ग्राम प्रधान को इस बात की जानकारी हुई ग्राम प्रधान अनुभवजीत पुत्र घूरे ने थाने मे तहरीर दिया। तहरीर मे लिखा है कि गांव निवासी जोगेन्द्र पुत्र मुनक, राम सुमेर पुत्र लोकई, राम अवतार पुत्र प्रहलाद, अनिल पुत्र राम प्रकाश ने मुझे व्हॉटस्एप पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। इस सम्बन्ध मे जब एस.एच.ओ. बेलहर संतोष मिश्रा से बात किया गया तो उन्होने बताया कि तहरीर मिली है, आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### गैस सिलेण्डर से भरी ट्रक की ठोकर से युवक घायल

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मेंहदावल बाइपास स्थित एक गैस सिलेण्डर से भरी ट्रक की ठोकर से साइकिल सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक को तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उपचार जारी है। कोतवाली खलीलाबाद मे दिये गये तहरीर मे रंगीलाल पुत्र स्व. रामसूरत निवासी मैनहवां ने लिखा है कि मंगलवार की शाम मै अपनी साइकिल से मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद अपने निजी काम से जा रहा था, उसी दौरान गोरखपुर की तरफ जा रही गैस की सिलेण्डर से लोड ट्रक यू.पी. 53 टी. 1770 का चालक ट्रक को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाकर चैराहे पर मुझे ठोकर मारकर भाग गया जिससे मुझे काफी चोटे आयी।

## मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन



पहल टुडे

संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिलाध्यक्ष किसान यूनियन सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए सम्मानित किसान सम्मिलित हुए। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए किसानों ने नहर में टेल तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या रखते हुए बताया गया कि जगह जगह पर नहरों में पानी नहीं पहुंचने से धान की सिंचाई में समस्या हो रही है, इस क्रम में अधिशासी अभियंता नहर ने अवगत कराया कि नहर में पानी की आपूर्ति अपेक्षाकृत कम है, परंतु नहरों में पानी पहुंचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है, मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित पानी आपूर्ति को प्राप्त करने हेतु उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराएं एवं सुनिश्चित करें कि नहर में जल का प्रवाह अबाध रूप से होता रहे। इसी क्रम में कुछ किसान भाइयों के द्वारा नलकूप की नालियों के मरम्मत हेतु अनुरोध किया गया, जिस क्रम में अधिशासी अभियंता ने आश्वस्त किया कि आगामी तीन से चार दिवस में समस्त नलकूप चालित हो जाएंगे। कृषक प्रहलाद चैधरी, सुरेंद्र राय एवं किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष जनार्दन मिश्रा ने गन्ना बकाया भुगतान हेतु अनुरोध किया गया जिस के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने गन्ना विभाग के उपस्थित प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि अपने विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता कर किसानों के गन्ना बकाया भुगतान को तत्काल सुनिश्चित कराएं। किसानों ने बिजली विभाग के द्वारा अनावश्यक रूप से चेकिंग एवं अनधिकृत लोगों के द्वारा जांच करने की समस्या पर आपत्ति दशार्ते हुए अपनी समस्या बताई गई कि वर्तमान में धान की फसल को सिंचाई के लिए किसान बिजली मोटर का प्रयोग ना करें तो किस प्रकार से वह अपनी धान की फसल की सिंचाई करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि किसानों की फसल की सिंचाई हेतु बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर कृषि विभाग ने उपस्थित किसान भाइयों एवं किसान यूनियन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि अपने अपने क्षेत्र के किसानों को अवगत कराएं कि वह अपनी पीएम किसान की अगली किस्त प्राप्त करने हेतु ईकेवाईसी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करा लें यदि 31 जुलाई 2022 तक ईकेवाईसी नहीं की जाती है तो आगामी किस्त आनी बंद हो सकती है।

## अच्छी बर्षा के लिए किसानों ने सीवान में किया भंडारा



संतकबीरनगर। बखिरा नगर पंचायत के बूंदीपार सीवान देवता के स्थान पर वर्षा होने की प्रार्थना कर ग्रामीणों के सहयोग से गुरूवार को भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। उमस भरी गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। कहीं भी चैन नही मिल पा रहा। बर्षा न होने से किसानों की फसल सूख जा रही हैं। ऐसे में गुरुवार को लोगों ने इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए बूंदीपार सीवान में भिखुवापार बाबा के स्थान पर पूजा अर्चना व विशाल भंडारों का आयोजन किया। सभी ग्रामीणों के सहयोग से इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए कीर्तन व पूजा अर्चना की गई।बडी संख्या में महिलाओं ने पूजा अर्चना की और इंद्रदेवता से बर्षा कराने की प्रार्थना की। भंडारे में आसपास क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्राम पंचायत में प्रथामिक बिधालय एवं पंचायत भवन में बैठक कर जनता से हुए रूबरू



**आडिट टीम ने विकास कार्यो का जाना हाल**

पहल टुडे

बेलहर/संतकबीरनगर। विकास खंड बेलहर कला के पांच ग्राम पंचायतों में बुधवार को मनरेगा सोशल ऑडिट टीम ने बैठक कर धरातलीय सत्यापन के दौरान गाँव मे कराये गए कार्यों के रिकार्ड के तहत कार्यो का सत्यापन किया गया जाँच करने पहुँची सोशल ऑडिट टीम ने गांव में ग्राम प्रधान द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20, 2021-22 में कराए गए कार्यों का गहनता से जांच करते हुए धरातली स्तर से निरीक्षण कर बैठक में मौजूद लोगों से कार्यो की पुष्टि की गई सदस्यों ने मनरेगा मजदूरों से उनसे भुगतान के बारे में जानकारी भी हासिल की। ग्राम पंचायत पिपरा प्रथम, समन्था, रामवापूर, सियाकटाई, सोनौरा गुमन राय, में टीम के सदस्यों ने गांव में मनरेगा कराए गए मिट्टी का कार्य, इंटरलाकिंग, खड़ंजा, आवास, जाबकार्ड का भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर कोडिनेटर अमृत बाला, सत्यभामा, राजकुमार, अखिलेश शर्मा, सन्तोष पाण्डेय, ग्राम प्रधान कोमल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बृजेश कुमार सिंह उर्फ डिंपल सिंह, शिवशंकर चैरसिया, ग्राम प्रधान व्लाक अध्यक्ष विश्वनाथ मौर्या समन्था, श्याम जी यादव, धनूषधारी यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार सिंह, सौरभ चैधरी, सरवान कुमार पासवान टीए हेमंत कुमार समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाकियू भानु गुट जिला इकाई की बैठक सम्पन्न



पहल टुडे

मगहर/संतकबीरनगर। भाकियू भानु गुट के जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को विकासखण्ड खलीलाबाद के ग्राम सरौली स्थित मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें किसानों की समस्याओं, संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा की गयी।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी पदाधिकारी गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलावे और संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने का कार्य करें। आगे कहा कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा तब तक आप की बात कोई भी अधिकारी कर्मचारी सुनने के लिए तैयार नहीं होगा। इसलिए सभी पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया जाता है कि अपने अपने क्षेत्र में जाकर अपने पदाधिकारियों के साथ मिलकर कर संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्य बनाने का कार्य करें।जिलाध्यक्ष आत्मा तिवारी ने कहा कि किसानों की फसल बर्बाद हो रही है बरसात न होने से सभी धान सूख रहे हैं।जिला प्रशासन से मांग करते हुये कहा कि संतकबीर नगर जिला सूखाग्रस्त घोषित किया जाए।आगामी 27 जुलाई को खलीलाबाद उप जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न समस्यओं को लेकर एक विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।उन्होंने उक्त दिवस पर संगठन के साथी किसान व आम जनमानस सभी लोगों से उपस्थित होकर पंचायत को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सलाउद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश पाठक, पूर्वांचल अध्यक्ष राम नयन किसान, राम हजूर शर्मा, रविंदर सिंह, पुजारी निषाद, जयपाल मौर्य, अनिल चैहान, सुखदेव, गोरख यादव सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य बैठक में मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मेंहदावल बाइपास स्थित एक युवक को अज्ञात वाहन ने मंगलवार को ठोकर मार दिया, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। कोतवाली खलीलाबाद मे दिये गये तहरीर के अनुसार मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम विसौवा निवासी ब्रम्हदेव पुत्र कन्हैया ने लिखा है कि मंगलवार को मेरा पुत्र विक्रान्त गौड़ खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाइपास पेट्रोल पम्प के पास बस्ती जनपद के बभनान जाने के लिए सड़क के किनारे खड़े होकर वाहन की प्रतिक्षा कर रहा था, उसी दौरान गोरखपुर की तरफ से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अनियंत्रित होकर मेरे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी

## पुलिस अधीक्षक ने जिला नियंत्रण कक्ष व डायल-112 कार्यालय का किया गया निरीक्षण

पहल टुडे



सन्तकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जिला नियंत्रण कक्ष व डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया गया।जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त ध्‍ भेजी जाने वाली सूचनाओं से संबंधित रजिस्टर सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया।नियंत्रण कक्ष में नियुक्त अधिकारियों ध्‍कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं व अन्य प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण सूचनाओं को तत्काल संबंधित थानों को बताया जाय व नियंत्रण कक्ष पर प्राप्त होने वाली पीड़ित की काल पर तत्काल पुलिस सेवा घटनास्थल पर पहुंचनी चाहिये।तत्पश्चात महोदय द्वारा डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण किया गया व अभिलेखों ध्‍ रजिस्टरों का अवलोकर कर समय-समय पर अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया।डायल-112 को मिलने वाली सूचना पर पीआरवी कर्मियों के घटनास्थल पर पहुंचने के रिस्पांस टाइम मे सुधार हेतु प्रभारी-112 को निर्देशित किया गया।

## हैंसर नगर पंचायत घोषित होने पर अनुभव शुक्ल ने विधायक के प्रति जताया आभार

**क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा सरकार कटिबद्ध है-अनुभव शुक्ल**

पहल टुडे



सन्तकबीरनगर। हैंसर क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से चल रहे संघर्षों का फल आज मिला है। कैबिनेट की बैठक में हैसर बाजार को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद निश्चित तौर पर द्वारा का पिछड़ापन दूर होगा। उक्त बातें भाजपा नेता व हैंसर क्षेत्र के युवा समाजसेवी अनुभव शुक्ल ने कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले कई बार से क्षेत्र में चुनावी मुद्दा नगर पंचायत रहा है। इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में हैंसर क्षेत्र की जनता ने भाजपा के विधायक पद के प्रत्याशी गणेश चैहान से अनुरोध किया था। इसके बाद गणेश चैहान ने हैंसर के व्यापारियों व आम जनता को आश्वस्त किया था सत्ता में आने के बाद हम सबसे पहले क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा दिलाएंगे। मंगलवार को कैबिनेट की मंजूरी के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल कायम हो गया। उन्होंने कहा कि लगातार स्थानीय विधायक गणेश चैहान के नेतृत्व में चैमुखी विकास हो रहा है और अब इस विकास में चार चांद हैंसर नगर पंचायत बनने के बाद लग जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा सरकार कटिबद्ध है। अनुभव शुक्ल ने कहा कि हैंसर क्षेत्र के विकास के लिए हर की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चैहान के अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा भाजपा के प्रदेश मंत्री त्र्यंबक त्रिपाठी, पूर्व सांसद अष्टभुजा प्रसाद शुक्ला भाजपा के जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह उर्फ जोखई सिंह सहित तमाम लोगों का आभार प्रकट किया है।

## जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों पर मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा अवश्य खिलाएं-सीएमओ

**25 से 27 जुलाई तक मॉप अप राउंड में छूटे हुए लाभार्थी खा सकते हैं दवा**

पहल टुडे



संतकबीरनगर। अगर आपका बच्चा सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत है तो उसे स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र अवश्य भेजें। इन दोनों स्थानों पर पंजीकृत बच्चों को पेट के कीड़े मारने वाली दवा 25 जुलाई से 27 जुलाई के बीच भी खिलाई जाएगी। यह दवा बच्चे को कुपोषण, खून की कमी समेत कई प्रकार की दिक्कतों से बचाती है । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिरुद्ध कुमार सिंह ने अभियान के शुभारंभ के अवसर पर दी। सीएमओ ने बताया कि 16 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के किशोरों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को भी यह दवा खानी है। यह दवाई एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी लोगों को खानी है । जिले के चार ब्लाकों खलीलाबाद, सेमरियांवा, बघौली और नाथनगर के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का आयोजन हुआ और दवा का सेवन बच्चों और किशोरों को कराया गया । अब यह दवा मॉप अप राउंड के दौरान 25, 26 और 27 जुलाई को छूटे हुए लाभार्थियों को खिलाई जाएगी। जिले में एलबेण्डॉजॉल का स्टाक आ जाने के बाद शेष ब्लाकों में भी कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। डीसीपीएम संजीव सिंह ने बताया कि आशा कार्यकताओं को ड्यू लिस्ट तैयार कर शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद के लिए दिशा-निर्देश था। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हाथ सेनेटाइज करके या साबुन पानी से धुलने के बाद ही दवा खिलाई गयी। ऐसे लोग इस अभियान से दूर रखे गये जो कोविड संक्रमण संबंधित कार्य में लगे थे। इस दौरान एसीएमओ डॉ मोहन झा, एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज डॉ वीपी पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी राम सिंह, एपीडेमियोलाजिस्ट डॉ मुबारक अली, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद के अधीक्षक डॉ राधेश्याम यादव, बीपीएम महेन्द्र त्रिपाठी, बीसीपीएम अभय त्रिपाठी तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

## मिट्टी खनन का विरोध करने पर पिटाई, गंभीर

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मंझरिया गुलाब राय गोड़ही निवासी भागीरथी यादव पुत्र स्व. रामदौड़ यादव ने कोतवाली मे दिये गये तहरीर मे कहा है कि मंगलवार को बगहा स्थान के निकट समय छः बजे अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा था, हिन्दू धर्म से संबंध रखने के कारण मैने मिट्टी खनन का विरोध किया तो सलमान, नसीम पुत्रगण स्व. झिनक खान निवासी भरपुरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद ने मुझे गाली गुप्ता देते हुए लात घुसो से मेरे सिर पर वार कर दिया, जिससे मेरे सिर मे गंभीर चोटे आयी।

## कार्यशाला का तृतीय दिवस संपन्न,मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुई शुरूआत

पहल टुडे

बलरामपुरब्लॉक संसाधन केंद्र रेहरा बाजार में सेल्फ स्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंट कार्यशाला के तृतीय दिवस में मां सरस्वती के माल्यार्पण दीप प्रज्वलन्सरस्वती वंदना से शुरू हुआ जिसमें देश गीत राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला की शुरूआत की गई सत्र के प्रारंभ में प्रतिवेदन प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के सारांश को प्रशिक्षक धर्मेंद्र कुमार कुशवाहा के निर्देश में किया गया बॉडी टॉक से जुड़ी हानिकारक बातों को समझना बॉडी टाइप से संबंधित बातों को नकारने पर चर्चा हुई बॉडी टॉक से संबंधित चार्ट पेपर के माध्यम से समूह कार्य भी कराया गया,कहानी नंबर 4 एवं 5 का अवलोकन कहानी नंबर 45 का मॉक टीचिंग कराया गया लंच के पश्चात समोसा समूह द्वारा अवलोकन चेकलिस्ट पर फीडबैक लिया गया तत्पश्चात बॉडी कॉन्फिडेंट चैंपियन बन्ना के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई इसके बाद कॉमिक बुक 6 का मॉक टीचिंग कराई गई और सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षकों द्वारा आधा फुल कामिक बुक के कक्षा कक्ष में संचालन के युक्तियां तथा कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु कैलेंडर पर चर्चा के पश्चात अभियान गीत के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस अवसर पर जनपद बलरामपुर के डायट प्रवक्ता हिंदी श्री चंद्र मणि मिश्रा द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और सभी को एक नई ऊर्जा देने के लिए अपने शब्दों से सभी को संबोधित किया और आज तृतीय दिवस का सेल्फ स्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस प्रशिक्षण 3 दिवसीय के उद्देश्य बताने के साथ यह स्कूलों में किस प्रकार से संचालित होगा ।



## श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०सं०, जिला पदाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता . में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई



पहल टुडे

किशनगंज श्रीकांत शास्त्री भा०प्र०सं०, जिला पदाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता . में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई।

समीक्षात्मक बैठक में सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी / प्रखण्ड आपूर्ति निरीक्षक को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण लाभूकों के बीच जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से ससमय कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, कोचाधामन व टेढ़ागाछ के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, किशनगंज से बेलवा पंचायत के जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान का निरीक्षण के संबंध में पृच्छा करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। फलतः प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, किशनगंज तक का अगले आदेश तक के लिए वेतन बन्द करने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी, किशनगंज को दिया गया। सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का प्रत्येक माह शत-प्रतिशत निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।बैठक में धान अधिप्राप्ति के तहत सी.एम. आर. प्राप्ति की भी समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी, किशनगंज को दो दिनों के अन्दर शत-प्रतिशत सी.एम. आर. जमा कराने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी किशनगंज जिला प्रबंधक रा०वा०निगम किशनगंज जिला सहकारिता पदाधिकारी किशनगंज, सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक रा०खा०निगम आदि उपस्थित थे।

## दुस्साहसः शराब के लिए पैसा न देने पर पशु चिकित्सक पर की फायरिंग

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के हाटा बाजार रियांव मार्ग पर बुधवार को मनबढों ने शराब के लिए पैसा देने से मना करने पर पशु चिकित्सक को पीटा और फिर हत्या की नियत से गोली चला दी। हलांकि गोली लगी नहीं। पीड़ित चिकित्सक व भीड़ ने भाग रहे एक आरोपी को तमंचा सहित पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

गगहा क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव निवासी अजीत यादव पुत्र सिंहासन यादव पशु चिकित्सक हैं। दोपहर को हाटा स्थिति अपने भाई के मेडिकल स्टोर से घर लौट रहे थे। गनगरी पुलिया से पहले स्थित घेवरपार मार्ग पर बाईक सवार दो युवकों ने अजीत को रोका और शराब के लिए पैसा मांगने लगे। अजीत ने कहा कि शराब के लिए पैसा नहीं देंगे।

फास्ट ट्रैक

## 24 घण्टे बाद शव को एनडीआरफ ने किया बरामद,



**कुशीनगर** तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जवही दयाल चैनपट्टी के समीप नारायणी नदी में जल भरने गया युवक डूब गया था।जिसका शव एनडीआरफ टीम ने 24 घण्टे बाद बरामद किया।स्थानीय पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी।जानकारी के अनुसार विपिन पुत्र पन्नालाल उम्र 25 वर्ष निवासी भगवानपुर गंडक नदी में सावन के पहले सोमवार को जल भरने गया था इसी दौरान युवक गहरे पानी में बह गया साथ खड़े युवकों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने युवक को खोजने का पुरा प्रयास किया पर उसका कहीं पता नहीं चल सका जिसकी सूचना थाने पर दी गयी मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस भी गोताखोरों के सहायता से युवक के तलाश में जुटी थी।जो आज एनडीआरफ के अथक प्रयास से शव को बरामद किया गया।इस सम्बन्ध में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि पुलिस व एनडीआरफ टीम के सहयोग से शव को बरामद कर लिया गया है शव को पीएम हेतु भेज अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## आज तेज बारिश से आम जान और किसान के चेहरों पर दिखी रौनक



**उतरौला, बलरामपुर** आज उतरौला आसपास के क्षेत्रो में कड़क तेज धूप और गर्मी के बीच आज दोपहर हुई तेज बारिश से जहाँ आम जन को लोगो को राहत मिली वहीं किसानों के मुरझाय चेहरों पर रौनक आ गयी आज दोपहर जब घनघोर घटाओ ने घेरा डाला और बूंदा बांदी के बाद तेज मूसलाधार बारिश हुई तो सूख रही धान की नर्सरी में दोबारा जान आ गयी जिन किसानों ने पूर्व में रोपाई कर दी उनको विशेष लाभ हुवा जिन्होंने अभी धान नर्सरी में रखा है वो किसान भी अब रोपाई की तय्यारी करने लगे । आम जन जीव जन्तुओ ने तेज बारिश के बाद राहत की साँस ली करीब दो से तीन घन्टा बारिश के बाद अब भी धीमी बारिश हो रही है जिसको किसानों द्वारा धान की फसल के लिये लाभदायक बताया गया आज हुई बारिश में खास बात ये रही कि इलाके के लोगो द्वारा बारिश में नहाने का आनन्द लिया गया ।

## नगर पंचायत निघासन के वार्ड हमीदनगर से सभासद प्रत्याशी के रूप में उभरता हुआ चेहरा सोयब अंसारी

निघासन खीरी - हमारा देश आज कहीं पर भी है लेकिन कल हमारा देश कहां होगा यह सब युवा सोच और युवा जोश पर ही निर्भर करता है।देश की प्रगति के लिए युवा नेतृत्व की देश की राजनीति में भागीदारी बहुत जरूरी है।आज स्वर्गीय श्री डॉक्टर इंद्रदे० त्रिपाठी का सपना नगर पंचायत निघासन बनने से साकार हो गया।लेकिन आज का अहम बिंदु सिर्फ नगर पंचायत स्वीकृत तक नहीं है।आज निघासन के विकास की बात है,लेकिन चुनावी माहौल की सरगर्मियों के मध्य बहुत से प्रत्याशी मैदान में उतरने की गहमागहमी की शुरूवात कर दिए हैं।लेकिन निघासन नगर पंचायत के अहमद नगर वार्ड से बहुचर्चित नाम सोयब अंसारी का आ रहा है क्योंकि सोयब ने बहुत ही कम उम्र में अपना पत्रकारिता के रूप में जो नाम कमाकर हर गरीब, लाचार,बेबस की मदद की है वह किसी दूसरे के लिए अतुलनीय है।आज हमीदनगर की जनता सिर्फ सोयब को ही सभासद के रूप में देखना चाहती है क्योंकि कहा जाता है कि- युवा जोश का साथ दीजिए।हर कठिनाई को मात दीजिए।ये पंक्तियां सोयब पर सटीक बैठती हैं।सोयब का जनता से कहना है कि हम आज भी पत्रकारिता के रूप में जो मदद करने वाले होते हैं चाहे दिन हो चाहे रात हम सभी के लिए खड़े हैं

## स्वच्छ गाँव की तैयारी, अब है हमारी बारी




दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई

सुरसा विकास खंड क्षेत्र कहा ग्राम पंचायत रडेना में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग न करने को लेकर हबीब नगर में एचसीएल फाउंडेशन और उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गांव के महिलायें,प्रबुद्ध एवं स्कूल के बच्चों ने रैली द्वारा जागरूक करने के साथ महिलाओं ने सहभागिता करते हुए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के लिये सभी ग्राम वासियो को जागृत किया गया और संस्था उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के सचिव श्री अभिनव दीक्षित ने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रयोग न करने के लिए लोगों को समझाया व इसको प्रतिबंधित करने को एक अच्छा कदम बताया। इसके साथ ही एचसीएल फाउंडेशन से राधा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया ततपश्चात संस्था के पदाधिकारियों में सचिव अभिनव रावेन्द्र मिश्रा,आलोक कुमार, राजकुमार, दिनेश , सुनील आदि को धन्यवाद दिया

## महिला ने चिटफंड बैंक के गार्ड पर छेड़खानी का लगाया आरोप

### पुलिस ने शांति भंग में किया चालान

बड़हलगंज, गोरखपुर।। क्षेत्र के खड़ेसरी स्थित एक कथित चिटफंड बैंक में पैसा जमा करने आई महिला ने गार्ड पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया। पुलिस का दावा है कि महिला बाद में बयान से मुकर गई जिसके बाद आरोपी गार्ड का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

क्षेत्र के खड़ेसरी स्थित एक मंदिर के पीछे कथित चिटफंड बैंक संचालित होता है। बुधवार को क्षेत्र की ही एक महिला पैसा जमा करने गई थी। बाद मे महिला ने कोतवाली आकर बैंक पर तैनात गार्ड पर छेड़खानी का आरोप लगाया। पुलिस आरोपी को कोतवाली लाई। कोतवाली प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि पूछताछ के दौरान गार्ड द्वारा महिला के नंबर पर फोन करने की बात सामने आई।जिसके बाद आरोपी को हिदायत देकर शांति भंग में चालान कर दिया गया।महिला ने अपनी शिकायत वापस ले ली है।

## वहिदा में ट्रेलर और कार में टक्कर, चार लोग घायल

### प्रयागराज से दर्शन पूजन करके लौट रहे थे कार सवार

भदोही।ऊंज थाना क्षेत्र के वहिदा में जीटी रोड पर वाराणसी से प्रयागराज जा रही ट्रेलर और प्रयागराज से गोपीगंज जा रही कार में जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें चार लोगों को चोट लगी है।घायलों को निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक ज्ञानपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर से एक परिवार प्रयागराज पूजन दर्शन करने गया था। वापस आते समय कार जब वहिदा ओवर ब्रिज के आगे तरफ बढी तो सामने से आ रही ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें कार में बैठे लोगों को चोट लगी। घायलों में महिलाओं, बच्चों के अलावा इनारगांव निवासी रामप्रसाद भी बैठे थे। रामप्रसाद पूजा कराने के लिए साथ में गये थे। घटना की जानकारी होने पर ऊंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर यातायात की सुचारू ढंग से प्रारम्भ कराया।

## बाबाधाम जा रहे कांवरियों को कराया जलपान, प्रदान किए पंखे




### ग्राम पंचायत दुमही से 75 कांवरियों का जत्था जलाभिषेक के लिए हुआ रवाना

पहल टुडे

**कुशीनगर** दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही गांव से 75 सदस्यीय कावरियों का दल बाबाधाम के लिए रिजर्व बस से रवाना हुआ। बस बरवाराजापाकड़ स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर पहुंची वहां उपस्थित लोगों ने सभी कांवरियों को जलपान कराया तथा बांस से बना पंखा प्रदान कर पुण्य बटोरा। उक्त गांव से उपेंद्र आर्य व हरिवंश तिवारी के नेतृत्व में कांवरियों का दल आगामी शुक्रवार को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ। बस बरवाराजापाकड़ स्थित उक्त पेट्रोल पंप पर पहुंची जहां समाजसेवी सत्येंद्र उर्फ बबलू तिवारी के नेतृत्व में सुनील मिश्र, संजय तिवारी, राजू गुप्ता, अजय गुप्ता, धनन्जय भारती, राजकुमार भारती, संतोष, आशीष मिश्र आदि श्रद्धालुओं ने जलपान की व्यवस्था की थी।सभी यात्रियों को जलपान कराया गया व एक एक बांस का बना हाथ का पंखा दिया।इस दौरान कुसुम देवी, इंद्रावती देवी, निर्मला देवी, गोल्डी गुप्ता, लालमती देवी आदि महिला श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

## सावन के दृष्टिगत छोटी काशी में बनी हेल्थ पोस्ट का एसीएमओ ने किया निरीक्षण

पहल टुडे आकाश गुप्ता




गोला गोकर्णनाथ खीरी। सावन मास की शुरूआत होते ही छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में लाखों श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया है। शिव भक्तों को बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए मंदिर परिसर सहित चार हेल्थ पोस्ट बनाए गए।इनका निरीक्षण करने बुधवार को एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।

एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण के क्रम में बताया गया कि छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में जनपद सहित प्रदेश के और पड़ोसी प्रदेशों के भी लाखों शिव भक्त दर्शन करने आते हैं। इस दौरान तमाम कावड़िए भी गंगाजल लेकर भोलेनाथ को अर्पित करने पैदल ही आते हैं। वहीं लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जहां सीएचसी गोला को एक्टिव मोड़ पर रखा गया है। अतिरिक्त सेवाओं के लिए मंदिर परिसर सहित चार हेल्प पोस्ट बनाए गए हैं, इनमें रिलायंस पैट्रोल पंप लखीमपुर रोड, नवीन बाईपास मोहम्मदी रोड और साईं लांन के पास हेल्थ पोस्ट स्थापित किए गए हैं, यहां पर एंबुलेंस भी तैनाती की गई है। वहीं डॉक्टर, फार्मासिस्ट,पैरामेडिकल स्टाफ और वार्ड बॉय इस पोस्ट पर तैनात रहते हैं। साथ ही बांकेगंज,फरधान, मोहम्मदी एवं कुंभी से अतिरिक्त स्वास्थ्य टीमें भी लगाई गई हैं।इनकी व्यवस्थाओं को देखने के लिए उनके द्वारा निरीक्षण किया गया है और इस दौरान दवाइयों सहित जरूरी इंजेक्शन और मरहम पट्टी के लिए की गई व्यवस्था का जायजा लिया गया जो सब कुछ अपडेट मिला। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उचित चिकित्सा के लिए मरीज को रेफर किया जाए।

## पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

**उतरौला, बलरामपुर** उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा के भाई व ब्लॉक प्रमुख गैंडास बुजुर्ग राकेश तिवारी,उतरौला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी के द्वारा फीता काटकर पीजा खालो रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया इस मौके पर सभी लोगों ने पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट के सीईओ वंश अग्रवाल को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी आपको बता दें कि पिज्जा खा लो रेस्टोरेंट के सीईओ वंश अग्रवाल ने बताया कि यह उनका 12वा आउटलेट है जहां पर कई प्रकार के खाने वाली चीजें मिलती हैं हमारी सभी रेस्टोरेंट पूरी तरीके से वेजिटेरियन है जहां पर कई तरीके के खाने वाली सामान मिलती हैं इस मौके पर भाजपा नेता देवनंद गुप्ता,हर्षित जायसवाल,राम सिंह,आनंद विक्रम सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा राष्ट्रीय हिंदू परिषद, सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे

## मंगल पांडे आजादी के पहले क्रान्तिकारी: राजबाला यादव

पहल टुडे





वार्ड नं-13 गुरुग्राम से समाजसेविका राजबाला यादव रोजी ने प्रथम स्वाधीनता समर के महानायक मंगल पांडे जी की जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा मंगल पांडे आजादी के पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई की पहली चिंगारी दी जिससे पूरा देश झकझोर कर उठा और अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई लड़ी।

मंगल पांडे ने ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ 29 मार्च 1857 को बैरकपुर में अंग्रेज अफसरों पर हमला कर घायल किया जिससे कोर्ट मार्शल के बाद उन्हें 18 अप्रैल 1857 को फांसी देनी तय की पर अंग्रेजों ने गुपचुप तरीके से 10 दिन पहले ही 08 अप्रैल को फांसी दे दी।

मंगल पांडे भारतीय इतिहास के वो स्वर्णिम अध्याय हैं जिनके शौर्य के वर्णन में शब्दकोष के सारे शब्द कम पड़ जाएं।

## धूमधाम से मना औराई ब्लॉक प्रमुख वृजमोहन मिश्रा (विकास) का जन्मदिन





पहल टुडे

औराई भदोही। भदोही के औराई ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख के पद पर दुसरी बार निर्विरोध आसीन है। जिन्होंने राजनीति में शुरूआत 2015 से की उनका जन्मदिन बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आस पास के लोगो ने जाकर और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन्मदिन ?की बधाइयां दी। लोगो में खुशी का माहौल है।जन्मदिन के अवसर ब्लाक प्रमुख बृजमोहन मिश्रा ?विकास? के चाहने वालों का जनसंपर्क कार्यालय में तांता लगा रहा। आए हुए लोगों ने केक काटकर, शाल, पुष्प गुच्छ देकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की।बधाई देने वालों मे पूर्व प्रधान देवनाथ उपाध्याय, लल्लू शुक्ला, गणेश दूबे, लाल बाबा, साधु तिवारी, मुन्ना दूबे, प्रकाश दूबे, निरज मिश्रा, प्रदीप दुबे विक्की, संतोष दूबे,अंकित पाण्डेय ,संतोष तिवारी, आशुतोष शुक्ला आदि तमाम से गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुनि श्री ने चिकित्सा और शिक्षा के दुरूपयोग पर समाज को चेताया

## महान आत्माए सूर्य के समान होती पक्षपात नही करती :सुधासागर महाराज

पहल टुडे/अजय बरया



ललितपुर :क्षेत्रपाल मंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज ने आत्मा को पवित्र और निर्मल बताते हुए कहा महान आत्माए पक्षपात नहीं करती वरन सूर्य के समान होती है जो पूजता है उसके आगन में प्रकाश और जो नहीं पूजता उसको भी प्रकाश देती हैं।उन्होंने वैद्य चिकित्सकों को भगवान का रूप बताते हुए कहा मरीज उनपर वगैर सोचे समझे विश्वास करता है जो कुछ चिकित्सक करेगा सही होगा लेकिन वर्तमान में चिकित्सकों का स्वरूप क्या हो गया है वह किस तरह मरीज को लूटने में लगे हैं चाहे दवा हो या आपरेशन सभी में पैसे की उच्ची कमाई में लगे हैं औषधि दान जो कि पुण्य का कार्य है अब उसे व्यवसाय का रूप बना दिया है मुनिश्री ने प्राचीन गुरूकुल पद्धति का उल्लेख करते हुए कहा गुरुजनों का क्या सम्मान रहता था। अंग्रेजों ने देश को गुलाम बनाने के लिए जिस तरह से भारीय संस्कृति और शिक्षा की कमर तोड़ी और शिक्षकों को कर्मचारी बनाकर विद्यालयों में रखा ठीक उसी तरह शिक्षक बाने के लिए नहीं जाते पेट पालने के लिए जाते हैं जिसके आगे कुछ नहीं दिखता है आज शिक्षा को व्यवसाय बनाए हुए है। स्कूलों में आठ घंटे की पढाई में बच्चा जो ज्ञान अर्जित नहीं कर पाता वह दो घंटे की ट्यूशन में पा लेता है। ज्ञानदान करने वाले अध्यापकों ने अपने आखो में कमाई की पट्टी बांध रखी है। मुनि श्री ने गुरुकुल को आदर्श शिक्षा बताते हुए कहा पहले विद्यालयों में काली स्लेट पर सफेद चाक से लिखाई होती थी अब सफेद बोट पर काली पेंसिल से लिखाई होती है जो शिक्षा को कलंकित कर रही है। उन्होंने कहा ज्ञान और औषधि जो दान के लिए थी अब यह व्यवसाय बन गई है। मुनि श्री ने कहा आज दशा यह है कि जितना दिख रहा उससे कहीं अधिक की चाहत रखते हैं फिर भी सुखी नहीं है। भगवान महावीर का दर्शन वर्तमान में प्रासानिक है जितना समझोगे जीवन में शान्ति की अनुभूति होगी प्रात काल क्षेत्रपाल मंदिर मूलनायक वेदिका पर अभिषेक की माँगलिक क्रियाए हुई इसके उपरान्त शान्तिधारा मुनि श्री के मुखारविन्द से हुई। मुनि सँघ के पादप्रचालन करने का सौभाग्य वीरचंद विपिन कुमार जैन न्यू नूतन ज्वलर्स परिवार एवं महावीर प्रसाद जैन पहाडिया परिवार को मिला। धर्मसभा का मंगलाचरण अनमोल जैन रसिया ने गुरु भक्ति पूर्वक किया। मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहारचर्या का सौभाग्य ब्रहमचारिणी नीता दीदी अजय जैन सर्वोदय परिवार ने लिया धर्मसभा का संचालन महामंत्री डा अक्षय टडैया द्वारा किया गया सायंकाल आचार्य भक्ति के पूर्व जिज्ञासा समाधान में मुनि सुधासागर महाराज एवं मुनि पूज्यसागर महाराज अपने संघस्थ एलक धैर्यसागर महाराज एवं क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज देश के विभिन्न स्थानों से श्रावकों की आनलाइन जिज्ञासाओं का समाधान चैनलों के माध्यम से करते हैं

## कावड़ियों का खराब मौसम व बारिश में उत्साह देखने को मिला



भागूवाला (बिजनौर) अमित कुमार रवि,

हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवरियों का उत्साह खराब मौसम में भी देखने को मिल रहा है।जो हरिद्वार से जल भरकर अपने गंतव्य स्थान को रवाना हो रहे है।गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी कावड़ियों का खराब मौसम व बारिश में उत्साह देखने को मिला जो धीरे-धीरे अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। बुधवार से रुक-रुक कर हो रही बारिश से कांवरियों को कुछ परेशानियों का तो सामना करना पड़ रहा है, परंतु बारिश में भी सभी शिवभक्त कावडिये जल भरकर नाचते गाते डीजे की धुन पर भोले की भक्ति में लीन होकर खराब मौसम में भी अपने घर को रवाना हो रहे हैं।हरिद्वार नजीबाबाद रोड इस समय बम बम भोले के जयकारों से गूंज रही है।रास्ते में समाजसेवी कैंप लगाकर कांवरियों की भरपूर सेवा में लगे हुए हैं।

## बारिश न होने से मुरझाए किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर



दैनिक पहल टुड / सुरेंद्र विश्वकर्मा

सहारनपुर, बड़गांव क्षेत्र में बारिश की वजह से खेतो मे धान व गन्ना की फसल सूखने से बची।

क्षेत्र मे बारिश न होने से जो किसानों के चेहरे मुरझा गए थे लेकिन आज अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रही है जबकि जुलाई महीना भी आधा बीत चुका था पर बारिश न होने के कारण फसल सूखने से किसानों के चेहरे मुरझा गए थे चारो तरफ सुखा जैसी स्थिति बन गईं थीं जिस कारण किसानों के सामने बहुत बड़ी समस्या आ गई थी किसान जून जुलाई माह में धान की रोपाई पूर्ण करलिया करते थे

मगर सुखा पड़ने की वजह से जुलाई माह में तपती धूप के कारण खेतो मे लगे धान के पौधे सूखने की कगार पर है किसान अपनी फसल को सूखता हुआ देखकर बहुत परेशान थे किसानों ने उन्नत बीजों को ऊंचे दामों पर खरीद कर अपने खेतो मे बुआई की पर बारिश ने सारा खेल बिगाड़ कर सबके मनसूबों पर पानी फेर दिया जून महीने से जुलाई तक समुचित बारिश न होने के कारण कृषि कार्य पूरी तरह से ठप हो गया था मगर किसान के ऊपर एक तो बारिश की मर ,दूसरी सरकार की मार डीजल तेल के भाव आसमान छू रहे हैं डीजल के दाम बढ़ने से ट्यूबवेल पम्प चलाना हर किसी के वंश की बात नही है मगर कोई कोई किसान ही ट्यूब वेल पंप चला कर ट्यूब वेलपंप के सहारे ही खेती कर रहे है सुखा पड़ने के चलते किसानों की फसल का बुरा हाल है धान की फसल के साथ साथ गन्ने की फसल को भी बहुत नुकसान हो रहा है आज अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है और किसानों के चेहरे खिले खिले नजर आ रहे हैं

## गैरइरादतन हत्या के आरोपित 02 अभियुक्तों (पति-पत्नी) को 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आलाकत्ल लोहे का पाइप भी बरामद।**

पहल टुडे

मैंलानी खीरी।पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 20.07.2022 को थाना थाना मैलानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 289/22 धारा 304 भा0द0वि0 में वांछित 02 नफर अभियुक्तों (पति-पत्नी) पप्पू पुत्र नेतराम,लज्जावती पत्नी पप्पू निवासीगण ग्राम खंजनपुर थाना मैलानी जनपद खीरी को आलाकत्ल 01 अदद लोहे के पाइप सहित गिरफ्तार करके अभियुक्तों का चालान मा० न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पप्पू पुत्र नेतराम,लज्जावती पत्नी पप्पू ग्राम खंजनपुर थाना मैलानी जनपद खीरी के निवासी है।मु0अ0सं0 289/22 धारा 304 भा0द0वि0 अभियोग स्थानीय थाने पर पंजीकृत किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से आलाकत्ल 01 अदद लोहे का पाइप बरामद की गई।गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में प्र०नि० राम लखन पटेल, उ०नि० सुरेश चन्द्र, उ०नि० राहुल कुमार, का० चकित कुमार, का० मो० आरिफ, का० रोबिन सिंह, म०का० दीप्ति चौधरी शामिल रही।

फास्ट ट्रैक

## एक बड़ा हादसा होने से बच गया



भागूवाला (बिजनौर) अमित कुमार रवि,

हरिद्वार से शिव भक्तों को छोड़कर नजीबाबाद की ओर आते हुए मेरठ डिपो बस संख्या यूपी 83 अळ 33 91 कोटा वाली के रपटे पर गाड़ी को पीछे हटाते हुए पिछले दोनों पहिया रपटे से नीचे गिर गए।जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। जब इस विषय में गाड़ी के कंडक्टर से बात की तो उन्होंने कुछ भी बताने से मना कर दिया और उल्टा पत्रकारों के साथ अभद्रता करते हुए नजर आए।उन्होंने एक पत्रकार को वीडियो बनाते हुए भी उनके मोबाइल को जबरदस्ती छीनने की कोशिश की।जिस पर पत्रकारों ने कहा कि क्या आप मीडिया कर्मियों को रोक सकते हो कवरेज करने से तो इस पर कहा बस ड्राइवर ने कि जो तुमसे हो तुम कर लो। घटना की जिम्मेदारी और साथ में प्रशासन की भी लापरवाही देखने को मिली।जब मीडिया कर्मी उत्तराखंड बॉर्डर पर पहुंचे तो वहां पर उत्तराखंड पुलिस तो बैठी है लेकिन यूपी की तरफ प्रशासन का कोई भी व्यक्ति नहीं बैठा था। और पुल के दोनों और कोई भी प्रशासन की तरफ से पुलिस कर्मी नियुक्त नहीं किए गए, इससे तो यह लगता है कि प्रशासन की तरफ से लापरवाही की जा रही है।इससे पूर्व भी बरसात के दिनों में इस रास्ते पर अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तब भी शासन और प्रशासन मौन है।

## साइबर अपराध से बचने हेतु जनपद के थानों द्वारा साइबर जागरूकता अभियान

### आमजनमानस को किया जा रहा जागरूक

पहल टुडे

गोरीगंज अमेठी।पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी0 के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा अभियान चलाकर विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के बारे में व उनसे बचाव के बारे में निम्नलिखित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

**साइबर अपराध से कैसे बचे:-**

1. साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें। जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादि।

2. अपने पासवर्ड को जटिल रखें (अर्थात अक्षरों झ जैसे ,,, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरोंझजैसे % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

3. ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

4. साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।

5. सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वातार्लाप न करें।

6. फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।

7. कभी भी बैंक खाते, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के विवरण इमेल या फोन पर शेयर न करें।

8. किसी भी अनजान नंबर से वीडियो काल स्वीकार न करें।

9. किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें अथवा पर रिपोर्ट करें।10. किसी भी सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें।11. फोन काल/एसएमएस या अन्य किसा माध्यम से किसी को न बताएं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के 151वें स्थपना दिवस पर बच्चों को वितरित किए गए उपहार

**जगदीशपुर अमेठी** गरीब की सेवा करना समाज का सबसे पुनीत कार्य है जिससे तन व मन को प्रसन्नता मिलती है यह बातें बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अर्चित सिंह गौड़ ने बैंक के एक सौ इक्यानवे स्थापना अवसर पर गरीब बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरण के दौरान कही बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने आजादी के अमृत महोत्सव व बैंक ऑफ बड़ौदा का 115वां स्थापना दिवस मनाया गया।

## अवैध तमंचों के साथ दो को पकड़ा





दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई।।

॥ बिलग्राम ॥ पुलिस ने. अवैध तमंचों के साथ दो आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेजा है।

कोतवाल राजवीर सिहं ने. एक जानकारी मे बताया कि उपनिरीक्षक ओंकार सिहं ने.अजमत नगर मोड के पास से जरौली नेवादा निवासी नौशाद को 12बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफतार किया उधर उपनिरीक्षक जितेंद्र सिहं नें कौइलरा मोड़ के पास से कल्लू निवासी गनी पुरवा को 12बोर के तमंचा और.एक कारतूस के साथ गिरफतार किया दोनो को बुधवार को संबंधित धाराओं मे जेल भेजा गया है।

## मीरजापुर में मण्डलीय श्रम बन्धु की समीक्षा बैठक आयोजित

पहल टुडे / लवकुश की रिपोर्ट मिजार्पुर

जिलाधिकारी, मीरजापुर महोदय की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, मीरजापुर में मण्डलीय श्रम बन्धु की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पंकज सिंह राना, उप श्रमायुक्त, मीरजापुर क्षेत्र, पिपरी.सोनभद्र द्वारा मण्डलीय श्रम बन्धु के गठन के उद्देश्य पर विस्तार से अवगत कराया गया।उप श्रमायुक्त द्वारा संगठित तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों हेतु चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गयी। सहायक श्रमायुक्त, मीरजापुर द्वारा उ0 प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं व योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों के बारे में विस्तार से उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गयी।बैठक में उपस्थित सदस्य श्री दिनकर कपूर, अध्यक्ष, ठेका मजदूर यूनियन, सोनभद्र ने संविदाकारों के माध्यम से क्रेसर प्लान्ट व खदान में काम कर रहे मजदूरों को मिलने वाले न्यूनतम मजदूरी के बारे में विस्तार अवगत कराया गया और यह जानकारी दी कि वर्तमान में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम मजदूरी ठेका मजदूरों को नहीं दी जा रही है, जिस पर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। श्री वाहिद खान, सचिव, ऊनी कालीन बुनकर मजदूर सभा, मीरजापुर द्वारा कालीन क्षेत्र एवं बीड़ी क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों को मिलने वाले न्यूनतम मजदूरी के बारे में जानकारी दी और उनकी समस्या के निदान हेतु चर्चा की। श्री खान ने कालीन उद्योग से ठेका व्यवस्था को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया।जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं का समाधान श्रम बन्धु की अगली बैठक से पूर्व किये जाने के निर्देश दिये गये। उप श्रमायुक्त, मीरजापुर क्षेत्र, पिपरी.सोनभद्र द्वारा उपस्थित सदस्यों को बताया कि वर्तमान में कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पोर्टल पर उपकर/सेस की फीडिंग नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपकर/सेस विषय पर अलग से कार्यशाला आयोजित करने हेतु उप श्रमायुक्त मीरजापुर क्षेत्र, पिपरी.सोनभद्र को निर्देशित किया। बैठक में मण्डल स्तरीय श्रम बन्धु के सदस्य, सहायक श्रमायुक्त, मीरजापुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, मीरजापुर आदि उपस्थित रहे

## कृषक समाज इंटर कॉलेज में भू जल संरक्षण विषय पर गोष्ठी का आयोजन

पहल टुडे



गोला गोकर्णनाथ खीरी।कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला खीरी में प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा की अध्यक्षता में भूजल सप्ताह के तहत भूजल संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला, निबंध ,वाद विवाद ,स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैना गुप्ता ,द्वितीय स्थान स्वाति वर्मा और तृतीय स्थान शिवम गुप्ता ने प्राप्त किया ह्व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम तूबा नाज, द्वितीय रिमझिम यादव तथा तृतीय स्थान फलक ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आसमा बानो ,द्वितीय स्थान हरिओम गुप्ता ,तृतीय स्थान सलोनी और एवं नेहा शर्मा ने प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशु लता द्वितीय स्थान तनु शर्मा एवम तृतीय स्थान रमन चौरसिया ने प्राप्त किया।इन सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉअनिल कुमार ने वर्षा जल-भूजल संरक्षण के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उपप्रधानाचार्य एपी सरोज, श्याम मूर्ति शुक्ला देवेंद्र सिंह सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध से बचने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर जागरूकता अभियान

### छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

पहल टुडे



गोरीगंज अमेठी।पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के बारे में शिव महेश पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं को साइबर अपराध व उनसे बचाव के बारे में निम्नलिखित विभिन्न विन्दुओं पर विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**साइबर अपराध से कैसे बचे:-**

1. साइबर अपराधी आपकी निजी जानकारी इक्ट्ठा करते है और इसका उपयोग इंटरनेट पर आपकी झूठी पहचान बनाने में उपयोग कर सकते है। किसी भी सार्वजनिक साइट, ब्लॉग या सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी कभी भी साझा/शेयर न करें।जैसे कि आपकी सरकारी आईडी, पासवर्ड, बैंक खाता नम्बर, पिन इत्यादि।

2. अपने पासवर्ड को जटिल रखें (अर्थात अक्षरों झ जैसे ,,, संख्याओं। जैसे 1, 2, 3 और विशेष अक्षरोंझजैसे % को मिलाकर पासवर्ड बनाये) और उसे किसी के साथ साझा न करें। विभिन्न साइटों/ऐप्स के लिए अलग-अलग पासवर्ड का प्रयोग करें।

3. ऑनलाइन बैंकिंग या ऑनाइन लेनदेन करने के लिए कभी भी सार्वजनिक/ मुफ्त वाईफाई का उपयोग न करें।

4. साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस कराने की अधिक संभावना रहती है।

5. सिम ब्लाक/एक्सपायर का संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वातार्लाप न करें।

6. फोन पर कैश रिवार्ड को अपने खाता में लेने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति के बताये हुये नियमों का पालन न करें।

7. कभी भी बैंक खाते, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के विवरण इमेल या फोन पर शेयर न करें।

8. किसी भी अनजान नंबर से वीडियो काल स्वीकार न करें।

9. किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें करें।

10. किसी भी सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें।

11. फोन काल/एसएमएस या अन्य किसा माध्यम से किसी को न बताएं।

## गुमशुदा को बरामद कर परिजनो को लौटायी मुस्कान

अमेठी।थाना रामगंज पर अनीता देवी पत्नी अरुण कुमार नि0 ग्राम अग्रेसर थाना रामगंज जनपद अमेठी द्वारा दिनांक 18.07.20222 को थाना रामगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि उनके पति अरुण कुमार पुत्र सीताराम दिनांक 17.07.2022 को लगभग 10:00 बजे घर से गाड़ी का सामान लाने के लिए सुल्तानपुर के लिए निकले थे। उनका मोबाइल स्विच ऑफ है, अभी तक उनका पता नहीं चल रहा है। उक्त सूचना पर थाना रामगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 उमेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष रामगंज द्वारा टीम बनाकर गुमशुदा व्यक्ति की तलाश शुरू की गयी।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा मुंशीगंज की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

पहल टुडे



अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत आकस्मिक रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा की मुंशीगंज शाखा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, बैंक के अंदर तथा बाहर व एटीएम के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनो के संबन्ध में पूछताछ की गई व सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधि0/कर्म0 को सतर्कता से ड्यूटी करने व आने जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों व नई उम्र के लड़कों की चेकिंग हेतु निर्देशित किया गया। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को बैंक सुरक्षा के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों, दो पहिया वाहनो पर तीन सवारी तथा नये उम्र के लड़को की चेकिंग के निर्देश दिए गए।

## जनपद में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन सम्पन्न

### 13 कलाकारों ने लोक गायन, आल्हा, भजन, कजरी आदि विधाओं की किया प्रस्तुति।

पहल टुडे



अमेठी।शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निदेर्शानुसार अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ए0के0 सिंह की अध्यक्षता में मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज के सभागार में आजादी के 75वें वर्षगाठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सूचना एवं संस्कृति विभाग द्वारा ह्यह्यसांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजनह्लह्ल किया गया जिसमें 13 कलाकारों द्वारा अपने वाद्य यंत्र एवं संगत कताओं के साथ आयोजन में प्रतिभाग कर सांस्कृतिक विधाओं यथा लोकगायन, आल्हा गायन, भजन, नुक्कड़ नाटक, कजरी आदि द्वारा अपनी विधाओं की प्रस्तुत की गयी। आयोजन में भाग लेने वाले कलाकारों को संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की ई-डायरेक्ट्री में पंजीकृत किया जायेगा तथा उनको क्यू-आर कोड बेस्ड पहचान पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त कलाकारों को पंजीकरण के आधार पर ही उन्हें आगामी कार्यक्रमों व सरकारी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कार्यक्रम के सभी प्रतिभागी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होनें कलाकारों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि आप सभी कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश में जनपद का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव द्वारा किया गया।इस अवसर पर निर्णायक मण्डल में रवि शंकर लाल श्रीवास्तव इंजीनियर हेड आकाशवाणी केंद्र अमेठी, वेदमूर्ति पांडे प्रवक्ता संगीत गायन राजा कान्ह डिग्री कॉलेज जगेसरगंज अमेठी, हौसिला प्रसाद यादव प्रवक्ता संगीत गायन रानी सुषमा देवी महिला पीजी कॉलेज अमेठी, डॉक्टर मोहम्मद मकबूल पर्यटन सूचना अधिकारी, मनीषी महिला महाविद्यालय के प्रबंधक जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी सहित समस्त प्रतिभागी दल के साथ उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

## महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं त्वरित न्याय दिलाने हेतु गेस्ट हाउस अमेठी में जनसुनवाई का किया गया आयोजन

पहल टुडे

अमेठी। महिलाओं को उनके अधिकार, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को जागरूक करने व शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को जानकारी देने के उद्देश्य से आज जनपद अमेठी के गेस्ट हाउस में पूर्वान्ह 11.00 बजे राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता सचान की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। उक्त जनसुनवाई में मा0 सदस्या के समक्ष 13 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनमें से मंजू निवासी जगदीशपुर द्वारा घरेलू हिंसा, नसीबुननिशा निवासी नरेनी द्वारा घरेलू हिंसा, खुशबू वर्मा निवासी अम्मरपुर द्वारा प्रेम प्रसंग, राजकुमार निवासी कोरारी मुंशीगंज द्वारा घरेलू हिंसा, संजू देवी निवासी सूरजगढ़ द्वारा मारपीट, आंचल वर्मा निवासी पूरेदेवीदास, गायत्री निवासी सहजीपुर भिठारी, पियारी निवासी रसूलपुर लिलहा थाना कुमारगंज अयोध्या द्वारा पति की हत्या, सोनाली निवासी पूरेरामदीन द्वारा मुआवजा, राम प्यारी निवासी महेशपुर मोचवा द्वारा मेडिकल प्रशिक्षण, ऊषा त्रिपाठी निवासी कलन्दरपुर मजरे हरिहरपुर द्वारा जमीनी विवाद, नीलम निवासी रामगढ़ महका अमेठी द्वारा जमीनी विवाद, ऊषा देवी निवासी सी0एच0सी0 संग्रामपुर द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए प्राप्त शिकायती प्रकरणों पर न्यायोचित समाधान दिलाये जाने का आश्वासन देते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके साथ ही आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीडन, दहेज उत्पीडन, मानव तस्करी, भारत में महिलाओं की सम्पत्ति और भरण-पोषण अधिकार व घरेलू हिंसा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही सरयू देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टरमीडिएट कालेज केशव नगर अमेठी में अपरान्ह 01.00 बजे मिशन शक्ति फेज-4 के अन्तर्गत मुख्य अतिथि अनीता सचान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसके उपरान्त छात्राओं ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या ने उपस्थित बालिकाओं को स्वावलम्बन, उनके अधिकार, योजनाओं व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा उक्त समस्त प्रकार की हिंसा को रोकने व उनकी समस्याओं के समाधान व उन्हें न्याय दिलाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर व थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है जहां पर महिलाओं द्वारा शिकायत की जा सकती है तथा महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 आदि पर किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने बताया कि समाज में हो रही महिलाओं पर हिंसा, अत्याचार, घरेलू हिंसा आदि की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही की जाती है जिससे महिलाओं को डरने व घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आयोग की सदस्या ने कहा कि यदि महिलाओं पर किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो उसकी सूचना महिला थाना अथवा हेल्पलाइन नंबर व उन्हें भी बिना डरे अवगत कराये जिससे कि त्वरित कार्यवाही के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में जनपद स्तर पर अधिकतम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कौमुदी सिंह, साक्षी, अंजली अग्रहरि, जान्हवी सिंह, लालिता पाण्डेय, सेजल मिश्रा, तान्वी सिंह, कीर्ति तिवारी, खुशी मौर्या, वर्षा तिवारी, भूमि सिंह, अर्पिता तिवारी, श्रेया व शिवांशु साहू को प्रशास्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनको सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी तथा प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया

## एसी बस में की जा रही थी, गांजे की तस्करी आरोपी गिरफ्तार

पहल टुडे/ अतुल तिवारी



रायबरेली में एक एसी बस में गांजा होने की सूचना पुलिस को मिली. पुलिस ने एसी बस को रोककर तलाशी ली तो बस से एक बोरी गांजा बरामद हुआ. रायबरेली पुलिस तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है. बावजूद इसके तस्कर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. ताजा मामला बुधवार को उस समय देखने को मिला, जब रायबरेली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी. मुखबिर की सूचना पर भदोखर पुलिस ने लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर मुंशीगंज कस्बे में एक एसी बस को रोककर तलाशी ली गई तो पुलिस टीम को एक बोरी दिखाई दी. जब बोरी को खोला गया तो उसमें गांजा भरा हुआ था. पुलिस ने बोरी को अपने कब्जे में लेकर बस में मौजूद एक शख्स को पकड़ लिया. लखनऊ से आ रही एसी बस यूपी 78 एफ एन 8669 को भदोखर थाने की पुलिस ने घेर लिया. उन्होंने बस में रखे सामान की तलाशी लेनी शुरू की तो एक बोरी दिखाई पड़ी. जब बोरी को खोला गया तो उसमें गांजा भरा हुआ मिला. पुलिस ने बस में मौजूद गिरीश मिश्रा नाम के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया. अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजे की तस्करी कर रहे हैं. सटीक सूचना मिलने पर बस को रोका गया और तलाशी में एक बोरी गांजा बरामद हुआ. इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है. मामले की जांच की जा रही है. आरोपी के अन्य साथियों की तलाश भी की जा रही है.

## लखनऊ प्रशासन को इस मामले को सख्ती से निपटना चाहिए: योगी



पहल टुडे/ अतुल तिवारी

लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में खुले लुलु मॉल के अंदर नमाज पढ़ने को लेकर उठे विवाद पर योगी सरकार सख्त है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं. लोगों की आवाजाही को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं. सीएम योगी ने ऐसे लोगों से निपटने के लिए प्रशासन से सख्ती दिखाने के निर्देश दिए हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लुलु मॉल विवाद पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कहा कि कुछ लोग अनावश्यक टिप्पणी करके विवाद को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं. लोगों की आवाजाही को बाधित करने का प्रयास हो रहा है. लखनऊ प्रशासन को इस मामले को सख्ती से निपटना चाहिए. लुलु मॉल में नमाज पढ़ने वाले आरोपियों में से पुलिस ने चार को हिरासत में ले लिया है उनसे सघन पूछताछ हो रही है इन चार में से तीन आरोपियों के नाम है रहमान, रिजवान लुकमान. पुलिस का कहना है कि इन आरोपियों से पूछताछ हो रही है कि क्या इन्होंने किसी प्लानिंग के तहत साजिश के तहत लुलु मॉल में नमाज पढ़ी थी. गौरतलब है कि लखनऊ के लुलु मॉल को यूपी के सबसे बड़े मॉलों में गिना जाता है. यह मॉल अपने निर्माण कार्य के दौरान ही चर्चा में था. अबू धाबी में मौजूद इसका मुख्यालय है. लुलु समूह की एक शाखा लखनऊ के शहीद पथ पर आरंभ की गई, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था. इस बीच, लुलु मॉल परिसर के अंदर नमाज पढ़ने के मामले ने तूल पकड़ लिया है. इस पर मॉल प्रशासन ने सफाई दी है कि उसके 80 प्रतिशत कर्मचारी हिंदू हैं. मॉल से यह सफाई तब आई जब उस पर आरोप लग रहे हैं कि मॉल अपनी रोजगार नीति में पक्षपात कर रहा है. यहां पर मुस्लिमों को तरजीह दी जा रही है.

## भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के तत्वाधान में प्रदेश सचिव का केक काटकर मनाया गया बड़े धूमधाम से जन्म दिन

पहल टुडे/ अतुल तिवारी



लखनऊ तेलीबाग अ लजीज होटल स्थित में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे० बी ० सिंह की मौजूदगी में प्रदेश सचिव एस० के० द्विवेदी का जन्म दिन पदाधिकारियो व सदस्यो द्वारा बड़े उल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थिथ रहे प्रदेश संयुक्त सचिव मो० शकील, मंडल प्रभारी दयाशंकर चौबे , नौशाद अहमद जिला उपाध्यक्ष, जिला सचिव शिव सिंह, प्रदीप द्विवेदी , विशेष कार्याधिकारी संजय आजाद , मो०रिजवान, वार्ड अध्यक्ष डी० के० कुशवाहा , पत्रकार सन्तोष राय, सदस्य पप्पू , वार्ड अध्यक्ष अमित सैनी, वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह , शुभम सिंह सहित तमाम संभ्रान्त जन उपस्तिथ रहे तथा गुलाब का फूल देकर एवं माला पहनाकर , जलपान ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

फास्ट ट्रैक

## लखनऊ चिड़िया घर में 15 साल से रह रहे चिंपैंजी जेमसन की मौत

पहल टुडे/ अतुल तिवारी



राजधानी लखनऊ के चिड़िया घर नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में चिंपैंजी जेमसन की बुधवार को मौत हो गई। वह बीते 15 साल से यहां रह रहा था। जेमसन को गंभीर बीमारी थी। उसे प्राणी उद्यान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अंतिम विदाई दी।

## कई जिलों में झमाझम बारिश, उमस से राहत

पहल टुडे/ अतुल तिवारी



लखनऊः- मौसम विज्ञान केन्द्र की भविष्यवाणी सच निकली और प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश ने लोगों को राहत दी। वहीं कई जगहों पर अब भी उमस बनी हुई है। वहीं कई जगहों पर मूसलाधार बारिश से सड़कों पर जलभराव से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। लखनऊ में सुबह निकली तेज धूप को देखकर लोग परेशान हो गये थे। ऐसा नहीं लग रहा था कि आज बारिश भी हो सकती है लेकिन दोपहर बाद ही आसमान में बादल आ गये अपराह्न दो बजे के जमकर बारिश हुई। वहीं गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, महाराजगंज, कुशीनगर, बिजनौर, बरेली, आगरा, झांसी, मेरठ, हरदोई, गौतमबुद्धनगर समेत लगभग पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हुई। ? मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में 22 जुलाई तक बारिश की अच्छी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के क्षेत्रीय निदेशक जेपी गुप्ता का कहना है कि अभी बारिश होगी। दो दिन के भीतर पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

## रिश्वत लेते सिपाही रंगे हाथ गिरफ्तार, महिला दरोगा पर भी केस दर्ज

लखनऊ। बीबीडी थाने में दर्ज मारपीट के मुकदमे में आरोपियों का नाम हटाने व समझौता कराने के नाम पर विवेचक दरोगा व सिपाही ने रुपये मांगे थे। मंगलवार को आरोपियों ने सिपाही को पांच हजार रुपये की रिश्वत दी। उसी वक्त एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। इस मामले में सुशांत गोल्फ सिटी थाने में सिपाही राहुल शुक्ला और विवेचक दरोगा के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कराया है। दोनों पर 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। एंटी करप्शन के डीआईजी राजीव मल्होत्रा के मुताबिक, बीबीडी के हासेमऊ की निवासी निवेदिता सिंह की गोसाईंगंज के रहने वाले राकेश पांडेय और उनकी पत्नी कुसुम पांडेय से मकान निर्माण के दौरान मारपीट हुई थी। इस संबंध में निवेदिता सिंह ने बीबीडी थाने में पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की विवेचना बीबीडी थाने में तैनात दरोगा अंजली दुबे कर रही थीं डीआईजी के मुताबिक, नामजद आरोपी राकेश पांडेय ने एंटी करप्शन से शिकायत की थी कि इस मामले में बीबीडी थाने में तैनात आरक्षी चालक राहुल शुक्ला ने मुकदमे से नाम हटाने और समझौता कराने के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग की है। ट्रैप टीम ने मंगलवार को शिकायतकर्ता राकेश पांडेय के साथ मिलकर सिपाही राहुल शुक्ला को रुपये लेने के लिए बीबीडी स्थित इंपीरियल लॉन बुलाया। दोपहर में सिपाही वहां पहुंचा। उसने जैसे ही राकेश पांडेय से पांच हजार रुपये लिए। उसी समय एंटी करप्शन की टीम ने रंगेहाथ दबोच लिया। सिपाही को एंटी करप्शन टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

## सावन मास में कोतवालेश्वर बाबा के दर्शन से व्याधियां दूर हो जाती हैं

पहल टुडे/ अतुल तिवारी



लखनऊ की चौक कोतवाली में महादेव का भव्य मंदिर है। कोतवाली परिसर में सुशोभित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास भर हर सोमवार को बाबा का विशेष श्रृंगार और पूजन होता है। सावन भर यहां श्रृंगार और रुद्राभिषेक के लिए बुकिंग फुल रहती है। मंदिर परिसर में बजरंगबली भी विराजमान हैं, जो भक्तों में भय का नाश करते हैं। महादेव और बजरंगबली के दर्शन से भक्त यहां आकर एक अलग ही शांति का अनुभव करते हैं। यहां चौक कोतवाली में आने वाले हर जाति और धर्म के अधिकारी बाबा के दर्शन के बाद ही कुर्सी पर बैठते हैं।

सावन के हर सोमवार को विशेष पूजा होती है। सावन के अंतिम सोमवार को उज्जैन की तर्ज पर कोतवालेश्वर महादेव के भ्रमण यात्रा की तैयारी है। इस यात्रा में घोड़, ऊंट, घोड़े, बैंड के साथ ही शिव भक्त नृत्य करते हुए चलेंगे। डमरू की धुन के बीच महादेव बाबा भक्तों को दर्शन देने पहुंचेंगे। नगर भ्रमण की तैयारी के लिए अलग-अलग टोलियां बनाई गई हैं। 1905 में किया गया था जीर्णोद्धारः चौक के कोतवालेश्वर मंदिर की स्थापना की सही तिथि की जानकारी नहीं है। लखनऊ के नवाबों की जमीन पर स्थापित मंदिर का जीर्णोद्धार 1905 में किया गया था। सिद्धपीठ के रूप में प्रख्यात इस शिवालय में दर्शन के लिए दूर दराज से लोग आते हैं। दर्शन से दूर होती हैं व्याधियांः महंत विशाल गौड़ बताते हैं कि सावन भर प्रतिदिन सुबह जलाभिषेक से पूजन की शुरूआत होती है। शाम आठ बजे से रात दस बजे तक हर रात रुद्राभिषेक होता है। सावन के अंतिम सोमवार को कोतवालेश्वर महादेव नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। व्यवस्थापक अजय अग्रवाल के अनुसार सावन मास में खास श्रृंगार के साथ ही ओम नमः शिवाय का जाप होता है। मान्यता है कि सावन मास में कोतवालेश्वर बाबा के दर्शन से व्याधियां दूर हो जाती हैं, इसलिए भी दूर दूराज से यहां दर्शन के लिए भक्त आते हैं।

## कृमि संक्रमण से बच्चों के जीवन पर पड़ता है प्रभाव मनोज भाटिया

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों में किया गया दवा वितरण

पहल टुडे/ मनोज रूगंटा

रूद्रपुर देवरिया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय रुद्रपुर मे द्वितीय विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों में साफ सफाई व जागरूकता अभियान चलाया गया जहां बच्चों मे अल्बेंडाजोल की दवा वितरण किया गया भाटिया ने कहा कि कृमि ( कीड़े )संक्रमण बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकता है जिससे शारीरिक व मानसिक दोनों विकाश रूकता है राष्ट्रीय कृमि मुक्ति जागरूकता अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश है बच्चों में मृदा संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन प्राप्त करना है आज दुनिया लगभग 24% आबादी मिट्टी के कृर्मि संक्रमित हैं इसलिए बच्चों को साफ सफाई के प्रति जागरूक रहना है जिससे कीड़े गंदगी में पनपे हैं इसलिए अपनी पूरी दिनचर्या में साफ सफाई कर विशेष ध्यान दें कार्यक्रम में शिवकुमारी मौर्य दया शंकर पांडे प्रीति श्रीवास्तव मनोज कुमार भाटिया धर्मेंद्र सिंह नौशाद अली सहित आभिवाहक उपस्थित थे

## गार्गी राज रॉयल एकेडमी के छात्र ने आईआईटी मेंस मे 99.54 प्रतिशत लाकर क्षेत्र का नाम किया रौशन



पहल टुडे/ अतुल तिवारी

लखनऊ, राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में स्थित गार्गी राज रॉयल अकैडमी के 12 वीं के छात्र श्वेतांग गौतम ने बिना कोचिंग के प्रथम प्रयास मे ही आई आई टी मेंस 99.54 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता पिता समेत विद्यालय का नाम रोशन किया है, विद्यालय के शिक्षकों ने मंगलवार को होनहार छात्र का विद्यालय मे फूल माला मीठाई खिलाकर उसका उत्साह वर्धन किया। उसके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। छात्र श्वेतांग के पिता फूलचंद गौतम ने कहा यह जानकर मैं भी गौरवान्वित हूं और मेरी हार्दिक इच्छा है कि बेटा ऊंचाइयों के शिखर को छुए गुरुजनों एव क्षेत्र का नाम रोशन करें ।

वही छात्र श्वेतांग ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व विद्यालय के अध्यापकों को देते हुए बताया कि घर पर परिजनों का प्रोत्साहन करने और उसका समर्थन करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ जाती है।

विद्यालय के शिक्षक ने कहा कि सफलता ही सार्थकता तब ही है जब हम सफलता के पैमाने को निश्चित पथ पर ले जाने मे सफल हो। वही जब होनहार छात्र से हमारे संवाददाता ने बात की तो छात्र श्वेतांग ने बताया कि उसके सफलता के लिए सबसे ज्यादा श्रेय गार्गी राज रॉयल अकेडमी के शिक्षकों को जाता है।

## विधायक के प्रयास से करूअना ताल के पानी निकासी हेतू नहर की खुदाई शुरू

### 23 लाख की लागत से 300 मीटर के नाले का होगा निर्माण जयप्रकाश निषाद

पहल टुडे/ मनोज रूगंटा



रुद्रपुर देवरिया रूद्रपुर क्षेत्र के ग्राम भैसही स्थित करूअना ताल में हुए जलजमाव के पानी निकासी हेतु पूर्व मंत्री /स्थानीय विधायक जयप्रकाश निषाद के प्रयास से 23 लाख की लागत से 300 मीटर लंबा नहर के निर्माण की खुदाई शुरू हो गई जिसके बनने से एक दर्जन गांव के किसानों की लगभग एक हजार एकड़ फसल को जलजमाव से निजात मिलेगा डेढ़ फीट ऊंचा कच्चा पक्का नहर स्वीकृत कराया जिसका शिलान्यास कुछ दिन पूर्व करने गये थे लेकिन नहर के खुदाई की जगह चिंहित न होने से नहर की खुदायी न हो सकी जहां आज विधायक के प्रयास जगह चिन्हित कर नहर की खुदाई प्रारंभ हो गई

विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि एक दर्जन गावो के किसानों की लगभग एक हजार एकड़ फसल पानी में डूब कर बर्बाद हो जाती थी जहां गांव वालों की पहल पर और मेरे प्रयास से शासन से 23 लाख की लागत से नहर की खुदाई स्वीकृत कराया जहा कार्य प्रारंभ हुआ नहर वनने से अव किसानों की फसल बर्बाद नहीं होगी

## मनवढ़ युवकों ने हवाई फायर कर फैलाया दहशत

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर कोतवाली से महज एक किलोमीटर दूर मंगलवार की शायम हुये झगड़ा मे वुधवार की सुबह गांव में कुछ युवकों ने आकर दहशद फैलाते हुये हवाई फायर किया जिससे गांव में दहशत फैल गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर कुछ युवकों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है बताया जाता है कि मंगलवार की शायम सेमरोना चौराहा स्थित शराब भट्ठी के पास देहात के मोटरसाइकिल सवार युवकों से कुछ बात को लेकर कहासुनी हुई जहां वीच वराव के वीच झगड़ा समाप्त हो गयाजहा वुधवार को सुबह पुनः युवक आकर अपनी शेखी वघार कर दहशत फैलाते हुये कट्टा से हवाई फायर करते हुये भाग गये जहा सेमसैना निवासी शिव प्रसाद ने अज्ञात युवको के खिलाफ शराव भट्ठी हटाने का आरोप लगाते हुये देशी तमंचा से फायर झोक कर मारने का रूद्रपुर कोतवाली मे तहरीर दिया है पुलिस ने कुछ युवकों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है

## बारिश न होने से धान की रोपाई प्रभावित पंपसेट बना सहारा

### किसानो को सताया डर, खेतो मे पड़ी दरारे

पहल टुडे/ मनोज रूगंटा



रुद्रपुर देवरिया इस वर्ष बरसात न होने से किसानों को सामने विषम परिस्थिति खड़ी हो गई है जहां वह अपने धान की फसल के लिए नर्सरी से लेकर रोपाई तक पंप सेटो का सहारा लेना पड़ रहा है यह पहली बार ऐसा हुआ है कि रोपाई के समय बरसात नहीं हुआ येन केन प्रकारेण किसान अगर पानी चला कर रोपाई कर भी ले रहा है तो प्रकृति मार मानसून न आने से सूखा पड़ रहा है जहां धान की रोपाई की फसल बर्बाद हो रही है जिससे किसानों की फसल सूखने के साथ खेतो मे दरार पड़ने लगे है किसान बरसात में होने से धान की खेती में पिछड़ा रहा है तो दूसरी तरफ धान की नर्सरी को बचाने है उसके पसीने छूट है आसमान की तरफ टकटकी लगाए बैठा हुआ है क्षेत्र के अच्छे किसान धर्मपाल सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि बरसात न होने से सूखा की स्थिति उत्पन्न हो गई है हम लोग खेती पर ही आधारित हैं अगर पैदावार अच्छी नहीं है तो हम लोगों को परेशानी बढ़ेगी जिसका असर जीवन पर पड़ेगा

## ढेड़ा वार्ड में बाबा अंबेडकर साहब व गौतम बुद्ध के प्रतिमा का हुआ अनावरण

पहल टुडे/ मनोज रूगंटा



रूद्रपुर देवरिया भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में रुद्रपुर नगर पंचायत के टेढ़ा स्थान वार्ड मे बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर व गौतम वुद्ध के प्रतिमा का अनावरण वुधवार को टेढ़ा स्थान वार्ड की सभासद किरण देवी पत्नी उपेंद्र मास्टर द्वारा किया गया। जहा पूज्य भंते राहुल जी के द्वारा त्रिशरण एवं पंचशील देकर कार्यक्रम कोआरंभ किया गया जहा उपास्थित पूर्व प्रत्यासी महेश वर्मा, सभासद लल्लन गुप्ता, नवनाथ कुमार रमाकांत सोनकर शंभू नाथ रामविलास बिहारीलाल भारती अशोक कुमार दिनेश सोनकर जय बहादुर गौतम वृंदा लाल दया मिस्त्री सौरभ राव रामजतन रामाशंकर मास्टर लक्ष्मण प्रसाद इंद्रावती देवी सुमित्रा देवी सुभावती देवी यशोदा देवी ज्ञानती देवी सुनीता देवी आदि उपस्थित महिलाए व पुरुष ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने केक काटकर वच्चो मे मनाया 115 वा स्थापना दिवस

## बैंक ऑफ बड़ौदा खातेदारों की बन रही है पसंद -प्रबंधक ऋषिकांत त्रिपाठी

पहल टुडे/ मनोज रूगंटा

रुद्रपुर देवरिया अग्रणी बैंक 'वैक ऑफ बड़ौदा' के 115 वाँ स्थापना दिवस के तहत रुद्रपुर शाखा में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जहा खाताधारकों व क्षेत्र के कई संगठनों से जुड़े लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर भैसही के स्कुली बच्चों मे पाठ्य सामग्री तथा विद्यालय को सीलिंग फैन व टेबल पंखा दिया गया।

बुधवार को आयोजित स्थापना दिवस आये लोगो को वैक के शाखा प्रबंधक ऋषिकांत त्रिपाठी ने बैंक की ओर से दी जा रही विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में बताया और कहा कि बैंक ऑफ बड़ोदा की स्थापना वर्ष 1908 में महाराज सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय ने गुजरात के मांडवी (बड़ौदा) में की थी। बैंक पिछले 115 वर्षों से देश भर में हजारों शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को अनेक प्रकार की सेवाएं दे रहा है। इस अवसर पर कृषि ऋण, पशुपालन ऋण, व्यापार से जुड़े ऋणों के अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन, फसली ऋण की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ लेने और सरकार की अनुदान वाली योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर भैसही में बच्चों के बीच में केक कटकर स्थापना दिवस मनाया। उसके बाद वहा पर उपस्थित सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री का कीट दिया गया।

बैंक के तरफ से विद्यालय मे सीलिंग फैन व टेबल फैन शाखा प्रबंधक के तरफ प्रदान किया गया

उक्त कार्यक्रम में उप शाखा प्रबंधक पंकज सिंह, रोकड़ अधिकारी प्रदीप मद्धेशिया, कार्यालय लिपिक पारिजात कुशवाहा, अनूप तिवारी, कार्यालय सहायक विपिन कुमार मल्ल, शिव रजत शर्मा ग्राहक सेवा केंद्र संचालक रामेश्वर विश्वकर्मा, जगन्नाथ विश्वकर्मा, रवि गुप्ता, विवेक जयसवाल, ऋषि, अजय कुमार सहित खातेधारक उपास्थित थे

## बारिश से किसानों को मिली राहत, उमस भरी गर्मी कुछ हुयी कम

रुद्रपुर देवरिया मानसून सत्र होने के बाद भी बारिश न होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया जहां किसानों के साथ उमस भरी गर्मी में दैनिक जीवन पर भी असर पड़ रहा था जहां आज बुधवार को सायम इंद्रदेव के प्रसन्न होने पर लगभग एक घंटा मूलाधार बारिश हुई जिससे धान की रोपाई में किसानों के कुछ राहत के साथ उमस भरी गर्मी मे कुछ कमी आयी

# ईंटगांव में संघ के गुरुपूजन कार्यक्रम का हुआ हुआ आयोजन

पहल टुडे

बीसलपुरः- परम पवित्र भगवाध्वज भारत का ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व का गुरु है। जिसके समर्पण करने की आवश्यकता है।

विकास क्षेत्र बिलसंडा के ईंटगांव में संघ का गुरुपूजन कार्यक्रम किया। ईंटगांव के पंचायत घर में भगवाध्वज का पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे रविन्द्र कुमार नन्द ने बताया कि संघ में छः उत्सव वर्ष प्रतिपदा, हिन्दू साम्राज्य दिवस, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, विजयदशमी और मकर संक्रांति प्रमुखता से मनाए जाते हैं। जिनमें गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। रविन्द्र कुमार नन्द ने गुरु की महिमा का वर्णन किया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में गुरु परम पूज्य भगवाध्वज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ में भगवाध्वज को गुरु के रुप में प्रतिष्ठित किया गया। जिसके सामने समर्पण राशि दान कर पूजन करना चाहिए। एकत्रित समर्पित राशि से संघ के विभिन्न कार्य वर्ष भर संचालित होते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष रोहित गंगवार ने कार्यक्रम में आये सभी स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर खण्ड कार्यवाह वृजेश तिवारी, महेन्द्रपाल, रवि सक्सेना, राम आसरे, अशोक कुमार, ओमशंकर आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# हिंजाम की चाय पर चर्चा की बैठक हुई संपन्न





**जिला अस्पताल में लोगों को हो रही समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष ने सभी को कराया अवगत**

पहल टुडे

पीलीभीत। हिंदू जागरण मंच की चाय पर चर्चा की बैठक लगातार जारी है इसको लेकर आज सुबह की चाय संगठन के नाम कार्यक्रम हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता अभिषेक भारती के किंग एंड क्वीन रेस्टोरेंट में संपन्न हुई।

चाय की चर्चा संगठन के साथ बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुई उन्होंने वहां उपस्थित सभी कार्यकताओं को जिला अस्पताल को लेकर एक रणनीति रचना के तहत कहा की जिला अस्पताल में जाकर मरीजों से रूबरू हो और उनकी समस्याओं को जाने किसी भी प्रकार किसी को समस्या हो तो से संबंधित अधिकारियों से मिलकर उस समस्या को रखकर उसका निदान कराने का प्रयास करें।

श्री शर्मा ने बताया कि बहुत जन संगठनों से 15 से 20 लोगों का एक पैनल जिला अस्पताल जाकर बाकी समस्याओं पर गौर कर संबंधित अधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान कर आएगा।

इसी के साथ वहां उपस्थित युवा वाहिनी के कार्यकर्ता एवं हिंदू जागरण मंच के नगर एवं जिला के पदाधिकारी सदस्यों ने अपनी अपनी वार्ता राखी सभी ने अपनी-अपनी वार्ता को रखकर संगठन को कैसे मजबूत किया जाए एवं जो भी छोटी बड़ी कमियां हो उनको कैसे दूर किया जाए इन सभी चीजों पर चर्चा हुई अंत में हिंदू जागरण मंच के नगर सदस्य अभिषेक भारती ने सभी का धन्यवाद कर हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा, जिला महामंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष लोधी, पुनीत जयसवाल, जितेंद्र कुमार छाबड़ा, सूरज वर्मा, कृष्ण केशव वैश्य, नगर अध्यक्ष ऋषि कन्नौजिया, वीरू, सूरज वर्मा, दीपक शर्मा, विराट शर्मा, राहुल लोधी, प्रवीण, जिला मंत्री संजू रमेश पांडे, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, अभिषेक भारती, हिंदू युवा वाहिनी की जिला अध्यक्ष परमजीत कौर, नगर अध्यक्ष बिंदु सिंह, नगर महामंत्री स्वाति मिश्रा, अनु, सिमरन, खुशबू कटिहार, खुशबू प्रजापति सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

फास्ट ट्रैक

# भूसा तस्कर लगातार जिले से बाहर कर रहे हैं भूसा बिक्री

**प्रशासन भूसा तस्करों पर अंकुश लगाने मे हैं बिफल**

बीसलपुरः- डीएम के निर्देश के बाद भी भूसा तस्कर लगातार जिले से बाहर ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली व ट्रकों से भूसा ले जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन भूसा तस्करों को रोकने में बिफल दिखाई दे रहा है। जिसके चलते लाईफ लाईन हास्पिटल के सामने ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। चालक ने ट्रैक्टर से कूदकर बमुश्किल अपनी जान बचाई। डीएम पुलकित खरे ने साफ शब्दों में जिले से बाहर भूसा ले जाने पर रोक लगा दी लेकिन स्थानीय प्रशासन चंद पैसों को लेने के चक्कर में भूसा तस्करों पर रोक लगाने में बिफल दिखाई दे रहा है। जिसके चलते बीसलपुर क्षेत्र से दो ट्रैक्टर ट्रालियों में ओवर लोड भूसा भरकर बरेली बिक्री करने के लिए जा रहे थे। अचानक लाईफ लाईन हास्पिटल के सामने एक ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। चालक ने बमुश्किल ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा।

# परिवार परामर्श केन्द्र में दो दम्पत्तियों को दोबारा नई जिंदगी जीने का मिला मौका

बीसलपुरः- परिवार परामर्श केंद्र में 67 शिकायतें आई जिनमें से काउंसलरों द्वारा दो समझौते मौके पर करा दिए गए। दोनों दंपत्ति हंसी खुशी से अपने घर चले गए। बीसलपुर तहसील सभागार में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया जिसमें 67 शिकायतें आई। काउंसलरों द्वारा दो दंपत्तियों का सुलह समझौता कराया गया। दोनों दंपति हंसी खुशी से अपने घर वापस चले गए। इस मौके पर सत्यभान भदौरिया, रवि मोहन सक्सेना, मोहम्मद राशिद व केन्द्र प्रभारी निक्की चौधरी, महिला कांस्टेबल वन्दना शर्मा सहित कई काउंसलर मौजूद रहे।

# पालिका प्रशासन कितनापुर रोड पर डाल रहा है कूड़ा, किसान परेशान

बीसलपुरः- नगर पालिका द्वारा कितनापुर रोड पर कूड़ा कूड़ा कचड़ा डाला रहा है। जिससे किसानों के खेतों में पालीथिन उड़कर खेतों में जा रही है। बारिश होने से कूड़ा कचड़ा खेत में जा रहा है। किसानों में पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। बीसलपुर कितनापुर मार्ग पर पालिका प्रशासन अपनी दबंगई के चलते नगर पालिका सीमा के बाहर ग्राम पंचायत की जगह में कूड़ा डाल रहे हैं। जिससे किसानों के खेतों में कूड़ा कचड़ा पहुंच रहा है। किसानों ने कई बार पालिका प्रशासन से कूड़ा न डालने को लेकर शिकायत की थी लेकिन पालिका प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। किसानों का कहना है कि पालिका प्रशासन ने कूड़ा डालना बंद नहीं किया तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जायेगी। उधर सफाई निरीक्षक वीरेन्द्र विक्रम सिंह का कहना है कि कूड़ा पड़े होने का शिकायती पत्र मिला है। जल्द कूड़ा हटवा दिया जायेगा।



# स्कूल में हुआ, महिला सशक्तिकरण समारोह



पहल टुडे

पुरनपुर। आज अकाल अकादमी कजरी में महिला सासक्तिकरण समारोह मनाया गया ।इस समारोह के मुख अतिथि नीता अहिरवार महिला आयोग डिप्टी डायरेक्टर बरेली मंडल, डी पी ओ परगति गुप्ता पीलीभीत ,गुरभाग सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष पति , पुलिस क्षेत्राधिकारी वीरेंद्र विक्रम , राजीव चौहान ररक शहरामऊ उत्तरी आदि मौजूद रहे। ।इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों में गुरममेल सिंह नेकी की दीवार का विशेष सहयोग रहा नेकी की दीवार के कार्यों को देखते हुए मंडल स्तरीय अधिकारीगण भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करने के लिए वह अपना सहयोग करने के लिए डिस्ट्रिक्ट पीलीभीत में आ रहे हैं ।क्रायक्रम का शुभारंभ स अवतार सिंह संधू ओवरऑल इंचार्ज सीनियर कॉर्डिनेटर एवम रेहान खान सीनियर ने किया ।मैनेजर २ बलवीर सिंह ने मुख अतिथिओ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।मुख अतिथि नीता अहिरवार ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण और लड़कियों को अच्छी पढ़ाई करके अपने निश्चित उद्देश को प्राप्त करे ।गुरभाग सिंह ओर उड विरेंद्र विक्रम ने भी अपने देश में ही रहकर भविष्य बनाने का मार्गदर्शन किया ।स्कूल की मुख हेड कनक त्रिपाठी ने एक लघु नाटिका का आयोजन किया जो सराहनीय रहा ।इस मौके पर मीडिया प्रभारी फिलिप जेवियर , ,दलजीत सिंह, मुख्तियार सिंह, निधि संधू, चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ,सुन्नी मोल फिलिप, परदीप सिंह आदि मौजूद रहे। अंत में प्रिंसिपल सिमरन कौर थिंद ने सभी का आभार प्रकट किया ।

## एसडीएम ने अधिवक्ता को कुर्सी पर बैठने से रोका अधिवक्ताओं में गुस्सा

पुरनपुर। बुधवार को प्रगतिशील प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री कौशलेंद्र भदौरिया उप जिलाधिकारी से मिलने गए। इस दौरान एसडीएम तहसीलदार से बार्ता कर रहे थे। एसडीएम को व्यस्त देख कौशलेंद्र भदोरिया चेंबर में पड़ी कुर्सी पर बैठ गए। यह बात एसडीएम को नागवार गुजरी। उन्होंने अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया को कुर्सी से उठाते हुए खड़े होकर बात बताने को कहा। अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया के सम्मान को ठेस पहुंची। परिचय देने के बाद वह बाहर चले आए और साथी अधिवक्ताओं को एसडीएम के व्यवहार के बताया। जानकारी लगते ही दर्जनों अधिवक्ता तहसील परिसर पहुंच गए और एसडीएम के खिलाफ कई तरह के आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। अधिवक्ताओं को लामबंद होते देख एसडीएम ने उनसे वार्ता की और अधिवक्ता को न पहचान पाने के बारे में बताया। चेंबर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम का घेराव किया। इसके बाद बातचीत होने पर मामला रफा-दफा हो गया। अधिवक्ता कौशलेंद्र भदोरिया ने बताया कि तीन दिन पहले कि स्कूल में हुए कार्यक्रम में उन्होंने एसडीएम के साथ अच्छी तरह से मुलाकात कर एक साथ बैठकर चाय पी थी।

## संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है सफाई अभियान



बीसलपुरः- संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर सफाई कर्मचारियों की टीमें बनाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी द्वारा गांवों में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। बीसलपुर के गांव करखेड़ा में पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांवों में सफाई कर्मियों की टीमें लगाकर लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत जाकिर अली के द्वारा करखेड़ा में सफाई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई संतोष जनक पायी गई।

# क्षेत्र में चंद मिनटों हुई बारिश से किसानों की आस पुनः हुई निराश



**हवा में नमी बढ़ने से अधिक गर्मी महसूस कर रहा जनमानस**

पहल टुडे

बीसलपुरः- दोपहर बाद मौसम में अचानक करवट बदलते हुए आसमान में घने काले बादल छाने लगे और कुछ ही देर में आसमान से बारिश होने लगी। किंतु यह बारिश चंद मिनटों में समाप्त हो गई और बादल भी आसमान से छट गए। जिसके बाद किसानों के द्वारा वर्षा की आस फिर टूटती नजर आई।

सुबह से आसमान एकदम साफ था नीले आसमान से आती तेज धूप की किरणों से क्षेत्रीय जनमानस अकुलाया नजर आ रहा था। दोपहर 1 बजे लगभग अचानक तेज हवाओं के साथ आसमान में काले बादल छा गए। जिसके बाद चंद मिनटों वर्षा होने के बाद बादल खुल गए और वर्षा होने से जो किसानों ने अपने आस लगाई थी। वह उनकी पुनः टूट गई और आसमान एक बार फिर साफ हो गया। हल्की वर्षा से क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से जहां तापमान तो कम हुआ किंतु हवा में नमी बढ़ जाने के कारण अधिक गर्मी की व्याकुलता से परेशान आम आदमी दिखाई दिया।

# बैंक आफ बड़ौदा ने स्थापना दिवस पर विद्यालय को दिया डेस्क बेंच

पहल टुडे / निकहत दीबा



सुल्तानपुर ब्यूरो। बैंक ऑफ बडौदा के 115 वां स्थापना दिवस पर डिहवा ब्रांच की शाखा प्रबंधक शालिनी ने परिषदीय प्राथमिक विद्यालय नेवादा इसहाकपुर में बच्चों को बैठने के लिए पन्द्रह डेस्क बेंच प्रदान किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी मै बच्चों की शिक्षा हेतु निरन्तर सहयोग करती रहूंगी। विद्यालय में आम का वृक्ष भी लगाया। विद्यालय में संक्षिप्त कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी बीपी यादव ने इसी विद्यालय में स्मार्ट टीवी व प्रोजेक्टर क्लास का उद्घाटन किया। विद्यालय में वृक्षारोपण किया।

बीईओ ने बच्चों अभिभावकों एवम स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है। आप लोग गुरु की गरिमा बनाये रखें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें, जिससे विभाग निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए शाखा प्रबंधक की तारीफ की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के दूबेपुर के अध्यक्ष शमीम अहमद ने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने व निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपनी कार्ययोजना को बताया। आज के इस संक्षिप्त समारोह में जिलाउपाध्यक्ष रमेश तिवारी व राधेश्याम मौर्य बैंक बिजनेस कन्सलटेंट राजेश तिवारी व अश्विनी वरिष्ठ प्रधानाध्यापक नईम दिनेश गुप्ता निर्मला सिंह सादिक संकुल शिक्षक जगन्नाथ रावत सुनील सिंह प्रत्युष शिप्रा वैशाली राकेश सिंह शोएब राजगोपाल चन्द्र प्रकाश परवीन प्रीता भानुमती सबीहा आनंद महेश राम अवतार आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षा रीढ़ की हड्डी की तरह-उदय राज मौर्य जिलाध्यक्ष, खण्ड शिक्षा धिकारी संघ

सुल्तानपुर ब्यूरो। जिस तरह मानव शरीर रीढ़ की हड्डी के टूट जाने से बेकार हो जाता है उसी तरह प्राथमिक शिक्षा के कमजोर हो जाने पर बिद्यार्थी का आगे का भविष्य कमजोर हो सकता है। प्राथमिक शिक्षा को मजबूत और सुदृढ करने के लिए सरकार नित नए प्रोग्राम बना रही है और उनके क्रियान्वयन के लिए विभाग के अधिकारियों को सचेत करती रहती है। इसी क्रम में महानिदेशक शिक्षा विजय किरण आंनद जी ने पूरे उत्तर प्रदेश में शिक्षा जागरूकता के लिए एक अभियान चला रखा है

# बल्दीराय क्षेत्र के बिरधौरा तिराहे के पास चोरों ने एक मकान को बनाया निशाना

**ताला तोड़कर कई हजारों का सामान चोरी। पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।**



पहल टुडे

बल्दीराय-सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत बिरधौरा तिराहे के पास अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। रात्रि को ताला तोड़कर बक्से में रखा कीमती बर्तन परात पीतल का दो गगरा, तांबे का कई लोटा, तांबा का हण्डा सहित अनेकों सामान को चोर उठा ले गए। जिसकी जानकारी सुबह होते पता लगा कि मकान का ताला टूटा हुआ पड़ा हुआ है और जब घर के अंदर पहुंचे तो सारे सामान बिखरे देख होश दंग रह गया। पीड़ित दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जो लगभग पचासों हजार का कीमती सामान था। जिसकी सूचना डायल 112 पर देने के बाद पुलिस ने जांच किया वहीं थाने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# सफाई व्यवस्था ध्वस्त कर्मचारी मस्त- संतोष पाण्डेय, वरिष्ठ समाजसेवी

पहल टुडे





सुल्तानपुर ब्यूरो। जहाँ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को ,स्वच्छ भारत सुंदर भारत, की संज्ञा देने के लिए सतत प्रयास रत हैं वहीं पर जिनके ऊपर सफाई की प्रमुख जिम्मेदारी है ओ इनके दूर दूर तक मतलब नहीं रखना चाहते हैं।

ताजा मामला सुल्तानपुर शहर के दूबेपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चुनहा, करौंदिया देहात का है जहाँ हलियापुर सुल्तानपुर मुख्य मार्ग की सड़क पर लोगों के घरों का गंदा पानी नाली जाम हो जाने के कारण बह रहा है और सफाई कर्मी इसको लगातार अनदेखा कर रहे हैं। दूषित जल से अनेक प्रकार की बीमारियों का खतरा उत्पन्न होने का डर बना रहता है तथापि सफाई कर्मचारी अपने कर्तव्य से विमुख हैं। क्षेत्र के लोगों ने इस संबंध में अनेकों बार ग्राम प्रधान से शिकायत की लेकिन उनके द्वारा हमेशा यही बताया गया कि सफाई कर्मी को बोल दिया हूँ। लगातार बढ़ती आबादी से घर तो बनते चले गए लेकिन सफाई अभियान का कार्य सफाई कर्मी की उदासीनता के कारण सफल नही हो पाया। काफी समय तक इस वार्ड को सफाई कर्मी नही मिल सके और जब जिम्मेदारी मिली भी तो इन कर्मियों के द्वारा नालियों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया और परिणाम स्वरूप घरों का दूषित गन्दा पानी मुख्य मार्ग पर बह रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी संतोष पाण्डेय ने आज इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात की तो दूरभाष पर उनके प्रतिनिधि सचिन पाण्डेय द्वारा बताया कि तीन सफाई कर्मियों को लगाकर शीघ्र ही नाली की सफाई कराई जाएगी

# स्वस्थ जीवन ही सार्थक जीवन है -जय श्री फाउंडेशन करौंदिया, सुल्तानपुर

## अध्यक्ष मोहित मयंक तिवारी, कमलेंद्र प्रताप सिंह मिंटू, बांसी, भूपेंद्र प्रताप सिंह ( शिक्षक /मंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ दूबेपुर सुल्तानपुर ) संकल्प एक स्वास्थ्य शिविर की

पहल टुडे



सुल्तानपुर ब्यूरो। संकल्प लेने के पहले संकल्पित व्यक्ति को ऊजार्वान होने की आवश्यकता पड़ती है और ऊजार्वान बनने के लिए कर्म करते रहिए फल की इच्छा न रखिए। इस पराकाष्ठा को धारण कर संकल्पित व्यक्ति किसी भी अभीष्ठता की पूर्ति के लिए ( जिसमें परोपकार हो ) दृढ़ता से सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए उस स्थान को प्राप्त करता है जिसमें परहित जुड़ा होता है और जब हम परहित से जुड़ते हैं तो सर्वप्रथम हम अपने आप को बदलाव के रास्ते पर ले आते हैं। अपने को बदलने के लिए पैसों की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि मजबूत इरादों की जरूरत पड़ती है, यह मानना है डॉक्टर अखंड प्रताप सिंह जी का, जो ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष भी हैं और बाल रोग चिकित्सक भी हैं। इससे पहले डॉक्टर साहब ने दूसरों की क्या मदद की यह अलग बात हो सकती है लेकिन अब क्या मदद करने जा रहे हैं उसका कंटेंट कुछ अलग ही है। डॉक्टर साहब एवं उनकी धर्म पत्नी डॉ श्रीमती रेखा सिंह जी का। उद्देश्य अब मरीजों का समुचित इलाज करना, दवाओं का इंतजाम करना, उन मरीजों की चिकित्सीय सेवा करना जिनका पैसों के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो पाता। डॉक्टर अखंड प्रताप सिंह जी व उनकी धर्मपत्नी डॉ श्रीमती रेखा सिंह जी सोचते हैं कि डॉक्टर लोग अब उस गलतफहमी से बाहर आएं कि वह समाज सेवा या समाज में अपना योगदान कामयाब होने या पैसा कमाने के बाद ही दे सकते हैं। यह आप तब भी शुरू कर सकते हैं जब आपके पास सीमित संसाधन भी हों। सुल्तानपुर के ऐसे ही चिकित्सक को जोड़कर यह आभास कराना चाहता हूं कि वे भी मरीजों की चिकित्सीय सेवा कर अपने अंदर बदलाव लाएं ।वैसे भी डॉक्टर तो अभाव को भाव तथा दुख को सुख में बदलने की कला जानता है, डॉक्टर तो सपनों की सुंदरता पर भी भरोसा करते हैं, ठीक उसी तरह मरीज भी सपनों की सुंदरता की तरह डॉक्टर पर विश्वास करते हैं। चिकित्सक की वीरता और बलिदान का गौरवशाली इतिहास रहा है। चिकित्सक निर्भीक होने के साथ ही संयम और दया के भी धनी होते हैं, यह सब हमने कोरॉना कॉल में देख ही लिया। इन्ही नीतिगत व सामाजिक मयार्दाओं के साथ 4 चिकित्सकों का समूह हेरिमिटेज पब्लिक स्कूल कुड़वार ब्लाक के पास 31 जुलाई 2022 दिन रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने जा रहा है। कुड़वार व दूबेपुर ब्लाक के संपूर्ण ग्राम वासियों से आग्रह है कि यदि वे किसी चिकित्सीय विसंगतियों से पीड़ित हैं तो इस निशुल्क चिकित्सिय आयोजन का संपूर्ण लाभ उठाएं। आयोजन स्थल : हेरिमिटेज पब्लिक स्कूल कुड़वार ब्लाक के सामने आयोजक : स्वराज हॉस्पिटल सुल्तानपुर एवं जय श्री फाउंडेशन करौंदिया, सुल्तानपुर।

खास समाचार

## किसान धरना प्रदर्शन के नाम पर सकरन में धारा 144 की उड़ रही धज्जियां

**बीडीओ सकरन ने कहा कि ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन की नहीं ली गई इजाजत**

संवाददाता राकेश कुमार

सांडा (सीतापुर)- सकरन ब्लाक कार्यालय के परिसर में भ्रष्टाचार के विरोध के नाम पर तथाकथित किसान जो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हैं,माइक लगा कर हल्ला मचा रहे हैं। जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। जबकि इस समय ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है।ब्लॉक कार्यालय परिसर में सपा नेता मुर्तजा अली अंसारी, रफी अंसारी,इलियास अंसारी,मुबारक अंसारी, जुबेर अंसारी और पूर्व में सपा से जिला पंचायत पद के प्रत्याशी रहे सुशील भार्गव और रमेश भारती के द्वारा सकरन की ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार के नाम पर ब्लॉक कार्यालय परिसर में पिछले कई दिनों से माइक लगाकर हो हल्ला मचा रहे है। पंचायतों में रिक्त पदों के लिए जारी अधिसूचना के बीच खंड विकास अधिकारी की इजाजत के बगैर परिसर में हो हल्ला मचाए जाने से आमजन के साथ सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। क्षेत्रवासी राम मिश्रा,राजेश,रामपाल, दिनेश,रामलाल,बाबूराम, सर्वेश,राहुल,अजय, संतराम,महेश,रामचंद्र वर्मा,दिवाकर,जगदीश, राम लखन,विमलेश आदि ने धरना के नाम पर हो रही हुल्लड़ बाजी पर रोक लगाए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।



## कस्बा मिश्रित की महंत पुलिया के पास रोड के दोनो ओर मौरंग भरी ट्रके खड़ी होने से यातायात बाधित

मिश्रित सीतापुर / कस्बा मिश्रित के नहर चौराहा पर स्थित पुलिस सहायता केन्द्र से लेकर महंत पुलिया तक प्रति दिन सुबह 3 बजे से ही मौरंग मंडी का व्यवसाय मिश्रित के मौरंग माफियाओं द्वारा शुरू कर दिया जाता हैं यह ट्रक संचालक ओवरलोड भरी मौरंग की ट्रकें सीतापुर हरदोई मार्ग के दोनों तरफ खड़ी कर देते हैं । जिससे इस रोड पर सुबह 10 बजे तक प्रति दिन यातायात जाम की समस्या बनी रहती है । वाहन चालकों को डबल वाहन क्राश करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।इन मौरंग भरी ट्रकों की वजह से कई बार सड़क हादसे भी हो चुके है ।जब कि कस्बा मिश्रित में मौरंग और बालू की कोई अधिकृत मंडी नही है ।फिर भी जिला खनन अधिकारी व तहसील मिश्रित में तैनात उपजिलाधिकारी गौरवरंजन श्रीवास्तव और सीओ शुशील कुमार यादव के संरक्षण में यह मौरंग माफिया इस अवैध गोरख धंधे का व्यवसाय खुले आम संचालित कर रहे है ।कोई हादसा हो जाने पर खनिज अधिकारी व परिवहन विभाग के अधिकारी एक दो वाहनों का चालान करके खाना पूर्ती कर देते है । जिससे इन अवैध बालू मौरंग माफियाओं पर कोई खास असर नही पड़ता है ।उनका गोरख धंधा बराबर चलता रहता है ।



## झम झमा झम बारिश से मिली ग्रामीण व किसानों को राहत



संवाददाता अनुराग मिश्रा उर्फ पवन

मिश्रित सीतापुर / इंद्र देव की नाराजगी और काफी इंतजार के बाद आसमान से बरस रही आग से त्रस्त किसानों को आखिर आज दोपहर से हुई झमांझम बारिस से जहां कुछ राहत मिली है ।वहीं लोगों को प्रचंड गर्मी से भी राहत मिली है ।परन्तु कस्बा मिश्रित में जल निकासी की उचित ब्यवस्था न होने के कारण थोड़ी सी बरसात होते ही पूरा शहर तालाब में तब्दील हो जाता है ।तहसील कार्यालय के मुख्य व्दार पर जल भराव हो जाता है ।लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल निकासी ब्यवस्था न होने के कारण तालाब के रूप में तब्दील हो जाता है ।सामुदायिक पसु चिकित्सालय में जल निकासी की ब्यवस्था न होने के कारण तालाब में तब्दील हो जाता है ।ब्लाक कार्यालय के बाहर जल निकासी हेतु नाला की ब्यवस्था न होने के कारण ब्लाक गेट से समूचा परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है ।जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

# कमालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अभियान का किया शुभारंभ

दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर।जनपद में बुधवार को जनपद के कमालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय कुमार सिंह ने कृमि मुक्ति की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान पुत्र शानू चैधरी ने मुख्य अथिति डा० विनय कुमार सिंह का फूलो का बुके देकर स्वागत किया व फीता काट कर प्रोग्राम का शुभ आरम्भ किया।यह दवा 1 वर्ष से 19 वर्ष उम्र तक के सभी लोगों को खानी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय कुमार सिंह ने बताया कि जिले में 16.38 लाख बच्चों और किशोरों को कृमि मुक्ति की दवा यानि पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू हुआ है। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों और पंजीकृत स्कूलों, ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले श्रमिकों और घुमन्तू लोगों को दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी कारण आज जो बच्चे दवा नहीं खा पाए हैं उनको मॉपअप राउंड में खिलाई जाएगी। जनपद में मॉपअप राउंड 25 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। शिक्षक, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकताओं को यह दवा अपने सामने ही खिलाने के निर्देश हैं। नोडल अधिकारी डा. सुनील कुमार ने बताया कि कुछ खाकर ही यह दवा खानी है।3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा पीसकर पिलानी है जबकि 3 वर्ष से ऊपर के बच्चों को यह दवा चबाकर खानी है। उन्होंने बताया कि पेट से कीड़े निकलने की दवा एल्बेन्डाजॉल बहुत ही स्वादिष्ट बनाने की कोशिश की जाती है। इससे बच्चे आसानी से खा लेते हैं।इस बार जबकि इस बार यह चॉकलेट फ्लेवर में मिल रही है। जिससे बच्चों को खिलाने में आसानी रहेगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बीबी शर्मा ने बताया कि हम लोगों को दवा खिलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था।हम सब कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दवा खिला रहे हैं।जो लोग दवा नहीं खा सके हैं, उनको मॉपअप राउंड में दवा खिलाने का प्रयास करेंगे।लाभार्थी संजय कुमार ने बताया कि मेरे बच्चे को आज उसके स्कूल में कृमि मुक्ति की दवा खिलाई गई है।दवा सेवन के दौरान और उसके बाद भी कोई दिक्कत नहीं हुई है।इस अवसर पर कमालपुर के प्रधान पुत्र शानू चैधरी भी उपस्थित रहे। डीईआईसी ललित कुमार ने बताया कि बच्चे अक्सर कुछ भी उठाकर मुंह में डाल लेते हैं या फिर नंगे पांव ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं।इससे उनके पेट में कीड़े विकसित हो जाते हैं।इसलिए एल्बेन्डाजॉल खाने से यह कीड़े पेट से बाहर हो जाते हैं।अगर यह कीड़े पेट में मौजूद हैं तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं।इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे-धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए यह दवा एक बेहतर उपाय है। जिन बच्चों के पेट में पहले से कृमि होते हैं उन्हें कई बार कुछ हल्के प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं। जैसे हल्का चक्कर, थोड़ी घबराहट, सिर दर्द, दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, मितली, उल्टी या भूख लगना।इससे घबराना नहीं है। दो से चार घंटे में स्वतः ही समाप्त हो जाती है। आवश्यकता पड़ने पर आशा या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मदद से चिकित्सक से संपर्क करें।

## जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पहल टुडे/ ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी

(माचाड़ीराजगढ):- अलवर। राजकीय विधि महाविद्यालय अलवर में छात्र नेता रामराज मीना ने अपने जन्मदिन अवसर पर पोंधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पीपल, बड़, नीम, शहतूत, अर्जुन आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस दौरान विद्यार्थियों को आचार्य डां. मुकेश कुमार मीणा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पौधों का मानव जीवन में बहुत महत्व है। पौधों के बिना हमारा जीवन अधूरा है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने में पेड़ पौधे अपना अहम योगदान निभाते है।स्वच्छ वातावरण में ही व्यक्ति स्वच्छ रह सकता है।इसलिए बीमारियों से बचाव के लिए भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल मात्र पौधारोपण करने से ही अपने कार्य की इतिश्री नही कर लेनी चाहिए। अपितु पौधा लगाने के बाद उसकी समय- समय पर देखभाल करनी भी जरूरी है।ताकि यह पौधा बड़ा होकर वृक्ष बन सके। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थियों को अपने घरों, पंचायती खाली पड़ी भूमि, सड़कों, नदियों के किनारे भी इस मौसम में पौधा रोपण करना चाहिए। इस अवसर पर आचार्य डॉ मुकेश कुमार मीणा, आचार्य राकेश कुमार शर्मा, आचार्य सुंदर सिंह यादव, आचार्य संजय रायपुरिया, रामराज मीणा, राहुल हितेश, निरंजन, रविन्द्र गुर्जर, सचिन गुर्जर, मनीष जोरिया, अजीत, अभिषेक,हितेश गुर्जर,भूपेंद्र शर्मा, नागराज शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विधायक के जन्मदिन पर कटा केक, कार्यकताओं ने की लंबी आयु की कामना

बड़हलगंज, गोरखपुर। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के 58 वें जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं ने जगह जगह केक काट व मिठाई बांट उनके लंबी आयु की कामना की। विधायक श्री त्रिपाठी ने भाजपा नेता राजीव पांडेय के आवास पर केक काटकर कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया। बुधवार को विधायक राजेश त्रिपाठी के 58वें जन्मदिन के अवसर पर बड़हलगंज क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में भाजपा कार्यकताओं व उनके समर्थकों ने केक काटा व एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा विधायक के लंबी आयु के साथ ही उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सुबह से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।देर शाम विधायक श्री त्रिपाठी ने भाजपा नेता राजीव पांडेय के आवास पर केक काटकर कार्यकताओं के साथ जन्मदिन मनाया।इस दौरान भाजपा नेता महेश उमर, स्वतंत्र सिंह, श्रीकांत सोनी, अरविंद सिंह, राजकुमार भारती, धर्मेंद्र तिवारी, डब्लू सोनकर, सुरेश उर्फ गुड्डू मिश्रा, आनंद त्रिपाठी, बृजेश वर्मा, राहुल तिवारी, रंजय कन्नौजिया, श्रेयस पांडेय सहित अन्य कई लोग मौजूद रहें।

## अवैध क्लीनिक के खिलाफ रजिस्टर्ड क्लीनिक के संचालक ने दिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र

पहल टुडे / ब्यूरो रिपोर्ट अनूप पांडेय

सीतापुर अवैध क्लीनिक संचालक ने रजिस्टर्ड क्लीनिक संचालक के क्लीनिक बंद कराने को लेकर की दबंगई प्रार्थी ने दिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र। आपको बताते चलें पूरा मामला सीतापुर जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव क्षेत्र के बड़े लिया का है जहां पर प्रार्थी जगजीवन पुत्र मोहन लाल निवासी बड़खेड़ा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी मधू गैरोला को शिकायती पत्र देकर मां क्लीनिक जो कि अवैध रूप में संचालित किया जाता है वही प्रार्थी जगजीवन ने बताया कि मां पाली क्लीनिक मैं कैंसर डिलीवरी आदि गंभीर बीमारियों का इलाज अप्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा किया जाता है कई बार लोगों की जान पर संकट बन आई है उक्त के क्लीनिक में कैंसर जैसे गंभीर रोग का ऑपरेशन किया जाता है कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उनके विरुद्ध जांच कर कानूनी कार्रवाई करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।



## सर्व समाज के युवाओ ने मनायी क्रांति जनक शहीद मंगल पांडे की जयंती

**रेलवे स्टेशन तिराहे पर मनायी क्रान्ति जनक वीर शहीद मंगल पांडे की जयंती**

पहल टुडे।ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी



**(माचाड़ीराजगढ़):-** अलवर- 1857 की क्रांति के जनक शहीद क्रान्तिकारी मंगल पांडे की जयंती रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर मनायी गयी ।इस मौके पर सर्व समाज युवाओ ने स्टेशन रोड तिराहे का नाम क्रांति जनक शहीद मंगल पांडे करने की मांग रखी।इसके बाद भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष ज्लेसिंह,समाजसेवी आकाश मिश्रा एवम जगराम पहलवान ने स्टेशन रोड स्थित तिराए पर बोर्ड का अनावरण किया ।युवाओं द्वारा मंगल पांडे की जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया उनका जन्म 19 जुलाई 1857 को बलिया उत्तर प्रदेश मे हुआ था ।इन्होने भारत मे सर्वप्रथम अंग्रजो के खिलाफ विद्रोह किया ओर चर्बी वाले कारतूशो के इस्तेमाल ना करने ओर दो अन्ग्रेज अधिकारी मेजर हिशन ओर लोर्ड बाग को गोली मार दी ।इससे भारत मे क्रांति की सुरुआत हो गयी ओर ये क्रांति जनक कहलाये ।19 जुलाई को रेलवे स्टेशन रोड तिराहा पर उनके देश मे हुए बलिदान को याद रख कर जयंती मनायी गयी ।इस मौके पर कोंग्रेश जिलाधयक्ष योगेश मिश्रा जी, भाजपा युवामोर्चा पूर्व. जिलाध्यक्ष जले सिंह, जगराम पहलवान, समाजसेवी आकाश मिश्रा, कमल मीणा,अनिवेश कुमार , केपि शर्मा,नागराज शर्मा,रचित जाटव, गज्जु नरुका, विजय यादव, पवन यादव, बेदू पहलवान , कुलदीप शर्मा,रामवीर सिंह , अनिल भज्या ,नरेंद्र गुर्जर, सचिन वाल्मिकी, सोनू पंडित, सन्नी जाट, प्रभात चौधरी एवम बडी संख्या मे युवा उपस्थित रहे ।

## जर्जर सड़क, पानी, विद्युत को लेकर नगर वासियों ने किया विरोध प्रदर्शन कर जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार करने की मांग की

पहल टुडे

अमिला..मऊ.. स्थानीय नगर पंचायत के पाण्डेय का पुरा में जर्जर सड़क बिजली पानी से जूझ रहे नगर वासियों ने बुधवार को प्रदर्शन कर बिरोध जताया सभासद अनिल कुमार ने बताया कि पाण्डेय का पुरा एक दलित बस्ती है जिसमें सड़क से लेकर बिजली पेयजल की व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त है। जबकि इस बस्ती में एक हनुमान मंदिर है जो पुरे बस्ती के लोग यहीं पर शादी विवाह या कोई भी प्रोग्राम का एकमात्र स्थान है। मंदिर पर एक इण्डिया मार्का हैंडपंप तो है पर वह काफी समय से खराब है।डाक्टर संजय ने बताया कि पुरे दलित बस्ती में सबसे बड़ी समस्या पानी व बिजली की है। जलकल का टंकी लगा तो है लेकिन उसमें भी पानी नहीं आता और बारिश न होने से सुखे भय सता रहा है ऐसी स्थिति में पानी के हाहाकार मच सकता है।तो वहीं अरविन्द कुमार ने कहा कि बिजली के लिए विद्युत सप्लाई भगवान भरोसे है।एक तो उमस भरी गर्मी उपर से बिजली की मार सिंगल तार पर सप्लाई चलती जिसकी शिकायत करने के बावजूद उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई।मौके पर उपस्थित दिनेश, गुलशन, डॉ0 संजय, रवी, अरविंद, शिवानंद, सदानंद, गुड्डू, पतिराज, प्रवीण, रामचरण, सुनील,आकाश, राजदेव व अर्जुन आदि नेआदि ने जर्जर सड़क का सुधार विद्युत केबल की सप्लाई व जलकल व्यवस्था जल्द से जल्द दुरूस्त करने की मांग किया है और हनुमान मंदिर पर वाटर कूलर लगाने की बात कही ताकि पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल सके।



## अखाड़ा शिवशक्ति मथुरा के पहलवानों ने की श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री परमेश्वर दास त्यागी जी महाराज गुरु जी को साइकिल भेंट



पहल टुडे

मथुरा ! जनपद मथुरा में जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति मथुरा के तत्वधान में अखाड़ा शिव शक्ति आधुनिक मल्ल विद्या केंद्र के सहयोग से खेलगुरु बृजरत्न अशोकशेखर पहलवान द्वारा श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी जी महाराज मोर कुटी आश्रम वृंदावन को आश्रम की सेवा के लिए एक साइकिल भेंट कर गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर पायलेट बाबा, अक्षिता ठाकुर , पुण्य प्रताप सिंह, राधा जी, लक्ष्य पहलवान, अंकित पहलवान, जय भगवान पहलवान, कान्हा पहलवान, मोर कुटी आश्रम की समस्त भक्त व संत उपस्थित रहे ।

## विश्व हिन्दू परिषद धर्म यात्रा महासंघ जिला प्रमुख नियुक्त किये जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल

लहरपुर सीतापुर, विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा बंशीधर पाठक को धर्म यात्रा महासंघ जिला प्रमुख बनाये जाने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है वही जानकारी होते ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा बधाई देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दयाल रस्तोगी भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बाजपेई महामंत्री वीरेंद्र मिश्रा राज दीपक खरे रामेश्वर दयाल तिवारी पुरूषोत्तम रस्तोगी हिंदू युवा वाहिनी जिला उपाध्यक्ष विवेक पुरी भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री मयंक टंडन आयुष पाण्डेय राघवेंद्र मिश्रा हिन्दू युवा वाहिनी अध्यक्ष शिवम टंडन राजेन्द्र तिवारी एडवोकेट सियाराम शर्मा राघवेंद्र पाधा शशीकांत आशीष शुक्ला शिव गोपाल पाठक कृष्ण गोपाल पाठक बृम्ह प्रकाश शुक्ला मनीष पाठक अमित पाठक मोहित पाठक अमरेश पाठक सोनू गौड़ सहित सभी ने विश्व हिन्दू परिषद जिला तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ठेकेदार कर रहे मनमानी राशन डीलरों कर रहे शोषण

दैनिक पहल टुडे



बुलंदशहर। शासन द्वारा लागू की गई सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना परवान चढ़ती नहीं दिख रही है।राशन डीलरों के यहां माल लेकर जा रही गाड़ी बिना तोल कराये ही माल उतारने के लिए पहुंच रही है। बुधवार को जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव जलीलपुर में एक राशन डीलर के यहां जब डोर स्टेप डिलीवरी के लिए गाड़ी पहुंची तो उसने खाद्यान्न की तोल कराये बिना माल उतरवाने से मना कर दिया। मौके पर पहुंचे अन्य राशन डीलरों ने भी माल लेकर आई गाड़ी के ड्राइवर से खाद्यान्न की तोल की पर्ची दिखाने के लिए कहा तो उसके पास तोल की पर्ची ही नहीं मिली। राशन डीलरों का आरोप है कि डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से ठेकेदार उनका शोषण कर रहा है। प्रत्येक डोर स्टेप डिलीवरी पर उन्हें राशन की कम मात्रा प्राप्त होती है। एक राशन डीलर ने बताया कि शासनादेश में स्पष्ट है कि ठेकेदार राशन डीलर को पूरा माल पहुंचाएगा उसके बावजूद भी ठेकेदार मनमानी करते हुए राशन डीलरों का शोषण कर रहा है। राशन डीलरों द्वारा तोल न कराये जाने की स्थिति में माल नहीं उतरवाया, जिसके बाद राशन लेकर आई गाड़ी बैरंग ही वापस लौट गई। वहीं इस मामले में पूर्ति निरीक्षक अनूपशहर मीनाक्षी सिंह ने इस मामले की जानकारी होने से ही इंकार कर दिया है। वहीं डोर स्टेप डिलीवरी का कार्य देख रहे ठेकेदार अतुल से बात करने पर उन्होंने कहा कि खाद्यान्न लेकर आई गाड़ी को कोटेदार किसी नजदीकी कांटे पर खड़ी करवा सकते हैं और वहीं से अपने वाहनों में माल लदवाकर और उनकी तोल करवाकर खाद्यान्न ले जा सकते हैं। हालांकि इस पर होने वाले व्यय के बारे में उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। राशन डीलरों ने ठेकेदार की इस मनमानी के विरोध में डीएम कार्यलय पर धरना देने की चेतावनी दी है।

## सीबीएससी बोर्ड टीचर कि वर्कशाप का हुआ आयोजन, 42 टीचरों ने लिया भाग



दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर।जहांगीराबाद नगर के बिन्नेर देवी रोड पर स्थित बी. के सीनियर सेकंडरी स्कूल में सीबीएससी बोर्ड नोयडा के तत्वधान में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत टीचरों की वर्कशॉप का हुआ आयोजन,42 स्कूलों ने लिया भाग।कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्यअतिथि डा. निशी फोगाट प्रबंधक नरेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य रीता शर्मा ने माँ सरस्वती चित्र के दीप प्रज्वलित कर किया।कालेज में आयोजित वर्कशॉप के बारे में जानकारी देते प्रधानचार्य रीता शर्मा ने बताया की वर्कशॉप में जनपद सहित गैर जनपद के 42 स्कूलो को टीचरों ने भाग लिया।मौजूद सभी टीचरों ने अपने-अपने विचारों को साँझा किया। कार्यक्रम दोपहर से शुरू हुआ और देर शाम तक चला। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानचार्य रवि गर्ग, नंदनी राजपूत, पूर्ति गर्ग, मेघा अग्रवाल, संजय कुमार, गौरव राणा, सुरेन्द्र वशिष्ठ आदि लोग विशेष सहयोग रहा।

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को किया जागरूक

**चैपाल लगाकर भी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जा रहा है जागरुक**

दैनिक पहल टुडे



बुलंदशहर।बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराध (जैसे दुष्कर्म, अपहरण, छेड़खानी, चैन स्नैचिंग इत्यादि) घटनाओं के दृष्टिगत एक समग्र अभियान मिशन शक्ति चलाया जा रहा है। जिसमें बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों के प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जनपद के सभी थानों में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पडने वाले स्कूल, कॉलेजों, शॉपिंग मॉल, मुख्य चैराहों, मार्गों, बाजारों, पार्कों, भीड़भाड़ वाले इलाकों व मंदिरों के आस-पास इत्यादि जहां पर महिलाओं, बालिकाओं का आवागमन अधिक रहता है, पर प्रभावी रूप से निरंतर पैदल गस्त एवं चेकिंग की जा रही है।जिससे महिलाएं, बालिकाएं सुरक्षा का भाव महसूस कर सकें।साथ ही गांव-गांव में चैपाल लगाकर भी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।एंटी रोमियों टीमों द्वारा छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे चैराहों, बाजारों, मॉल्स, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, पार्कों, बस स्टैण्ड/रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वों, शोहदों से मुक्त कराना है तथा महिलाओं, छात्राओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

खास समाचार

## गरज-चमक के साथ गिरी बिजली, दो की मौत

बांदा। तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में समेत दो की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजस्व अधिकारियों ने गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों से पूछताछ की। जांच आख्या बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी।

शहर कोतवाली क्षेत्र के अरबई गांव निवासी संदीप उर्फ भेला (17) पुत्र कैलाश बुधवार को दोपहर अपने दोस्तों के साथ गांव के खेरापति देव स्थान गया था। वापस लौटते समय तेज बारिश होने लगी। भीगने से बचने के लिए वह पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी बीच तेज धमाके के साथ पेड़ पर आकाशीय बिजली आ गिरने से चपेट में आकर उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बारिश थमने के बाद कुछ लोगों ने उसे पेड़ के नीचे मृत अवस्था में पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चाचा रमेश ने बताया कि संदीप मुख्यालय स्थित एक इंटर कालेज में इंटरमीडिएट का छात्र था। उधर, महोबा जिले के इचौली गांव निवासी रानी (14) पुत्री बल्देव बुधवार को दोपहर घर के नजदीक स्थित तालाब किनारे कपड़े की धुलाई कर रही थी। इसी बीच बारिश के साथ तेज धमाके से आकाशीय बिजली आ गिरी। चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। किशोरी के जीवित होने की उम्मीद पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मार्ग हादसे में घायल युवक की मौत

बांदा। लगभग तीन साल पहले जीप पलटने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान घर पर मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी राहुल पटेल (38) पुत्र राजाभइया की मंगलवार की रात घर पर इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता ने बताया कि राहुल लगभग तीन साल पहले चंदला (छतरपुर) से पड़ोसी की बरात में शामिल होकर गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में जीप पलट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका घर पर ही इलाज किया जा रहा था। मंगलवार की रात उसने दम तोड़ दिया।

## अलग-अलग स्थानों पर चार ने गटका जहर

बांदा। अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत विभिन्न कारणों के चलते जहर खान से चार लोगों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर चारों का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के छाबी तालाब निवासी नरगिस (25) पत्नी सुल्तान ने मंगलवार की रात घरेलू विवाद से नाराज होकर ससुराल में जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक अन्य घटना में बिसंडा थाना क्षेत्र के घनसौल गांव निवासी सुमतिया (22) पत्नी शिव कुमार ने मंगलवार की रात पारिवारिक कलह के चलते जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, बदौसा थाना क्षेत्र के पौहार गांव निवासी राजरानी (45) पत्नी रामचरन ने मंगलवार की रात जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में देहात कोतवाली क्षेत्र के पचुल्ला गांव निवासी देवरती (40) पत्नी रामदेव ने मंगलवार की रात घरेलू विवाद से क्षुब्ध होकर जहर खाकर खुदकुशी का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## चंदवारा से उपचुनाव में भाजपा से पुष्पा सिंह ने नामांकन किया

**मृतक श्वेता सिंह गौर की सास ने भरा नामांकन**

पैलानी/बांदा। जिले में जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत सदस्यों के उप चुनाव को लेकर नामांकन पत्र मिले सुरु हो गए हैं जिनमे जिला पंचायत सदस्य वार्ड 12 चंदवारा से सबसे पहले उषा सिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया था आज मृतक स्वेता सिंह गौर के पति डा.दीपक सिंह गौर मरझा, की माता पुष्पा सिंह पत्नी राजबहादुर सिंह गौर (पूर्व डी.आई.जी) ने आज नामांकन किया जिस दौरान प्रत्यासियों के समर्थको द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बताया गया की अब हम लोग अपने क्षेत्र में जन संपर्क करना सुरु कर देंगे हालाकी इसके पहले भी उनकी

बहु श्वेता सिंह गौर जिला पंचायत सदस्य थी इसी वार्ड नबर 12 से लेकिन उनकी मौत के बाद उन्होंने अपना पर्चा भाजपा से दाखिल किया है वही इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल जसपुरा ब्लॉक प्रमुख महेश निषाद भाजपा वरिष्ठ नेता बृजमोहन सिंह, जिला सह संयोजक उमेश प्रताप सिंह चन्देल, मण्डल मंत्री नारायण सिंह, कानाखेड़ा संयोजक गोरे सिंह, वरिष्ठ वकील रामप्रताप सिंह, युवा मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं क्षेत्र के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता वरिष्ठ जन आदि लोग मौजूद रहे।

## बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां देकर जागरूक किया गया

पैलानी/बांदा। आज बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जसपुरा क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोलियां देकर जागरूक किया गया।सभी परिषदीय स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा कृमि आधारित रोगों तथा एल्बेंडाजोल की गोलियों की जानकारीयां भी बच्चों को दी गई।सभी विद्यालयों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सभी को एल्बेंडाजोल गोली की सम्पूर्ण जानकारी दी गई और एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई गई।जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अंकुर ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में मृदा संचालित कृमि का पूर्ण उन्मूलन प्राप्त करना है।उन्होंने बच्चों को बताया कि दुनिया की लगभग 24 प्रतिशत आबादी मिट्टी से संक्रमित कृमि से संक्रमित हैं।

## भूजल सप्ताह अंतर्गत अटल भूजल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पैलानी/बांदा। बुधवार को जसपुरा के ब्लाक परिसर में भूजल सप्ताह अंतर्गत अटल भूजल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे सुधीर एंड पार्टी उन्नाव के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल बचाने हेतु प्रस्तुतिकरण किया गया।आई.ई.सी.एक्सपर्ट अखिलेश पाण्डे ने अटल भूजल योजना पर विचार रखा।जसपुरा ब्लॉक के एडीओ आईएसबी अनुराग अनुरागी ने सभी जल बचाने की अपील किया।डी.आई. पी. प्रतिनिधि नीरज त्रिपाठी ने जल के महत्व में प्रकाश डाला।इस मौके पर अरविंद कुमार, रामराज प्रजापति, शिवम सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तीन महिलाओं के टप्पेबाजो ने 57 हजार रुपये उड़ाये

बबेरु/बांदा। बबेरू कस्बे के इंडियन बैंक से तीन महिलाएं रुपया निकालने के बाद एक ही थैले में रुपया रखकर समान खरीदारी करते समय टप्पेबाजो ने ठेले पर ब्लेड से चीरा मारकर 57 हजार उड़ा दिया। जैसे ही महिलाओं ने थैले को देखा तो थैला पर ब्लेड से चीरा मारा हुआ था, और रुपए गायब थे, जिससे महिला दंग रह गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दिया हैं। विवरण के अनुसार बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव के टोली पुरवा के रहने वाले लायबाबू जो दिल्ली में मजदूरी करता है। लालबाबू ने अपने पत्नी प्रभावती के खाते में 30 हजार रुपये, भाभी सुमन के खाते में 24 हजार रुपए भेजा था। जिसमें देवरानी और जेठानी और एक पड़ोसन चंदा देवी 3 हजार रुपये, बबेरू कस्बे के इंडियन बैंक से निकालने के बाद एक ही थैले पर 57 हजार रुपये, रख लिया। और तीनों महिलाएं बाजार करने के पश्चात औगासी रोड मुख्य चौराहे के नजदीक सड़क के किनारे लगे ठेले में चाऊमीन खाने लगी। इसी बीच मौका पाकर टप्पे बाजो ने जिस थैले पर रुपए रखे थे, उसमें ब्लेड से चीरा मारकर 57 हजार रुपये उड़ा ले गए, चाऊमीन खाने के बाद जब दुकानदार को महिलाएं पैसा देने लगी दो थैला फटा हुआ देखा।

# लखनऊ के लुलु मॉल को लेकर राहुल प्रधान ने अखिलेश यादव के बयान पर कसा तंज

पहल टुडे



आगरा ! किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राहुल प्रधान ने लुलु मॉल विवाद पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें नकार दिया। और बीजेपी को फिर से अवसर दिया है। इसलिए वह अनाप-शनाप आरोप लगाते हैं। प्रधान ने कहा कि यूपी में कोई कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। आज लुलु मॉल विवाद पर अखिलेश ने ट्वीट कर सीएम योगी आदित्यनाथ से तीखे सवाल पूछे थे। राहुल प्रधान ने कहा मॉल नमाज और हनुमान चालीसा पढ़ने की जगह नहीं है। चाहे वह लुलु मॉल हो या कोई भी सार्वजनिक स्थान हो। वो ना तो नमाज पढ़ने का स्थान है ना ही हनुमान चालीसा पढ़ने का। जिन्हें यह करना है वह अपने अपने घर में करें या फिर अपने- अपने धार्मिक स्थलों पर करें। जहां पुलिस के द्वारा लापरवाही हुई है वहां कार्यवाही की गई है। राहुल प्रधान ने कहा सपा को चुनाव से पहले ही सत्ता में आने का सपना आ रहा था। उनकी पार्टी में गुंडे, माफिया, अपराधी अधिक हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करना चाहता है। इसलिए जनता ने फिर से बीजेपी को उत्तर प्रदेश में अवसर दिया है। इसी से अखिलेश यादव बीच-बीच में अनाप-शनाप आरोप लगाते हैं। राहुल प्रधान ने आज दिल्ली दौरे पर रवि किशन को जन्मदिन की शुभकामनाए दी। उन्होंने बताया कि रवि किशन से मिलकर उन्होंने गोरखपुर में गरीबों, किसानों, महिलाओं के सशक्तिकरण व युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा की और उन पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री प्रधान ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर भी मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि उत्तर प्रदेश में एक मॉडल के रूप में अमृत सरोवर बनकर तैयार हो। मनरेगा के माध्यम से बहुत सारे काम अच्छे से कराए जा सकते हैं। उन कार्यों को कैसे अच्छा स्वरूप दिया जा सकता है। और एक-एक पैसा श्रमिकों के काम आए इन विषयों पर भी मार्गदर्शन लिया।

# तोमर सम्राट अनंगपाल सिंह की जयंती मनाई



पहल टुडे। ब्यूरो चीफ ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी

फिरोजाबाद। टूंडला ब्लॉक के भक्ती गढी मे दिल्ली संस्थापक चंद्र वंशी ठाकुर अनंतपाल सिह तोमर की प्रथम जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस मे सहसराम आश्रम के महंत चंदन दास महाराज और ठाकुर अनंतपाल सिह राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद अतिथि रहे तथा वृज धाम के क्षत्रिय ठाकुर धर्म सिह ब्रजवासी का भी सम्मानित किया।इसमे क्षत्रिय ठाकुर बबलू उर्फ देवेंद्र सिह चौहान, रमेश सिंह तोमर, कल्याण सिंह तोमर, रोताश सिह तोमर,लालू सिंह तोमर, अमित सिंह तोमर, संदीप सिंह तोमर, मदरेश सिंह चौहान, सोनू सिंह चौहान, महावीर सिंह चौहान ,गोपाल मास्टर, भोले बाबा,अंशु तोमर, मंगल तोमर, पवन धाकरे,और रामबाबू धाकरे आदि राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।तथा सहसराम आश्रम के महंत चंदन दास महाराज ने भव्य गौशाला का ऐलान किया कि इस क्षेत्र मे गौ वंश की बहुत बुरी हालत गंभीर है तथा सभी जाति के लोगो का सहयोग प्रदान करे। तथा दिनांक 21/7/2022 को बैठक होगी जो विजय गढी के सहसराम आश्रम पर रखी गई है सभी कार्यकर्ताओ को मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार खत्म होने के साथ मजबूत हुई कानून व्यवस्था-प्रतिभा शुक्ला

**कासगंज पहुंची योगी सरकार की राज्य मंत्री ने गिनाई सरकार की 100 दिन की उपलब्धियां**

पहल टुडे

कासगंज। सूबे की योगी सरकार में बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला आज कासगंज पहुंची, जहां उन्होंने सरकार की 100 दिन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहां कि सरकार के 100 दिनों के लिए एक वृहद कार्ययोजना बनाई गई थी और योजनाएं धरातल पर उतरी। राज्यमंत्री ने बताया कि मौजूदा सरकार में भ्रष्टाचार खत्म होने के साथ-साथ कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य समाज की पंक्ति में सबसे आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 2017 की तर्ज पर जब दोबारा योगी जी की सरकार बनी इसके बाद लक्ष्य निर्धारित कर के कार्य योजना बनाई गईं, इसके साथ ही सीएम योगी के नेतृत्व में पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारियों का एक सामूहिक प्रयास किया गया जिसका परिणाम हम सब लोगों के सामने हैं। राज्य मंत्री ने बताया कि कई विभाग तो ऐसे हैं जिन्होंने 100 दिनों के लक्ष्य को पार करते हुए आगे के लक्ष्य के लिए बहुत तेजी से प्रयास किया है और 100 दिन के अंदर ही 200 दिनों का लक्ष्य करके दिखाया है।

### योगी सरकार ने मजबूती से बढ़ाया कदम

कासगंज पहुंची राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि जनादेश के बाद उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता और उनकी सुरक्षा समृद्धि और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की तरफ योगी सरकार ने बहुत ही मजबूती के साथ कदम आगे बढ़ाया है, इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश में स्वरोजगार के लिए एक जनपद एक उत्पाद को बढ़ावा देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसका ताजा उदाहरण जर्मनी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के उत्पादों को आठ रास्ता अध्यक्षों को सौंपा जाना बताया गया है।

## सम्पत्ति मूल्यांकन पुनरीक्षण प्रस्तावित, 25 जुलाई तक दे सकते हैं आपत्ति व सुझाव

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद कासगंज में सम्पत्ति मूल्यांकन पुनरीक्षण प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित मूल्यांकन पुनरीक्षण की प्रतियां सम्बंधित उपनिबंधक कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय कासगंज तथा अपर जिलाधिकारी कार्यालय में निरीक्षण हेतु 25 जुलाई 2022 तक जनसामान्य के निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। कोई भी व्यक्ति उक्त प्रतियों का निरीक्षण किसी भी कार्यालय दिवस में कर सकता है और अपनी आपत्ति एवं सुझाव दे सकता है। निर्धारित अवधि के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। समस्त उपनिबंधक क्षेत्रों की प्रस्तावित दर मूल्यांकन सूची पर 19 जुलाई से 25 जुलाई 2022 की सांय 5 बजे तक प्राप्त आपत्ति एवं सुझाव का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार 26 जुलाई 2022 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। आपत्ति एवं सुझाव के निस्तारण के समय आपत्तिकर्ता स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। प्रस्तावित दर मूल्यांकन सूची को 01 अगस्त 2022 से लागू किया जाना प्रस्तावित है।

# जल ही जीवन है, इसका संरक्षण करें-मुख्य विकास अधिकारी

पहल टुडे



कासगंज। मुख्य विकास अधिकारी श्री सचिन ने विकास भवन सभागार में भूजल सप्ताह के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा कि मानव जीवन के संरक्षण के लिये जल के महत्व को समझें और इसका पूर्ण सदुपयोग करें। भूजल सप्ताह मनाने का उद्देश्य जनसामान्य में जल के अंधाधुंध दुरूपयोग को रोकने के लिये जनजागरूकता बढ़ाना है। भूगर्भ जल के अनावश्यक दोहन एवं दुरूपयोग करने पर दण्ड का भी प्राविधान है। निरंतर गिरते भूजल स्तर तथा भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिये भूजल के संरक्षण, प्रबंधन एवं विवेकयुक्त उपयोग पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। सरकार द्वारा निर्धारित मुख्य विचार जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है, पर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर उन्हें जल के महत्व को समझाना है। जिला विकास अधिकारी संजय कुमार ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा कि पानी अमूल्य है। बूंद बूंद से घड़ा भरता है। पानी की छोटी छोटी बचत का बहुत महत्व है। पेयजल को बेकार न बहने दें, इसके लिये स्वयं के साथ ही सामाजिक मानसिकता बदलने का प्रयास करें। समरसेबिल पम्पों से काफी पानी बर्बाद किया जाता है। इसे रोका जा सकता है। लोगों को जागरूक करें। जिला स्तरीय गोष्ठी में डीएफओ, डीपीआरओ, अधिशाषी अभियंता जलनिगम, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भी निरंतर गिरते भूजल स्तर तथा उस आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुये जन सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबंधन, विवेकयुक्त उपयोग, वर्षा जल को संरक्षित करने तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया गया। गोष्ठी में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, कृषि, बेसिक/माध्य0शिक्षा, सिंचाई, उद्यान, भूमि संरक्षण सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य निर्मला दीक्षित ने की महिला जनसुनवाई

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण**

पहल टुडे



कासगंज। राज्य महिला आयोग उ0प्र0 की सदस्या श्रीमती निर्मला दीक्षित ने सोरों स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं के दुखदर्द और उनकी समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुनकर इनके शीघ्र निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिये। श्रीमती दीक्षित के समक्ष 13 महिलाओं ने घरेलू हिंसा, आपसी विवाद, उत्पीड़न, मारपीट, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज प्रथा, गुजारा भत्ता, जमीनी विवाद आदि से सम्बंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये। श्रीमती दीक्षिति ने कहा कि राज्य महिला आयोग का कार्य मात्र महिला उत्पीड़न की शिकायतों को सुनना ही नहीं है, बल्कि महिलाओं को सशक्त करना है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। सरकार की मंशा है कि महिलायें स्वस्थ, सशक्त, शिक्षित, सुरक्षित, स्वावलंबी तथा आत्म निर्भर बनें तथा अपने अधिकारों को पहचानें। महिलाओं को पूर्ण सम्मान, सुरक्षा और त्वरित न्याय मिले। जिसके लिये केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनायें संचालित की जा रही हैं।

# स्कूली बच्चो को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर फिसली बाइक

**बाइक सवार दंपति गम्भीर घायल, महिला की मौत**

पहल टुडे

कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र में चांडी रोड पर स्कूली बच्चों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बाइक फिसल गई। जिससे बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल पति को उपचार जारी है। पुलिस ने परिजनों को अवगत कराते हुए शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की है।

सड़क दुर्घटना का शिकार हाथरस जनपद के थाना सिकन्दराराऊ के गांव नरहरपुर दोस्तपुर निवासी 43 वर्षीय गजेंद्र सिंह पुत्र चरन सिंह व उनकी पत्नी नीलम हुईं। बताया जा रहा है कि दोनों लोग बाइक पर सवार होकर सहावर के खोजपुर गांव जा रहे थे। चांडी रोड से गुजरते समय नगला चीटा के समीप स्कूली बच्चे आ गए, जिन्हें बचाने के प्रयास में तेज गति होने की वजह से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे दंपति सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य लोग भी आ गए, महिला को मृत देख परिजनों में कोहराम मच गया।

## जिलाधिकारी ने बच्चों को कृमि रोग से बचाने के लिये खिलाई एल्वेंडाजोल की गोली

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड सोरों के प्राथमिक विद्यालय ग्राम प्रह्लादपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। बच्चों को कृमि रोग से बचाने के लिये एल्वेंडाजोल की गोली अपने हाथों से खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक फलों से भरी टोकरी देकर उनकी गोद भराई की तथा शिशुओं को अन्न प्राशन भी कराया। सीएमओ डा0 ए0के0 प्रसाद ने बताया कि बच्चों को कृमि रोग से सुरक्षित रखने के लिये जनपद के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित 01 से 19 वर्ष तक के कुल 07 लाख, 16 हजार, 817 बच्चों को एल्वेंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी। जिसकी सघन मॉनीटरिंग कराई जायेगी।

**- मिलेट दिवस पर बोले प्रदेश के कृषि मंत्री**

# प्राकृतिक खेती में कदन्न फसलों व प्राकृतिक उत्पाद का हब बनाने की आवश्यकताः सूर्यप्रताप शाही

पहल टुडे



बांदा। गौ आधारित खेती को बढ़ावा देना समय की मांग है। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश व विश्व के जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आज का बच्चा कुपोषित पैदा हो रहा है और कई बीमारियों से जूझ रहा है। भोजन में पोषण की कमी से यह स्थिति पैदा हुयी। कदन्न फसलों के उपयोग से हम सभी व आने वाली पीढ़ी कुपोषण से प्रभावित नहीं होंगी। हरित क्रान्ति समय की मांग थी परन्तु कदन्न फसलें हमारी थाली से गायब हो गयीं। देष में खेती योग्य भूमि की उत्पादकता घट रही है इसे प्राकृतिक रूप से उत्पादक बनाना आवष्यक है। देष के यषस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयास से वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। आपके प्रयास से ही 72 देषों ने मिलेट फसलों के उत्पादन का संकल्प लिया है। यह हमारे लिये ही नहीं बल्कि समस्त देषवासियों के लिये गौरव का विषय है। बुन्देलखण्ड के किसान भाईयों को इस बात के लिये जागरूक होना पड़ेगा कि कम लागत, कम पानी एवं कम संसाधन में ज्यादा फायदा मिलेट फसल ही दे सकती है। कठिया गेहूं की तरह मिलेट की फसलें बुन्देलखण्ड की पहचान बनें। यह उद्बोदन बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा व उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम मिलेट दिवस-2022 के अवसर पर मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ.प्र., श्री सूर्य प्रताप शाही जी ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

माननीय मंत्री जी ने इस बड़े आयोजन के लिये विष्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एन0 पी0 सिंह का बहुत ही आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही यह भी कहा कि हमारी जिम्मेदारी यहीं पूर्ण नहीं होती, विष्वविद्यालय अपने प्रक्षेत्र पर एक ऐसा स्थान निर्धारित करे जिसमें सभी मिलेट फसलों को प्रदर्षित कर सके। विष्वविद्यालय के वैज्ञानिक हैदराबाद से बीज मंगाकर कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों तक बीज उपलब्ध करायें। बुन्देलखण्ड में दलहन तिलहन के साथ-साथ मिलेट फसलों की सम्भावनायें अपार हैं। इन फसलों के प्रसंस्करण में रोजगार की अपार संभावनायें है।

# बाल अपराधों की करें रोकथामः एसपी



**- एसपी ने महकमे के अधिकारियों को दिए निर्देश**

पहल टुडे

बांदा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक बांदा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के तत्वाधान में बाल अपराधों की रोकथाम के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि के संबंध में एसपी ने महकमे के अधिकारियों के आवश्यक दिशा निर्दश दिए। इस मौके पर मासिक समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा व क्षेत्राधिकारीगण एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी वन स्टाप सेंटर, जनसाहस संस्था, विधिसह परिवीक्षा अधिकारी तथा समस्त बाल कल्याण अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

एसपी अभिनंदन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार बांदा में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक की गयी जिसमें बालश्रम पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, बाल विवाह पर रोक लगाये जाने तथा किशोर न्याय संरक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये